ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 27 मई 2024
वर्ष 2, अंक 276, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर नगर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

युवाओं को देंगे अनिवार्य राष्ट्रीय सेवा 16

मनोरंजन से भरपूर होगी मिस्टर एंड मिसेज माही 15

हाईकोर्ट ने पूछा : बताएं, किस कानून के तहत चलाया जा रहा था गेम जोन

अहमदाबाद, एजेंसी

- हाईकोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान अधिकारियों से मांगी रिपोर्ट

गुजरात हाईकोर्ट की विशेष पीठ ने रविवार को राजकोट के गेम जोन में आग लगने की घटना का स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे प्रथम दृष्टया मानव निर्मित आपदा बताया है। इस हादसे में 27 लोगों की मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति बीरेन वैष्णव और न्यायमूर्ति देवन देसाई की खंडपीठ ने कहा कि ऐसे गेमिंग जोन और मनोरंजक सुविधाएं सक्षम अधिकारियों से आवश्यक मंजूरी के बिना बनाए गए हैं। पीठ ने अहमदाबाद, वडोदरा, सूरत और राजकोट नगर निगमों के अधिवक्ताओं को निर्देश दिया कि वे सोमवार को इस निर्देश के साथ उपस्थित हों कि कानून के किन प्रावधानों के तहत अधिकारियों ने इन इकाइयों को अपने अधिकार क्षेत्र में स्थापित किया या संचालित करना जारी रखा।

राजकोट में शनिवार शाम लगी भीषण आग में 27 लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें 12 साल से कम उम्र के चार बच्चे भी शामिल थे। इस हादसे में तीन लोग घायल हो गए। ये सभी यहां गेम जोन में गर्मियों की छुट्टियों का आनंद ले रहे थे।

शवों की पहचान को लिए डीएनए नमूने

राजकोट। गुजरात के राजकोट में गेम जोन हादसा मामले में एसआईटी ने रविवार तड़के स्थानीय प्रशासन के साथ बैठक की। अधिकारियों ने बताया कि जले हुए शवों की पहचान के लिए लोगों के परिजनों के डीएनए के नमूने एकत्र किए गए हैं। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने घटनास्थल और एक अस्पताल का दौरा किया जहां घायलों को भर्ती कराया गया है। गेम जोन के मालिक और प्रबंधक को गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच के लिए एसआईटी शनिवार राजकोट पहुंची।

कोलकाता नाइट राइडर्स बना आईपीएल-2024 का चैंपियन

चेन्नई, एजेंसी

- 52 रनों की नाबाद पारी खेलकर वेंकटेश ने दिलाई आसान जीत
- 3 विकेट चटकाकर आंद्रे रसल ने तोड़ी सनराइजर्स की कमर

आंद्रे रसल और स्टार्क के शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद वेंकटेश अय्यर नाबाद 52 और रहमानउल्लाह गुरबाज 39 रनों की तूफानी पारियों के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने रविवार को एकतरफा अंदाज में सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर 10 साल के इंतजार के बाद एक बार फिर ट्रॉफी पर कब्जा कर आईपीएल 2024 सत्र का चैंपियन बन गया। कोलकाता चार बार फाइनल में पहुंची है और तीन बार उन्हें जीत हासिल हुई है। 114 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर की शुरुआत अच्छी नहीं रही और दूसरे ही ओवर में नारायण (6) रन बनाकर पवेलियन लौट गए। उसके बाद वेंकटेश ने नाबाद 52 रनों की पारी खेली। वहीं रहमानउल्लाह गुरबाज 39 रन बनाकर आउट हुए। कोलकाता ने 10.3 ओवर में दो विकेट पर 114 रन बनाकर खिताबी मुकाबला जीत लिया। इस जीत में गेंदबाज आंद्रे रसल को तीन विकेट मिले। मिचेल स्टार्क और हर्षित राणा ने दो-दो विकेट लिए। वैभव अरोड़ा , सुनील नारायण और वरूण चक्रवर्ती ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

पढ़ते रहिये... अमृत विचार
समर ऑफर मात्र ₹4 में प्रतिदिन
यह ऑफर केवल कानपुर के पाठकों के लिए
फोन: 0512- 2548300

एक नजर

बीएसएफ ने ड्रोन व 11 किलो हेरोइन पकड़ा

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सीमा पार से संचालित नार्को-सिंडिकेट्स को ध्वस्त करते हुए पंजाब के गुरदासपुर और अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्रों से एक ड्रोन और 11 किग्रा हेरोइन बरामद किया। शनिवार रात को बीएसएफ जवानों ने गुरदासपुर के सीमावर्ती क्षेत्र में एक ड्रोन की गतिविधि पर नज़र रखी और संदिग्ध स्थानों पर जवानों को तैनात किया।

मणिपुर में बांध के पास मिले तीन आईईडी

इंफाल। मणिपुर में सेना ने रविवार को इंफाल पूर्वी जिले के मफौ बांध के पास तीन इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस को सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर एक बड़ी घटना को टाल दिया। सेना के प्रवक्ता ने कहा कि माफौ बांध के पास नोंगडैम तांगखुल और एतम तांगखुल गांवों को जोड़ने वाली सड़क पर ये आईईडी बरामद किए गए।

सपा सरकार में लोग डर से कांपते थे, अब थर-थर कांपता है माफिया

मिर्जापुर में बोले प्रधानमंत्री, योगी माफिया की गर्मी उतारने में एक्सपर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ एजेंसी

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार माफिया की सफाई अभियान को बड़ी बहादुरी के साथ पूरा कर रही है। योगी माफिया की गर्मी उतारने में एक्सपर्ट हैं। कहा कि सपा सरकार में जनता थर-थर कांपती थी, मगर भाजपा सरकार में माफिया थर-थर कांप रहे हैं। मोदी रविवार को मिर्जापुर जिले के मझवां में मिर्जापुर लोकसभा सीट से अपना दल की प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल, रॉबर्ट्सगंज से प्रत्याशी रिंकी कोल और दुद्धी (सोनभद्र) विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशी श्रवण कुमार गौड़ के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन घोर साम्प्रदायिक, घोर जातिवादी और घोर पारिवारवादी है। ये लोग धार्मिक आधार पर आरक्षण लागू करके बाबा साहब की पीठ में छुरा भोंकना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता के एक-एक वोट की ताकत से जहां एक तरफ अयोध्या में श्रीराम मंदिर बना है तो वहीं दूसरी ओर मां विंध्यवासिनी का नव्य-भव्य धाम भी तेजी से बन रहा है।

मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन वालों को देश अच्छी तरह से जान गया है। सपा ने अपने परिवार के अलावा किसी अन्य यादव को टिकट नहीं दिया। कहा कि कानून व्यवस्था और सपा का छत्तीस का आंकड़ा रहा है। जीवन और जमीन कब छिन जाए कोई नहीं जानता था। सपा में माफिया को भी वोट बैंक के हिसाब से देखा जाता था। मगर, अब ऐसा नहीं है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अब इनके निशाने पर हमारे देश का पवित्र संविधान है। ये दलित, पिछड़ों और आदिवासियों का हक लूटना चाहते हैं। संविधान साफ-साफ कहता है कि धर्म के आधार पर आरक्षण हो ही नहीं सकता। 2012 में उप्र. विधानसभा चुनाव के समय जनवरी में सपा ने अपना घोषणापत्र जारी किया था। तब उसमें कहा था कि जैसे दलितों, पिछड़ों को आरक्षण मिला है वैसे ही मुसलमानों को आरक्षण दिया जाएगा। यहां मुख्यमंत्री योगी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, संजीव गौड़, सांसद पकौड़ी लाल कोल, राज्यसभा सांसद राम सकल सहित अन्य मौजूद रहे।

- मोदी ने कहा-सपा का कानून व्यवस्था से छत्तीस का आंकड़ा

हम घर का मिस्त्री नहीं बदलते ये पीएम बदलेंगे

प्रधानमंत्री ने कहा हम जब अपना घर बनाते हैं तो हर महीने नया मिस्त्री नहीं लगाते। इंडी गठबंधन कह रहा है कि पांच साल में पांच प्रधानमंत्री होंगे। जब हम एक घर बनाने के लिए पांच बार मिस्त्री नहीं बदलते तो पांच प्रधानमंत्री कैसे रखेंगे। कोई प्रधानमंत्री अपनी कुर्सी बचाने में ही लगा रहेगा तो वो देश को मजबूत कैसे बनाएगा, इसलिए मजबूत देश के लिए प्रधानमंत्री भी मजबूत होना चाहिए।

मेरा बचपन कप-प्लेट धोते धोते बीता

अपना दल के चुनाव चिह्न कप-प्लेट की ओर इशारा करते हुए मोदी ने मिर्जापुर की उम्मीदवार अनुप्रिया पटेल और राबर्ट्सगंज से प्रत्याशी रिंकी कोल की सराहना करते हुए कहा, मैं बचपन में कप प्लेट धोते-धोते बड़ा हुआ हूं। चाय पिलाते-पिलाते बड़ा हुआ हूं। उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रहे कि आप सिर्फ एमपी नहीं, पीएम भी चुन रहे हैं।

पूर्वी दिल्ली के बच्चा अस्पताल में लगी आग, सात शिशुओं की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

- ऑक्सीजन सिलेंडर में ब्लास्ट के बाद लगी आग, जांच के आदेश
- आसपास की कई इमारतें, वाहन और एम्बुलेंस हुई क्षतिग्रस्त

पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में बच्चों के एक अस्पताल में आग लगने से सात नवजात शिशुओं की मौत हो गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने रविवार को बताया कि 'बेबी केयर न्यू बॉर्न' अस्पताल में शनिवार रात करीब 11:30 बजे आग लग गई और जल्द ही यह दो अन्य इमारतों में भी फैल गई। संभागीय अग्निशमन अधिकारी राजेंद्र अटवाल ने कहा कि दो मंजिला इमारत में रखे ऑक्सीजन सिलेंडर में विस्फोट हुआ, जिससे आसपास की इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं।

घटना में दो बुटीक, बगल की इमारत में संचालित इंडसइंड बैंक का एक हिस्सा और भूतल पर स्थित एक दुकान भी क्षतिग्रस्त हो गई। इमारत के बाहर खड़ी एक एम्बुलेंस और एक स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हुई है।

डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि 12 नवजात शिशुओं को अस्पताल से निकाला गया लेकिन उनमें से सात की मौत हो गई। पांच शिशुओं का एक अन्य अस्पताल में इलाज किया जा रहा है और उनमें से कुछ मामूली रूप से झुलसे हैं। पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि अस्पताल के मालिक नवीन किची के खिलाफ विवेक विहार पुलिस थाने में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को अस्पताल में आग लगने की घटना की जांच के निर्देश दिए हैं। रविवार को एक्स पर शोकसंतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा है कि घटना के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

घटनास्थल की जांच के लिए पहुंची पुलिस, एकत्र किए नमूने। ● एजेंसी

इमारत में आग लगने से तीन लोगों की मौत

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के कृष्णा नगर इलाके में शनिवार देर रात चार मंजिला आवासीय इमारत में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने रविवार को बताया कि 66 वर्षीय परमिला शाद नाम की महिला का जला हुआ शव इमारत की पहली मंजिल पर मिला। 18 वर्षीय केशव शर्मा एवं 34 वर्षीय अंजू शर्मा की अस्पताल में मौत हो गई। आग से पार्किंग में खड़े 11 दोपहिया वाहन भी राख हो गए।

माफिया की नई श्रेणी में पशु और शिक्षा माफिया

विनय सिंह, लखनऊ

- शिक्षा माफिया अभी एक, पशु माफिया में 30 नाम
- पहले खनन, शराब व भूमाफिया की बनती थी श्रेणी

अमृत विचार : उप्र. पुलिस ने माफिया को चिन्हित करने की कड़ी में दो अन्य तरह के माफिया के लिए अलग से श्रेणी बनाई है। ये दो नई श्रेणियां हैं, शिक्षा माफिया और पशु माफिया। अब पशु और शिक्षा के क्षेत्र में गैरकानूनी कार्य करने वालों को सामान्य माफिया की श्रेणी में न रखकर अलग से बनाई गई श्रेणी में रखा गया है। लखनऊ जोन के दोनों परिक्षेत्रों को मिलाकर शिक्षा माफिया की श्रेणी में अभी एक ही नाम दर्ज हुआ है। जबकि पशु माफिया 30 की संख्या में हैं।

राज्य सरकार माफिया उन्मूलन को लेकर सख्त कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने लखनऊ जोन के घोषित पांच माफिया का तंत्र ध्वस्त कर दिया है। पुलिस खनन, शराब और जमीनों को लेकर गैरकानूनी कार्य करने वालों पर भी कार्रवाई कर रही है। खनन, शराब और जमीनों से जुड़े मामलों में माफिया को पुलिस पहले भी चिन्हित करके कार्रवाई करती रही है, लेकिन परीक्षाओं आदि में पेपर लीक कराने, परीक्षा सेंटर आवंटित कराने वाले व सामूहिक नकल कराने वाले माफिया और प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी आदि करने वाले माफिया की अलग से श्रेणी नहीं बनी थी।

सर्वाधिक पशु-शराब माफिया बाराबंकी में

लखनऊ जोन में सर्वाधिक पशु माफिया बाराबंकी में हैं। यहां 10 पशु माफिया घोषित हैं। इस जिले में सर्वाधिक 11 शराब माफिया भी सक्रिय हैं। अमेठी में खनन, पशु, जमीन और शिक्षा की श्रेणी में एक भी माफिया नहीं है।

जोन में किस श्रेणी के कितने माफिया हैं

लखनऊ जोन के माफिया की सूची में खनन माफिया की संख्या दो है। जबकि शराब माफिया की संख्या 45 है। भू-माफिया की संख्या 10 और पशु माफिया की संख्या 30 है। अन्य तरह के कुल 49 माफिया भी सूची में दर्ज हैं।

शिक्षा माफिया की श्रेणी में अभी एक ही नाम

पुलिस ने शिक्षा माफिया की श्रेणी बनाने के बाद नाम भी दर्ज करना शुरू कर दिया है। अभी इस श्रेणी में केवल एक ही नाम दर्ज है। अंबेडकरनगर जिले के लखमीपुर थाना आलापुर निवासी मनोज गोस्वामी को लखनऊ जोन में घोषित शिक्षा माफिया की श्रेणी में रखा गया है। मनोज पर जिले के आलापुर और टांडा थाने में छह मामले दर्ज हैं। यहीं से गैंगेस्टर लगाया गया है। इसके अलावा आजमगढ़ के मुबारकपुर में भी कई मुकदमे दर्ज हैं।

अवैध खनन के विरोध पर मंत्री के पति को जान से मारने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला के पति अनिल शुक्ला वारसी का मामला
- खनन करा रही कंपनी के प्रबंधक निदेशक के खिलाफ एफआईआर

अमृत विचार : अवैध मिट्टी खनन का विरोध करने पर खनन करवा रही कंपनी के प्रबंध निदेशक ने राज्यमंत्री के पति पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी को जान से मारने की धमकी दी और अपशब्द कहे। वारसी की तहरीर पर पुलिस ने रविवार को आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू की है।

उत्तर प्रदेश सरकार में महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला के पति पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि अकबरपुर-रनियां विधानसभा क्षेत्र में मिट्टी चोरी व अवैध खनन का कार्य राज कारपोरेशन लिमिटेड (आरसीएल कंपाउंड स्टेशन रोड मैनपुरी) कर रही है। जिससे सड़कें बदहाल हो रही हैं। इसकी शिकायत राज्यमंत्री ने कोतवाली शिवली, एसपी, डीएम व आयुक्त कानपुर मंडल से की थी। पूर्व सांसद ने बताया कि 25 मई की दोपहर कंपनी के प्रबंध निदेशक मनोज यादव ने उन्हें फोन किया और धमकी देने लगे। जिसका विरोध करते हुए उन्होंने कहा कि गरीब किसानों की जमीन पर बिना सहमति रात में मिट्टी खुदाई की जा रही है। ओवरलोड खनन वाहनों ने सड़कें भी खराब हो रही हैं। वारसी का आरोप है कि उक्त बात कहने पर प्रबंधक निदेशक ने भड़कते हुए उन्हें अपशब्द कहे और धमकी दी। पूर्व सांसद ने आरोपी से स्वयं व परिवार को खतरा बताया है। इस संबंध में शिवली कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया कि पूर्व सांसद की तहरीर पर कंपनी के प्रबंधक निदेशक के खिलाफ धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। छानबीन की जा रही है।

अंतर्राष्ट्रीय फर्जी कॉल पर लगाएं प्रतिबंध

- सरकार ने दूरसंचार कंपनियों को दिए निर्देश

नई दिल्ली। सरकार ने दूरसंचार कंपनियों को भारतीय मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने वाली सभी इनकमिंग अंतर्राष्ट्रीय फर्जी कॉल को प्रतिबंधित करने का निर्देश दिया है। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने रविवार को जारी बयान में कहा कि यह बताया गया है कि जालसाज भारतीय नागरिकों को भारतीय मोबाइल नंबर दिखाकर अंतर्राष्ट्रीय फर्जी कॉल कर रहे हैं और साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी कर रहे हैं। बयान के अनुसार, प्रतीत होता है कि ऐसी कॉलें भारत के भीतर से उत्पन्न हो रही हैं।

मोदी के अगले कार्यकाल में लागू होगा यूसीसी : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी

- एक राष्ट्र-एक चुनाव को भी लागू करेगी अगली मोदी सरकार

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भाजपा के सत्ता में आने पर सभी पक्षों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद अगले पांच वर्ष के भीतर पूरे देश के लिए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी। शाह ने एक न्यूज एजेंसी से साक्षात्कार में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अगली सरकार अपने अगले कार्यकाल में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को लागू करेगी क्योंकि देश में एक साथ चुनाव कराने का समय आ गया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि एक साथ चुनाव कराने से खर्च भी कम होगा। चुनाव को सर्दियों या साल के किसी अन्य समय में आयोजित करने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर शाह ने कहा कि इस पर विचार किया जा सकता है। यदि हम कोई एक चुनाव प्रीपोन (निर्धारित समय से पूर्व) कराते हैं तो यह किया जा सकता है। यह किया भी जाना चाहिए। यह छात्रों की छुट्टी का समय भी होता है। यह बहुत सारी समस्याएं भी पैदा करता है।

सेना प्रमुख जनरल पांडे का कार्यकाल एक माह बढ़ा

नई दिल्ली। सरकार ने एक महत्त्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे का कार्यकाल एक महीने बढ़ा दिया है। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि जनरल पांडे 31 मई को सेवानिवृत होने वाले थे लेकिन अब वह 30 जून को सेवानिवृत्त होंगे। कहा गया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति मामलों की समिति ने सेना नियमों 1954 के नियम 16ए (4) के तहत यह निर्णय लिया है। जनरल पांडे को दिसंबर 1982 में सेना की इंजीनियर कोर में कमीशन मिला था।

चक्रवात रेमल : प्रधानमंत्री ने की तैयारियों की समीक्षा , एक लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित जगह पहुंचाया गया

प. बंगाल तट की तरफ बढ़ रहा चक्रवाती तूफान रेमल

कोलकाता/ नई दिल्ली, एजेंसी

दक्षिण 24 परगना में लोगों को सतर्क करते एनडीआरएफकर्मी। एजेंसी

चक्रवाती तूफान 'रेमल' के और तीव्र होने तथा रविवार आधी रात तक बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल के तटों पर दस्तक देने की संभावना के मद्देनजर बंगाल के संवेदनशील क्षेत्रों से एक लाख से अधिक लोगों को निकालकर सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचाया गया है। बंगाल के तटीय इलाकों को हाई अलर्ट पर रखा गया है, क्योंकि तेज गति वाली हवाओं के साथ बढ़ रहे चक्रवात के कारण राज्य के कई हिस्सों में पहले से ही बारिश हो चुकी है। इस बीच रेमल से निपटने को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक हुई जिसमें अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 'रेमल' शाम छह बजे सागर द्वीप से 160 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व में केंद्रित था। अधिकारियों ने कहा कि चक्रवाती तूफान की गति 100-110 किमी प्रति घंटा है, जो 120 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। इसके रविवार आधी रात तक पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप समूह और बांग्लादेश के मोंगला बंदरगाह के पास खेपुपारा के बीच तट पर दस्तक देने की संभावना है। अपराह्न तीन बजे तक पश्चिम बंगाल सरकार ने तटीय और संवेदनशील क्षेत्रों से लगभग 1.10 लाख लोगों को निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को चक्रवाती तूफान 'रेमल' से निपटने के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की।

त्रिपुरा के चार जिलों में जारी किया गया रेड अलर्ट

अगरतला। त्रिपुरा सरकार ने रविवार को चार जिलों-दक्षिण, धलाई, खोवाई और पश्चिम में रेड अलर्ट जारी किया। इन जिलों में बिजली चमकने के साथ तूफान आने, 60 से 70 किमी प्रति घंटे की गति से हवाएं चलने और बहुत भारी बारिश होने की आशंका है ।

ओडिशा के 4 जिलों में बारिश की चेतावनी

भुवनेश्वर। चक्रवाती तूफान 'रेमल' के तेज गति से तट की तरफ बढ़ने के मद्देनजर मौसम विभाग ने ओडिशा के चार जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। चक्रवात के प्रभाव से भद्रक, बालासोर, केंद्रपाड़ा और मयूरभंज जिलों में सात से 11 सेंटीमीटर तक भारी बारिश का अनुमान है।

सम्मेलनों में व्यापारियों ने लिया एकजुटता का संकल्प

कानपुर। व्यापारियों ने रविवार को प्रेरणा, संकल्प व शहीद दिवस को मनाते हुए विभिन्न सम्मेलन आयोजित किए। इस दौरान व्यापारियों ने एकजुटता का संकल्प लिया। अलग-अलग व्यापारिक संगठनों के सम्मेलनों में बुजुर्ग कारोबारियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रमों में युवाओं को बुजुर्ग कारोबारियों की ओर से मेहनत करने का गुरु मंत्र दिया गया।

- व्यापार मंडलों ने बुजुर्ग कारोबारियों का किया सम्मान
- समारोह में युवा कारोबारियों को दिया गया श्रम का मंत्र

किदवईनगर में व्यापारियों का सम्मान किया गया। अमृत विचार

श्याम बिहारी गुट ने भी समारोह आयोजित किया। अमृत विचार

प्रेरणा दिवस पर व्यापारी सम्मानित हुए। अमृत विचार

कॉमर्शियल काम्प्लेक्स के प्रस्ताव का विरोध

कानपुर। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की ओर से किदवई नगर में संकल्प दिवस व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कारोबारियों ने कॉमर्शियल काम्प्लेक्स के प्रस्ताव का विरोध किया। मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र व महानगर अध्यक्ष गुरुज़िन्दर सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने वरिष्ठ व्यापारियों को पगड़ी, शॉल व मोती की माला पहनाकर सम्मानित किया। व्यापारी नेता हरिश्चन्द्र अग्रवाल की पुण्यतिथि पर हुए आयोजन को संकल्प दिवस के रूप में मनाया। जयराम दास आहूजा, मार्बल मार्केट व्यापारी एसो के अध्यक्ष अशोक केसरवानी, दयानन्द अग्रवाल, रज्जन जायसवाल और विनोद शुक्ला गुड्डू को सम्मानित किया गया। अशोक शुक्ला, राजेश आहूजा, श्याम शुक्ला, गुलशन आनंद आदि रहे।

पांच वरिष्ठ व्यापारियों का हुआ सम्मान

कानपुर। कानपुर उद्योग व्यापार मंडल 'श्याम बिहारी गुट' की ओर से रविवार को शहीद व समर्पण दिवस पर पांच वरिष्ठ व्यापारियों को सम्मानित किया गया। होटल महादेवा रिजेंसी में हुए सम्मान समारोह में रामेश्वर गुप्ता, गोपी ओमर, मंसूर अली, सुनील खन्ना व विश्वनाथ अरोड़ा को प्रशस्तिपत्र, शॉल व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने शहीद हुए व्यापारियों के बारे में बताया। संचालन महामंत्री कृपा शंकर त्रिवेदी ने किया। इस दौरान विजय पांडे, राजेंद्र शुक्ला, धीरेंद्र गुप्ता, गीता गुप्ता, सतीश गुप्ता, राकेश पांडे, विराट गुप्ता, विनय अरोड़ा राकेश सिंह, सुशील गुप्ता सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

छह वरिष्ठ व्यापारी सम्मानित किए गए

कानपुर। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का प्रेरणा दिवस रविवार को फजलगंज स्थित नमन गेस्ट हाउस में मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान 6 वरिष्ठ व्यापारियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले वरिष्ठ व्यापारियों में नरेंद्र कुमार मित्तल, श्याम मनोहर शुक्ला, गोपी बाजपेई, रमेश कुमार चुग, भारत टंडन व अजय कालरा को पगड़ी, शॉल व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी ने की। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री अतुल द्विवेदी ने किया। इस दौरान व्यापारी नवीन शर्मा, असद इमरान, उपाध्यक्ष आशू शर्मा, आरके सफ्फड़, प्रेम मनोहर गुप्ता, अभिषेक द्विवेदी, जलज द्विवेदी, अमित गुलाटी, वैभव अरोड़ा, यशपाल भाटिया, नितेश अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

दिल्ली से लापता इवेंट मैनेजर का शव मिला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बैग में 24,500 रुपये, पैन और आधार कार्ड मिला, मौत की वजह स्पष्ट नहीं
- 21 मई से परिजन कर रहे थे तलाश, सेंट्रल स्टेशन पहुंचे बेटे ने की शिनाख्त

अमृत विचार। पांच दिन से लापता दिल्ली के इवेंट मैनेजर का शव रविवार को सेंट्रल स्टेशन पर मिला। प्लेटफार्म नौ पर आउटर की तरफ शव के समीप ही पड़े बैग में मिले कागजात के आधार पर परिजनों को सूचना दी गई। सेंट्रल स्टेशन पहुंचे बेटे ने शव की शिनाख्त की।

नार्थ वेस्ट दिल्ली के मॉडल टाउन थानाक्षेत्र निवासी गोपालदास बिनानी (65) 21 मई को लापता हुए थे। उनके बेटे नीरज ने बताया कि पिता कारपोरेट इवेंट मैनेजर थे। 21 मई की रात को जब पिता वापस घर नहीं लौटे तो उनकी तलाश शुरू की गई। तब से लगातार उनकी खोजबीन की जा रही थी। रविवार सुबह जीआरपी से फोन आया तब कानपुर के लिए रवाना हुए। नीरज ने बताया कि पिता कैसे लापता हुए, यह बताना मुश्किल है। उन्होंने किसी से रंजिश होने से इंनकार किया है। जीआरपी प्रभारी अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि बैग में 24,500 रुपये, पैन व आधार कार्ड, मोबाइल मिला है। शरीर पर कोई गहरा जख्म आदि भी नहीं है। गोपालदास सेंट्रल स्टेशन कैसे पहुंचे और मौत कैसे हुई। इस संबंध में जांच की जा रही है।

स्टेशन के बाहर मृत पड़ा मिला ई-रिक्शा चालक

कानपुर। रेलबाजार थानाक्षेत्र में शुक्रवार रात ई-रिक्शा चालक स्टेशन के बाहर मृत पड़ा मिला। पुलिस ने शव के पास मिले कागजात से शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। प्रयागराज, खुल्दाबाद निवासी गुड्डू ने बताया कि उसका बड़ा भाई पप्पू साहू (40) बीते कई वर्षों से शहर में रह कर ई-रिक्शा चलाता था। वह कैंसर की बीमारी से ग्रसित था। शनिवार शाम सिटी साइड स्टेशन के साइड उनकी मौत हो गई। रेलबाजार पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भिजवाया।

गंगा में डूबे युवकों का बैग जंगल में जलाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भाजपा नेता ने बेटे के दोस्त पर लगाया हत्या का आरोप
- सीसीटीवी कैमरे में मृतक का बैग ले जाती युवती हुई कैद

अमृत विचार। सिविल लाइंस स्थित बाबा घाट में गंगा में डूबे तीन युवकों के मामले में रविवार को नया मोड़ सामने आया। मृतक कैंट निवासी प्रखर तिवारी के पिता भाजपा नेता सुमित तिवारी ने बेटे के दोस्त राजवीर सिंह पर षडयंत्र कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। परिजनों ने पुलिस को एक सीसीटीवी फुटेज भी सौंपी है, जिसमें एक युवती प्रखर का बैग लेकर जाती हुई दिख रही है। पुलिस ने राजवीर की निशानदेही पर मैस्कर घाट के जंगल से तीनों युवकों के मोबाइल फोन व जला हुआ बैग बरामद किया। रात में सैकड़ों भाजपाई कोतवाली पहुंच गए और हंगामा किया।

कैंट निवासी पूर्व सभासद प्रस्तावना तिवारी व उनके पति भाजपा नेता सुमित तिवारी का 19 वर्षीय बेटा प्रखर उर्फ प्रेम अपने दोस्त आदर्श सिंह उर्फ रौनक, सुतरखाना निवासी आयुष्मान दुबे व राजवीर सिंह उर्फ आयुष के साथ बीते शुक्रवार को फूलबाग स्थितंतरणताल में नहाने की बात कह कर घर से निकले थे। तरणताल बंद होने के कारण चारो दोस्त बाबा घाट गंगा नहाने चले गए थे।

नहाने के दौरान प्रखर, आदर्श, व आयुष्मान गंगा में डूब गए थे। घटना से दहशतजदा चौथा साथी राजवीर मौके से फरार हो गया था।

रविवार को मृतक प्रखर के पिता सुमित तिवारी ने बाबा घाट की दो सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंपते हुए राजवीर पर हत्या का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने सीसीटीवी की जांच की जिसमें चारों दोस्त घाट जाते दिख रहे है। वहीं दूसरे सीसीटीवी फुटेज में एक युवती प्रखर का बैग लेकर जाते हुए दिख रही है, जिसमें पीछे से राजवीर जाता दिखाई पड़ रहा है। पुलिस ने राजवीर से पूछताछ कि तो पता चला कि उसने दहशत में मेस्कर घाट के जंगलों में मृतक साथियों का मोबाइल फेंक दिया था और बैग जंगल में जला दिया था। पुलिस ने राजवीर की निशानदेही पर मोबाइल बरामद किए। डीसीपी पूर्वी ने बताया कि राजवीर चारों दोस्तों में सबसे कम उम्र का है। पूछताछ में राजवीर ने बताया कि चारों दोस्त बिना बताए गंगा नहाने को निकले थे, हादसे में वह अकेला बचा था। जिसके बाद दहशत में आकर उसने यह कदम उठाया है।

मैस्कर घाट के जंगल से मोबाइल बरामद करती पुलिस।

घाट जाने के दौरान सीसीटीवी में कैद चारों दोस्त।

कोतवाली में पुलिस से भिड़ गए भाजपाई। अमृत विचार

कोतवाली के बाहर धरने पर बैठे भाजपाई। अमृत विचार

भाजपाइयों ने घेरी कोतवाली, धरना देकर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डीसीपी ईस्ट ने मुकदमा दर्ज करने के दिए आदेश

अमृत विचार। बाबा घाट में भाजपा नेता के पुत्र समेत तीन युवकों के डूबने के मामले में रविवार रात भाजपाइयों ने कोतवाली का घेराव किया। कोतवाली गेट के बाहर धरने पर बैठ कर सैकड़ों भाजपाईयों ने पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए जमकर नारेबाजी की। करीब दो घंटे तक चले हंगामें के बाद डीसीपी ईस्ट मौके पर पहुंचे, उन्होंने कार्रवाई का आश्वासन देते हुए तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए।

शुक्रवार को कैंट निवासी भाजपा नेता सुमित तिवारी के बेटे प्रखर उर्फ प्रेम की गंगा में डूबने से मौत हो गई थी। सुमित ने प्रखर के साथी 17 वर्षीय किशोर पर हत्या का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र दिया था। रविवार रात सुमित तिवारी, यूपी बार कांउसिल के उपाध्यक्ष अनुराग पांडे, विनीत सोनकर, राजू, राजन परिहार, सर्वेश सोनकर, छोटू कैंथ के साथ कोतवाली पहुंचे। आरोप है कि कोतवाली थाना प्रभारी आरोपी परिवार को वीआईपी ट्रीटमेंट मुहैया करा रहे थे, इसके साथ ही मामले की जांच के बारे में जानकारी लेने पर उनके साथ अभद्रता की। जिससे आक्रोशित होकर भाजपाईयों ने कोतवाली गेट के बाहर धरने पर बैठ कर हंगामा शुरू कर दिया। कुछ ही देर में सैकड़ों कार्यकर्ता थाने पहुंच गए और पुलिस के विरोध में नारेबाजी शुरू कर दी। डीसीपी ईस्ट श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं।

एक नजर

महिला गांजा तस्कर गिरफ्तार

कानपुर। किदवई नगर थानाक्षेत्र में गांजा बेचने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया। किदवई नगर थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि कंजड़नपुरवा गली से कुछ दूरी पर मधु पत्नी पिंटू निवासी सतबरी रोड हीरानगर नौबस्ता को गिरफ्तार किया गया है। महिला के पास से पुलिस को 260 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। महिला पर पहले भी मादक पदार्थों की तस्करी के मामले दर्ज हैं।

लिंक भेजकर 80 हजार रुपये पार किये

कानपुर। बजरिया निवासी राहुल सिंह ने बताया कि उनके वाट्सएप पर लिंक भेज कर अज्ञात युवक ने उनके खाते से 80 हजार रुपये पार कर दिए। पीड़ित के मुताबिक बीती तीन अप्रैल को उनके फोन पर एक लिंक आया था। जिस पर क्लिक करते ही खाते से रुपये पार हो गए। पीड़ित ने बजरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

संतुलन के लिए ध्यान करना जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। हार्टफुलनेस संस्था के प्रशिक्षकों ने तात्याटोपे नगर स्थित सीएचएस (चौ. हरमोहन सिंह) एजुकेशन सेंटर में ध्यान और योग पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में बच्चों को ध्यान और योग की जानकारी दी।

प्रशिक्षकों ने बताया कि शारीरिक, मानसिक के अलावा भावनात्मक और आध्यात्मिक रूप से भी जब हम सम्पन्न रहेंगे, तभी हमारा सर्वांगीण विकास हो सकता है। योग और ध्यान सर्वांगीण विकास के लिए बहुत जरूरी है। योग हमारे शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करता है। ध्यान बाहर से अपने अंतरतम की यात्रा है। यह हृदय का योग है। नियमित ध्यान से धीरे-धीरे मन की चंचलता खत्म हो जाती है। हम अपने लक्ष्य के प्रति केंद्रित होते जाते हैं। स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ रहे बच्चों मन के भटकाव से सबसे ज्यादा परेशान हैं। अपने भविष्य को लेकर चिंतित और तनाव में हैं. ध्यान उनकी मदद करेगा। बच्चों को बाईं नासिका से श्वास, प्राणायाम, ओम का तीन भाग में उच्चारण, रिलैक्सेशन, ध्यान, कैसे हम भावनात्मक बोझ-अनुपयोगी विचारों उबरना और खुद से जुड़ने (आत्मा) का अभ्यास कराया गया। प्रिंसिपल ज्योति विज ने बताया कि भावनाओं में आकर अक्सर हम गलत निर्णय ले लेते हैं, इसलिए हमें अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखना होगा। हार्टफुलनेस की शुद्धिकरण तकनीक वैचारिक और भावनात्मक संतुलन के लिए उपयोगी है। योगा और ध्यान ट्रेनर ऋषि प्रकाश और सर्जन डॉ. प्रिया सचान ने प्रशिक्षण दिया। करीब 170 छात्र छात्राएं, टीचर्स और स्टाफ उपस्थित रहा।

ध्यान-योग शिविर में भाग लेतीं छात्राएं। अमृत विचार

- सीएचएस सेंटर में हार्टफुलनेस का शिविर

कार में बेसुध पड़े मिले स्कूल प्रबंधक, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अधिक शराब पीने से बिगड़ी थी हालत
- रतनलाल नगर में कैफे कोमोरिन स्कूल है

अमृत विचार। शनिवार रात रतनलाल नगर में एक विद्यालय प्रबंधक कार में बेसुध हालत में मिले। पुलिस ने कार का शीशा तोड़ कर प्रबंधक के परिजनों को जानकारी दी। उन्हें उर्सला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

रतनलाल नगर एमआईजी निवासी मंयक शुक्ला (44) का क्षेत्र के गुरुद्वारे के पास कैफे कोमोरिन नाम से विद्यालय है। परिवार में पत्नी चित्रांशी, दो बेटे धवन और काव्यांश है। पत्नी ने बताया कि मयंक शराब के लती थे। शनिवार शाम आठ बजे वह घर से कार लेकर निकले थे, जिसके बाद राधा किशन स्कूल के पास वह बेसुध हालत में कार में मिले। राहगीरों की सूचना पर रतनलाल नगर चौकी प्रभारी अरविंद कुमार मिश्रा मौके पर पहुंचे और कार का शीशा तोड़कर परिजनों को सूचना दी। चित्रांशी ने बताया कि वह पति को घर ले गई, जिसके बाद रविवार सुबह फिर अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई। जिस पर वह पति को उर्सला अस्पताल लेकर पहुंची, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा ने बताया कि स्कूल प्रबंधक शराब के लती थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

सार-संक्षेप

ट्रक ने फुटवियर कारोबारी को रौंदा, मौत

कानपुर। रायपुरवा थानाक्षेत्र में बीते 23 मई को ट्रक की टक्कर से घायल फुटवियर कारोबारी की शुक्रवार देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भिजवाया। रतनलाल नगर निवासी पुनीत गांधी (36) का मूलगंज में फुटवियर का गोदाम है। छोटे भाई मोहित ने बताया कि बीते 23 मई को पुनीत तगादा करने के लिए स्कूटी से उन्नाव गए थे। वापस लौटने के दौरान रायपुरवा थानाक्षेत्र स्थित जीटी रोड के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उनको टक्कर मार दी थी। हादसे में पुनीत गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजनों ने उन्हें रीजेंसी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। शनिवार देर रात इलाज के दौरान पुनीत की मौत हो गई। रायपुरवा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भिजवाया।

ट्रेनों पर चुनाव ड्यूटी से लौट रहे सिपाहियों का कब्जा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के छठें चरण का मतदान कराकर लौटे सिपाही, दरोगाओं ने दिल्ली-हावड़ा, मुंबई और फर्रुखाबाद रूट की ट्रेनों पर कब्जा कर लिया। जहां भी जगह मिली सिपाहियों ने यात्रियों को हटाकर सीट कब्जा ली। टीटीई से लेकर चेकिंग स्टाफ ने यात्रियों की समस्या को अनसुना कर दिया। यात्रियों ने रेल मंत्री, डीआरएम और जीएम को ट्वीट किया पर राहत नहीं मिली।

दिल्ली-हावड़ा, मुंबई और फर्रुखाबाद रूटों पर रविवार को यात्री बहुत परेशान रहे। चुनाव कराकर लौट रहे पुलिसकर्मियों की मनमानी से कंफर्म सीट पर यात्रा कर रहे यात्रियों को भी गलियारों में खड़ा होना पड़ा। स्लीपर ही नहीं एसी कोच के यात्री भी परेशान रहे। पुलिसकर्मी एसी कोचों में भी यात्रियों को धकियाकर चढ़ गए और सीटों पर बैठ गए। ब्रह्मपुत्र, एनई, रीवा, साबरमती, सीमांचल, जोधपुर-हावड़ा, नीलांचल सहित अन्य ट्रेनों के रिजर्व कोचों में पुलिसकर्मियों का कब्जा रहा। परेशान यात्रियों ने ट्वीट कर रेलवे अधिकारियों को इसकी जानकारी दी, मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। यात्रियों ने बताया कि शिकायत के बाद भी स्टेशन पर कोच खाली नहीं कराए गए।

जनसमस्या सॉलिड वेस्ट ट्रांसफर स्टेशन शुरू न होने की वजह से समस्या, निराला नगर के बाहर कूड़े का अंबार

ट्रांसफर स्टेशन पर ताला, बाहर बजबजा रहा कूड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। स्मार्ट सिटी में स्मार्ट तरह से कूड़े का निपटान नहीं हो पा रहा है। सॉलिड वेस्ट ट्रांसफर स्टेशन में ताला लगा होने की वजह से सफाई कर्मचारी बाहर की कूड़ा फेंक जा रहे हैं। ट्रांसफर स्टेशनों में मशीनरी न लगी होने की वजह से कूड़े का स्मार्ट तरीके से स्टोर नहीं हो पा रहा है।

इससे राहगीरों को गंदगी का सामना करना पड़ रहा है। निराला नगर में बनकर तैयार ट्रांसफर स्टेशन पर ताला जड़ा है। इसी तरह किदवई नगर संजय वन, बाकरगंज, जाजमऊ में, परमपुरवा, सूटरगंज, कल्याणपुर में बने ट्रांसफर स्टेशनों के बाहर ताला लगा हुआ है। इससे समस्या पहले जैसी ही बनी हुई है।

कानपुर में खुले में कूड़ा घरों को खत्म कर नगर निगम ने 72 स्मार्ट कूड़ाघर (सॉलिड वेस्ट ट्रांसफर स्टेशन) बनवा रहा है।

निर्माण के लिए 16 अक्टूबर 2023 को साई बिल्डर्स को वर्क ऑर्डर जारी किया गया। कंपनी ने नगर आयुक्त से शिकायत करते हुए कहा है, कि कई जगहों पर आम जनता की आपत्ति के बाद काम बंद करना पड़ा। वहीं, कई जगहों पर पास स्थित सरकारी विभाग द्वारा काम रुकवा दिया गया। इससे निर्माण कार्य पूरा करने में देरी हो रही है। वहीं, जो बन गये हैं उनको अब तक हस्तांतरित नहीं किया जा पा रहा है।

इससे सफाई कर्मचारी सड़क पर ही कूड़ा डंप कर रहे हैं। स्मार्ट सिटी के अधिकारियों के अनुसार शहर को कूड़ा फ्री बनाने को लेकर 31 ट्रांसफर पूरी तरह से बनकर तैयार भी हो चुके हैं, और 20 ट्रांसफर स्टेशन शहर के अलग-अलग जोनों में बनाये जा रहे हैं। जबकि 11 ट्रांसफर स्टेशन का काम रुका पड़ा है। वहीं इनमें से 9 ट्रांसफर स्टेशनों में स्मार्ट तरीके से कूड़ा संग्रहण शुरू हो गया है। जोन एक में सबसे ज्यादा सात जगह ट्रांसफर स्टेशन बनाया जाना है। एक स्टेशन को बनाने में नगर निगम कुल 13 लाख 82 हजार रुपये खर्च करेगा।

निराला नगर स्थित सॉलिड वेस्ट ट्रांसफर स्टेशन के बाहर पड़ा कूड़ा। अमृत विचार

नौ जगह पीसी कॉम्पैक्टर रख दिये

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय संखवार ने कहा कि 34 जगह पीसी कॉम्पैक्टर प्रस्तावित हैं। इसमें नौ जगह पीसी कॉम्पैक्टर रख दिये गये हैं। पांच अलग-अलग कंपनियों को ठेका दिया गया है। अब शहर में प्रतिदिन 300 मीट्रिक टन कूड़ा सीधा कंटेनरों में बंद किया जा रहा है। द्वारिकापुरी, भैरोघाट, ग्रीन पार्क के पीछे सिविल लाइंस, बजरिया, संगीत टाकीज के बगल में टेनरी, डीप्टी पड़ाव के पीछे कंजरिया, एलआईसी फूलबाग, बबुपुरवा एनएलसी चौकी, एमआईजी तिराहा पनकी में पीसी कॉम्पैक्टर के जरिये कूड़ा एकत्र किया जा रहा है।

चकेरी में घायल पड़ा मिला युवक अस्पताल में मौत

कानपुर। चकेरी थानाक्षेत्र में शुक्रवार संदिग्ध हालत में घायल युवक पड़ा मिला। पुलिस ने घायल को कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव पोस्टमार्टम भिजवाया।

महाराजपुर थानाक्षेत्र के महुआ गांव निवासी शुभम (25) मजूदरी करता था। वह तीन भाईयों अजीत, सुरजीत में सबसे छोटा था। शनिवार सुबह शुभम पीएसी मोड़ स्थित साइट पर जाने के लिए घर से निकला था।

कोयला नगर चौकी क्षेत्र के पास शुभम घायल पड़ा हुआ मिला था। कांशीराम अस्पताल में देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भिजवाया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूचित हो कि हम **पंकज सिंह प्रियदर्शी पुत्र रविन्द्र सिंह एवं पूजा सिंह पत्नी पंकज सिंह प्रियदर्शी, निवासी-सेक्टर K-808बी, आशियाना, लखनऊ,** मो0- 8795488888, हमारे मकान की एलाटमेंट लेटर, रजिस्ट्री दिनांक 01.12.2014 को बही सं0-1, जिल्द सं0-18238, पृष्ठ सं0-261 से300 पर क्रमांक-26113 रजिस्ट्रीकृत किया गया था एवं करेक्शन डीड नम्बर-01, जिल्द नम्बर 118 के पृष्ठ 23 में नम्बर 7783 आ0फा0 बुक- 01, जिल्द नम्बर 130 के पृष्ठ 401 से 408 दिनांक-15.11.2000 उपनिबन्धक कार्यालय में पंजीकृत है, एवं अन्य कई मूल महत्वपूर्ण कागजात भी चोरी हो गये हैं। चोरी की एफ0आई0आर0 थाने में 01.06.2017 को दर्ज है। उपरोक्त मकान से सम्बन्धित किसी को आपत्ति हो तो अगले 15 दिनों में सूचना दे।

Notice

I, Mohammad Afzalur Rahman, son of Basharat Ali, resident of 245 Moh. Numaish Purva Distt. Hardoi, My name Afazalur Rehman is mentioned in the passport of my daughter Humaira Fatima. Whereas my real name is Mohammad Afzalur Rahman which should be considered and understood correctly.

सूचना

सूचित हो कि मैं **लीलावती पुत्री वीरेन्द्र कुमार, निवासी- C-48 माहाराजापुरम, केसरी खेरा, कृष्णा नगर, लखनऊ,** मेरा जी.एन.एम. की परीक्षा वर्ष 2017 जिसका रोल नम्बर- 141706546 का डिप्लोमा वास्तव में खो गया है।

आज का मौसम
तेज धूप रहेगी
उमस के बीच गर्म हवा चलेगी।

44.2° अधिकतम तापमान | 28.6° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:17 | सूर्यास्त 06:55

एक नजर

ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

कानपुर। अहिरवां में रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात महिला की मौत हो गई। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। चौकी प्रभारी अरुण यादव ने बताया कि मृतका की उम्र करीब 35 वर्ष है।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

कानपुर। शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाले 25 हजार के इनामी को रायपुरवा पुलिस ने जालौन से गिरफ्तार किया। बीते आठ मई को पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। हरबंश मोहाल निवासी युवती ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया था कि जालौन निवासी युवक ने एक वर्ष पहले फेसबुक पर दोस्ती की थी। शादी का झांसा देकर आरोपी ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। शादी का दबाव बनाने पर आरोपी ने पीड़िता संग गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी।

सीसामऊ नाले से गंगा में गिर रहा एक करोड़ लीटर सीवेज

❍ छह में से दो पंप खराब, सुधार के लिए कंपनी ने मांगा 28 मई तक का समय ❍ चौथे दिन भी गंगा में गिरता रहा दूषित पानी, दो दिन और रहेगी समस्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सीसामऊ नाला एक बार फिर से गंगा की निर्मलता के लिये कलंक बन गया है। हर दिन नाले से एक करोड़ लीटर (10 एमएलडी) दूषित पानी (सीवेज) गंगा में बह रहा है। पिछले चार दिनों में करीब 40 करोड़ लीटर सीवेज गंगा में बह चुका है। रविवार को भी गंगा में नाले से सीवेज जाता रहा। जलनिगम (ग्रामीण) के अधिकारियों ने कार्यदायी संस्था कानपुर रिवर मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड (केआरएमपीएल) कंपनी पर ग्वालटोली थाने में एफआईआर दर्ज कराने के लिये तहरीर दी है। जल निगम (ग्रामीण) प्रोजेक्ट मैनेजर ज्ञानेंद्र चौधरी ने बताया कि कंपनी ने खराब दो पंपों को ठीक कराने और पूरी क्षमता से पानी को एसटीपी में डॉयवर्ट करने के लिये 28 मई तक समय मांगा है।

नमामि गंगे योजना के तहत सीसामऊ नाले को 2019 में पूर्ण रूप से टैप किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ ने 14 दिसंबर 2019 को शहर आकर नाले को सेल्फी प्वाइंट तक घोषित कर दिया था। लेकिन, सीसामऊ नाले का संचालन कर रही कंपनी केआरएमपीएल की लापरवाही से सीसामऊ नाले की पुरानी तस्वीर फिर दिखने लगी है। यहां गंगा में चार दिनों से दूषित पानी गिर रहा है। जलनिगम और यूपीपीसीबी के अधिकारियों की जांच में मिला है कि भैरोघाट आईपीएस में तीन पंप ही चल रहे हैं। दो पंप पूरी तरह से खराब हैं। वहीं, एक पंप को रिजर्व में रखा गया है। जल निगम (ग्रामीण) प्रोजेक्ट मैनेजर ज्ञानेंद्र चौधरी ने बताया कि छह पंप में पांच जब लगातार चलते हैं तो नाले के पानी को एसटीपी तक भेजा जाता है। दो पंप खराब होने की वजह से पानी का लोड नहीं संभल रहा है और आपातकाल में पानी को गंगा में छोड़ना पड़ रहा है। ज्ञानेंद्र चौधरी ने कहा कि हर दिन 10 करोड़ लीटर दूषित पानी गंगा में जा रहा है। डीएम के निर्देश पर कंपनी के खिलाफ आईपीसी की धारा-420, पर्यावरण प्रदूषण अधिनियम के तहत एफआईआर एफआईआर दर्ज कराने के लिये ग्वालटोली थाने में तहरीर दी है। इसके साथ ही एनएमसीजी (राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन) को जानकारी देने के साथ ही कंपनी को काली सूची में डालने की संस्तुति की है।



1892 में सीसामऊ नाले का निर्माण हुआ

40 फीसदी गंदा पानी अकेले गंगा में छोड़ता

40 से अधिक मोहल्लों का पानी नाले में गिरता

14 करोड़ ली. सीवेज पहले रोज गिरता था

126 साल बाद किया गया पूरी तरह से टैप

गंगा में गिरता सीसामऊ नाला। अमृत विचार

अब कंपनी को हर दिन का देना होगा जुर्माना

- ज्ञानेंद्र चौधरी ने बताया कि टैप नालों और एसटीपी का संचालन करने वाली कंपनी के खिलाफ गंगा में दूषित पानी को छोड़ने के मामले में अभी तक 13 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया जा चुका है। एक बार फिर से चार दिनों से दूषित पानी गंगा में गिर रहा है। हम हर दिन का आंकलन करने के बाद कंपनी पर और आर्थिक जुर्माना लगाएंगे। सोमवार को मौके पर निरीक्षण भी करेंगे। यह लापरवाही अक्षम्य है।

सीसामऊ नाले से रोज एक करोड़ लीटर सीवेज गंगा में गिर रहा है। अमृत विचार

> कंपनी ने 28 मई तक समस्या को ठीक करने के लिये टाइम मांगा है। हालाकि, कंपनी का काम पहले से ही गड़बड़ है। पहले भी कई बार लापरवाही मिली है। इससे गंगा को निर्मल करने में कठिनाई आ रही है। कंपनी पर बड़ी कार्रवाई होगी।
>
> – ज्ञानेंद्र चौधरी, प्रोजेक्ट मैनेजर, जल निगम (ग्रामीण)

> सीसामऊ नाले से गंदा पानी गंगा में जाता मिला है। भैरोघाट आईपीएस में तीन पंप ही चलते मिले। कंपनी को नोटिस देने के साथ ही प्रदूषण फैलाने में जुर्माना लगाएंगे। जलनिगम के सुपरवीजन में ही कंपनी काम कर रही है। जो भी कार्रवाई करनी है वह ही करेगी।
>
> – अमित मिश्रा, क्षेत्रीय अधिकारी, यूपीपीसीबी

बैराज के पास गंगा में फैली गंदगी। अमृत विचार

छह और नाले भी गंगा को कर रहे प्रदूषित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। गंगा को छह अनटैप्ड सीवेज नाले भी प्रदूषित कर रहे हैं। डब्का, सत्तीचौरा, गोलाघाट, रानीघाट, परमिया और गुप्तारघाट पर जैविक शोधन (बायोरेमिडिएशन) का कार्य नहीं हो रहा है। नालों के पास जैविक शोधन के लिये स्थापित डोजिंग प्लास्टिक टैंक में सीडिंग और माइक्रोबियल कल्चर ही नहीं डाला जा रहा है जो बायोरेमिडिएशन के लिये जरूरी है। यूपीपीसीबी के अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान कई बार इस समस्या को पकड़ा और जुर्माने की कार्रवाई भी की लेकिन गंगा में प्रदूषण जाना बंद नहीं हुआ है।

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार कानपुर नगर में गंगा नदी में छह सीवेज नाले डब्का, सत्तीचौरा, गोलाघाट, रानीघाट, परमिया और भगवतदास गुप्तारघाट में जैविक शोधन (बायोरेमिडिएशन) का कार्य हो रहा है। यह कार्य नगर निगम द्वारा अनुबंधित संस्था मेसर्स विशान्त चौधरी कांट्रैक्टर जेवी, मेसर्स नेक्सजेन इन्फोवर्ड प्रा. लि. अलीगढ़ कर रही है। यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी अमित मिश्रा ने बताया कि नालों के निरीक्षण में एक भी जगह बायोरेमिडिएशन का कार्य नहीं होता है। अप्रैल और मई में नालों की यही स्थिति है। नगर निगम को कई नोटिसों के बाद भी संबंधित कंपनी कार्य में लापरवाही बरत रही है। जिससे नालों का दूषित पानी सीधा गंगा में प्रवाहित हो रहा है।

14 दिसंबर 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में सीसामऊ नाले पर बना था सेल्फी प्वाइंट। फाइल फोटो

- बायोरेमिडिएशन का कार्य नहीं हो रहा है, कई जुर्माने लगाने के बाद भी समस्या बरकरार
- डब्का, सत्तीचौरा, गोलाघाट, रानीघाट, परमिया और गुप्तारघाट पर लापरवाही

क्यों है बायोरेमिडियेशन जरूरी

बायोरेमिडिएशन टेक्नोलॉजी में जैविक विधि से नाले के पानी को साफ किया जाता है। इस टेक्नोलॉजी में कुछ ऐसे घास और पौधे होते हैं, जिनकी जड़ों में बैक्टीरिया पैदा होते हैं। बायोरिमेडिएशन टेक्नोलॉजी में केना घास समेत अन्य घास को नालों में लगाया जाता है। इसमें पनपने वाले बैक्टीरिया नालों में बहने वाली गंदगी को खाते हैं, साथ ही सफाई में काफी सहायक हैं। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटों (एसटीपी) में भी इस विधि का इस्तेमाल किया जाता है। इससे गंगा में प्रदूषण जाने से रुकता है।

1810 करोड़ गंगा को निर्मल करने में खर्च

418 करोड़ पंपिंग स्टेशन बनाने में खर्च

63 करोड़ से नालों को किया गया टैप

73 लाख हर साल खर्च बायोरेमिडिएशन पर

10 नाले अब तक पूरी तरह टैप किए गए

06 नाले अभी भी खुले हैं सीधे गंगा में

दुर्गा मंदिर के पुजारी ने दर्ज कराई एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ट्रस्टी के बेटे समेत चार नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट
- मंदिर में घुसकर मारपीट करने और धमकाने का आरोप

अमृत विचार। दबौली दुर्गा मंदिर में पुजारी और ट्रस्टी के बीच चल रही रार रविवार को बढ़ गई। पुजारी ने मंदिर के ट्रस्टी पर साथियों के साथ मिलकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए गोविंद नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस एफआईआर दर्ज कर जांच कर रही है।

पुजारी निर्मल दीक्षित ने बताया कि गुरुवार को वह दुर्गा मंदिर में बैठे थे, तभी मंदिर का ट्रस्टी, पूर्व कांग्रेस पार्षद कैलाश पाल का बेटा ललित पाल अपने 20 साथियों के साथ मंदिर में आया और उनके साथ मारपीट करने लगा। बीच-बचाव करने पर बुजुर्ग पिता अशोक दीक्षित के साथ भी मारपीट की और धमकी दी। विवाद की जानकारी पर मौके पर पहुंचे छोटे भाई अमन को ललित, विजय पाल उर्फ फौजी, धर्मेंद्र पाल, बब्लू सचान व विजय पाल के भाई ने हमला बोलकर धारदार हथियार, लोहे की राड व डंडों से मारना शुरू कर दिया। जिससे सभी लोगों को चोटें आईं। मारपीट के बाद हमलावर धमकी देते हुए भाग गए। गोविंद नगर थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर ट्रस्टी के बेटे ललित पाल समेत चार नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

आर्टिफिशियल कार्निया भी कारगर, मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। 50 की उम्र पार करने के बाद डायबटिक ब्लाइंडनेंस का खतरा बढ़ता है। 100 में 30-40 प्रतिशत लोग डायबटिक ब्लाइंडनेंस के शिकार होते हैं। चिकित्सकों ने आर्टिफिशियल कार्निया को भी कारगर बताया है। कहा कि अब आर्टिफिशियल कार्निया भी बनने लगी हैं।

देश व विदेश के प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सकों ने रविवार को कनिकाकॉन कॉन्फ्रेंस में आंखों की सेहत और नुकसान पर चर्चा की। कनिका अस्पताल व कानपुर आप्थाल्मिक सोसायटी की ओर से रविवार को बेनाझाबर स्थित एक होटल में कनिकाकॉन कॉन्फ्रेंस हुई। डॉ. शरद बाजपेई ने नेत्रों की जटिल बीमारियों का नई तकनीक से कनिका हॉस्पिटल में आपरेशन किया गया, उसका सजीव प्रसारण किया। इसके बाद देश के विभिन्न राज्यों से आए नेत्र विशेषज्ञों ने नेत्र समस्याओं का निवारण किया। कॉन्फ्रेंस में कोलकाता से आए डॉ. पार्था बिस्वास ने कहा कि 50 की उम्र के बाद डायबटिक ब्लाइंडनेंस का खतरा तेजी से बढ़ता है। ऐसे में जरूरत है कि डायबटिक ब्लाइंडनेंस वाले रोगी साल में एक बार नेत्र चिकित्सक से जांच जरूर कराएं। उन्होंने बताया कि आर्टिफिशियल कार्निया भी अब एक कारगर विधि है। आर्टिफिशियल कार्निया बनाने की शुरूआत हो चुकी है। कोयम्बटूर से आईं डॉ. चित्रा रामामूर्ति, नई दिल्ली के डॉ. राजेंद्र प्रसाद, लखनऊ से डॉ. संजीव गुप्ता, हैदराबाद से डॉ. ऋषि स्वरूप पुणे से डॉ. वर्धमान कनकरिया, बेंग्लुरु से डॉ. चित्रा जयदेव, डॉ. वीपीएस तोमर, डॉ. गायत्री आहूजा, डॉ. अनुपम आहूजा ने मौजूद नेत्र विशेषज्ञों से स्किल ट्रांस्फर पर चर्चा की। कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन ऑल इंडिया आप्थैल्मिक सोसाइटी के अध्यक्ष नेत्र विशेषज्ञ डॉ. पार्था बिस्वास ने किया। सचिव डॉ. मोहित खत्री ने मोतियाबिंद आपरेशन में होने वाली जटिलताओं के निवारण के बारे में बताया। कानपुर आप्थाल्मिक सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. सोनिया दमेले, डॉ. प्रद्युम्न अग्रवाल, डॉ. लोकेश अरोड़ा, डॉ. पारूल सिंह, डॉ. आरसी गुप्ता, डॉ. दिलप्रीत सिंह, डॉ. संगीता शुक्ला, डॉ. शालिनी मोहन रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप जलाकर की गई। अमृत विचार

- 50 की उम्र पार करने के बाद डायबटिक ब्लाइंडनेंस का खतरा बढ़ता
- 100 में 30-40 प्रतिशत लोग डायबटिक ब्लाइंडनेंस का होते हैं शिकार
- नेत्र विशेषज्ञों ने कनिकाकॉन कॉन्फ्रेंस में की आंखों की सेहत पर चर्चा

इरफान सोलंकी पर आज आ सकता है फैसला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फैसले के मद्देनजर कोर्ट में तैनात होंगे 300 पुलिसकर्मी

अमृत विचार। आगजनी मामले में सोमवार होने वाली सुनवाई में एमपीएमएलए सेशन कोर्ट अपना फैसला सुना सकती है। कोर्ट ने सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत सभी आरोपियों को तलब किया है। फैसले को देखते हुए हुए कोर्ट में 300 पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी।

जाजमऊ, डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आगजनी करने के मामले में सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान, शौकत पहलवान, मो. शरीफ, इजरायल आटेवाला का एमपीएमएलए सेशन सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी की कोर्ट में ट्रायल बीते एक मार्च को पूरा हो चुका है, लेकिन अलग-अलग कारणों की वजह से फैसला नहीं हो सका था। कोर्ट ने कुछ बिंदुओं पर स्पष्टीकरण के लिए अभियोजन व बचाव पक्ष की ओर से लिखित बहस दाखिल करने के निर्देश दिए थे। लिखित बहस दाखिल होने के बाद कोर्ट ने मामले में सुनवाई कर 27 मई की तिथि निर्धारित की थी। डीजीसी दिलीप अवस्थी ने बताया कि मामले में सोमवार को निर्णय आने की संभावना है। कोर्ट ने सपा विधायक समेत सभी आरोपियों को तलब किया है। इरफान के अधिवक्ता ने शिवाकांत दीक्षित ने बताया कि सपा विधायक को सोमवार को महाराजगंज जेल से लाया जाएगा।

मौसम | अधिकतम तापमान 4.2 डिग्री ऊपर चढ़कर 44.2 पर पहुंचा, उमस भी बनी मुसीबत, आने वाले दिनों में और चढ़ेगा पारा

जारी है गर्मी का कहर – भट्टी बना शहर, पारा 44 पार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। रविवार को पारे का मिजाज काफी तल्ख रहा। हवा की गति मध्यम होने के चलते उमस भी लोगों के लिए मुसीबत साबित हुई। आने वाले दिनों में पारा और ऊपर जाएगा वहीं लू भी चलने के आसार बन गए हैं।

सुबह 8 बजे से ही सूरज का तेवर चढ़े हुए थे। चटख धूप राहगीरों के लिए परेशानी पैदा कर रही थी। लोग बचाव के लिए सिर ढककर सड़कों पर चलते नजर आए। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डा. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि शनिवार की तुलना में रविवार को अधिकतम तापमान 4.2 डिग्री ऊपर चढ़कर 44.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। न्यूनतम तापमान भी 28.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम आर्द्रता 48 प्रतिशत एवं आर्द्रता न्यूनतम :16 प्रतिशत रिकार्ड हुई। हवा की औसत गति 3.0 किलोमीटर प्रति घंटा थी जिससे उमस से लोग बहुत परेशान हुए। अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं। दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं। लू चलने की आशंका है।

धूप से बचने को आंचल का सहारा। अमृत विचार

यूं गर्मी बन जाती है मौत की वजह

- विशेषज्ञों के अनुसार, यदि पारा 45 डिग्री हो तो बेहोशी, चक्कर या घबराहट जैसी शिकायतों के चलते ब्लड प्रेशर कम होने जैसी परेशानी होने की आशंका रहती है। यदि 48 से 50 डिग्री या उससे ज्यादा तापमान में बहुत देर रहते हैं तो मांसपेशियां पूरी तरह जवाब दे सकती हैं जो मौत का कारण भी बन सकती है।

इतना तापमान सह सकते हैं

विशेषज्ञों के अनुसार मानव शरीर का सामान्य तापमान 98.9 डिग्री फॉरेनहाइट होता है। जो आसपास के वातावरण यानी बाहरी तापमान के 37 डिग्री सेल्सियस के बराबर होता है। विशेषज्ञों के अनुसार मानव शरीर 42 डिग्री सेल्सियस तक तापमान सह सकता है।

तापमान बढ़ने से परेशानी

डा. पांडेय ने बताया कि कि इंसान का शरीर 35 से 37 डिग्री तापमान बिना किसी परेशानी के सह सकता है। 42 डिग्री तापमान में मानव को परेशानी होने की आशंका होती है। इससे ज्यादा तापमान इंसानी शरीर के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

आठ सालों में गर्मी का रहा प्रकोप

- डा. पांडेय ने बताया कि मेडिकल जर्नल लैंसेट की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2000–04 और 2017–2021 के बीच के 8 सालों में भारत में गर्मी का प्रकोप अत्यधिक ज्यादा रहा, साथ ही इस दौरान गर्मी से होने वाली मौतों में 55 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

सेंट अलॉयसियस के प्रिंसिपल को राहत

कार्यालय संवाददाता, प्रयागराज

- छात्र के यौन उत्पीड़न और धर्मांतरण का मामला
- हाईकोर्ट ने किसी भी कार्रवाई पर रोक लगाई

अमृत विचार। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यौन उत्पीड़न और धर्मांतरण के प्रयास के मामले में आरोपी प्रिंसिपल को गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान करते हुए दंडात्मक कार्यवाही न करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने पाया कि प्रिंसिपल का नाम प्राथमिकी में नहीं है और उनके खिलाफ कोई सीधा आरोप भी नहीं लगाया गया है। कोर्ट ने इस बात पर भी जोर दिया कि अगर जांच में छात्र की भूमिका स्पष्ट होती है तो छात्र और उसके पिता के खिलाफ मुकदमा चलाया जा सकता है।

यह आदेश न्यायमूर्ति अरविंद सिंह सांगवान और न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की खंडपीठ ने प्रिंसिपल सेंट अलॉयसियस हाईस्कूल कैंट, कानपुर की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। कोर्ट ने सभी विपक्षियों से चार सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा मांगा है और अगली सुनवाई की तिथि 10 जुलाई निर्धारित की है। कोर्ट ने कानपुर के पुलिस कमिश्नर को निर्देश दिया कि वे जांच साइबर सेल को सौंप दें। अगर बच्चे ने महिला टीचर के मोबाइल फोन, आईडी का इस्तेमाल करके फर्जी अकाउंट बनाया है तो इस संबंध में साइबर सेल रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। प्रिंसिपल के अधिवक्ता ने बताया कि प्रिंसिपल के निर्देश पर जांच अलग-अलग स्तरों पर तीन स्वतंत्र व्यक्तियों द्वारा की गई। जांच में पाया गया कि डांस प्रतियोगिता के दौरान छात्र ने शिक्षिका का मोबाइल नंबर हासिल किया और उससे फर्जी आईडी बनाकर चैटिंग करके शिक्षिका पर मानसिक दबाव बनाने का प्रयास किया। जब मामला उजागर हुआ तो छात्र ने शिक्षिका के खिलाफ आरोप लगाने शुरू कर दिए।

ये है मामला

तथ्यों के अनुसार दसवीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र के पिता ने आरोप लगाया कि उनके बेटे के स्कूल की एक महिला शिक्षिका ने उस पर यौन संबंध बनाने का दबाव बनाया और उनके बेटे का धर्मांतरण कराने का भी प्रयास किया। इसके अलावा उन्होंने यह भी आरोप लगाए कि आरोपी व्यक्तियों ने छात्र की अनुमति के बिना उसके चैट को सोशल मीडिया पर साझा किया। पिता ने कानपुर में बाल कल्याण समिति और एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के पास शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कोई कार्रवाई न हो सकी।

गणित के सवालों में उलझे कई मेधावी

10 परीक्षा केंद्रों पर शामिल हुए 3000 से अधिक परीक्षार्थी, भौतिक और रसायन विज्ञान के सवाल भी रहे कठिन

जेईई एडवांस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों, आईआईएससी बेंगलुरु समेत देश के प्रख्यात संस्थानों में एडमिशन के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा जेईई-एडवांस में जिले से 3000 से अधिक परीक्षार्थियों ने सहभागिता दर्ज कराई। ज्योती, कनक शर्मा, ममता, सृष्टि माला, असर अहमद, आनंद त्रिपाठी, अंतरिक्ष सिंह आदि जेईई मेंस के सफल मेधावियों ने बताया कि जेईई एडवांस में गणित के सवाल काफी उलझाने वाले थे।

इसके अलावा फिजिक्स और केमिस्ट्री के सवाल भी कठिन रहे। कुल मिलाकर पर्चा सरल नहीं था।

आईआईटी चेन्नई के तत्वावधान में न्यू एज टेक्नोलॉजी, भौंती, उमा डिजिटल एसोसिएट केशवपुरम, अंजिप टेक्नोलॉजी केशवपुरम आयन डिजिटल जोन केशवपुरम समेत 10 आन लाइन परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा संपन्न हुई। रविवार को दो पालियों में सुबह 9 से 12 और दोपहर 2.30 से 5.30 बजे तक हुई प्रवेश परीक्षा में जेईई मेंस के सफल अभ्यर्थियों ने अपनी किस्मत आजमाई। एमडी इन्फोटेक श्याम नगर परीक्षा केंद्र पर 430 से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए। पहली पाली में यहां पर दोपहर 12.30 बजे परीक्षा देकर निकले परीक्षार्थी फल, केला और नाश्ता कर दूसरी पाली की परीक्षा की तैयारी करते नजर आये।

श्याम नगर में परीक्षा केंद्र से बाहर निकलते परीक्षार्थी।

लंबी लाइन, कटे कलावा

आनलाइन परीक्षा केंद्रों पर सुबह 7.30 बजे से ही लंबी-लंबी लाइन लगी हुई थी। दीपक गौतम, पंकज शर्मा, श्याम सुंदर आदि अभिभावकों ने बताया कि केंद्रों पर सख्ती रही, चेकिंग के दौरान जो परीक्षार्थी ज्वैलरी पहने थे उन्हें उतारना पड़ा, हाथ में बंधा कलावा आदि भी काटा गया।

छांव तलाशते दिखे अभिभावक

भीषण गर्मी और उमस के चलते आनलाइन परीक्षा केंद्रों के आसपास जहां भी छांव दिखी वहां अभिभावक नजर आये। श्याम नगर में छाया में खड़े होने को लकर एक अपार्टमेंट के गार्ड और अभिवावकों में नोकझोक भी हुई।

जेईई की तैयारी करने वाले छात्रों को कक्षा में पूरा ध्यान देना चाहिए। डाउट्स पूरी तरह क्लीयर होने चाहिए क्योंकि इसमें माइनस मार्किंग भी होती है।
– किशन आर्य, बांदा

जेईई एडवांस हमे दिखाता कि हम कहां पर खड़े हैं। कांफीडेंस बनाए रखे, जो लक्ष्य निर्धारित किया है उसमें तनमयता से लगे रहे, सफलता मिलेगी।
–महक गर्ग, केशव नगर

जेईई की तैयारी करने वाले छात्रों को प्रयास पूरे मन से करना चाहिए क्योंकि यह कठिन परीक्षा है और इसमें एक-एक परसंटाइल काफी फर्क पड़ता है।
– अंशिका तिवारी, फतेहपुर

पढ़ाई करने के साथ ब्रेक भी लें, दबाव में काम नहीं करना चाहिए। मैथ पर अधिक ध्यान देना चाहिए क्योंकि इसमें उलझाने वाले सवाल भी आ जाते हैं।
– पूर्णिमा कमल, अर्मापुर

ससुरालवालों पर छेड़खानी का आरोप, रिपोर्ट

कानपुर। नौबस्ता में शिक्षिका ने दहेज की मांग को लेकर ससुरालीजनों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। ससुर और नंदोई छेड़खानी का आरोप लगाते हुए पति पर हत्या का प्रयास करने का आरोप लगा कर रिपोर्ट दर्ज कराई।

पीड़िता ने बताया कि जून 2021 में उनका विवाह ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर निवासी के रहने वाले युवक से हुआ था। शादी के कुछ दिनों बाद से ही ससुरालीजन दहेज में एक करोड़ रुपये और कार की मांग करने लगे। मांग पूरी न करने पर आए दिन प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि जब वह पति और ससुरालीजन के साथ जालंधर घूमने गई तो नंदोई ने छेड़खानी की। विरोध करने पर ससुरालीजन ने मारपीट की। वह पीसीएस जे की परीक्षा में फेल हो गई तो पीट कर पैर तोड़ दिया। जिसका उपचार उन्होंने मायके में कराया। ठीक होने पर पति घर ले गए। इस बीच उन्हें पति के अवैध संबंधो की जानकारी हुई। विरोध करने पर पति ने गला दबाकर मारने का प्रयास किया। ससुरालीजन से शिकायत करने पर तो ससुर ने भी छेड़खानी की। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जा रही है।

- नौबस्ता में शिक्षिका ने लगाया आरोप

सार-संक्षेप

दुष्कर्म के प्रयास के आरोपी को भेजा जेल

कानपुर। गुजैनी पुलिस ने दुष्कर्म से प्रयास के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि थानाक्षेत्र में रहने वाले पीड़ित पिता ने आरोप लगाया था कि पड़ोस में रहने वाला हर्षित ठाकुर 15 वर्षीय बेटी से छेड़खानी करता था। बीती 24 मई को बेटी घर पर अकेली थी। तभी हर्षित ने बेटी से दुष्कर्म करने का प्रयास किया। पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

रामबाग में घर से सरिया और तसले ले गए चोर

कानपुर। रामबाग निवासी अर्जुन अवस्थी घर से ही भवन निर्माण संबंधी सामग्री, औजार, तसले, सरिया और सीमेंट बेचने का काम करते हैं। पीड़ित ने बताया कि बीते 24 मई की रात दो अज्ञात व्यक्ति घर में घुस आए और लगभग 30 तसले और 40 किलो सरिया चोरी कर ले गए। बजरिया थाना प्रभारी अजय सिंह ने बताया तहरीर के रिपोर्ट दर्जकर मामले की जांच की जा रही है।

चकेरी में दुकान से नकदी चोरी

कानपुर। मंगला विहार द्वितीय चकेरी में लोहे और स्टील उपकरण की दुकान का ताला तोड़ कर चोरों ने नकदी पार कर दी। पीड़ित ने चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। दहेली सुजानपुर निवासी वीरेंद्र सिंह की मंगला विहार द्वितीय में रुद्र ट्रेडर्स के नाम से लोहे और स्टील उपकरण की दुकान है। वीरेंद्र ने बताया कि 16 मई को चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर 2100 रुपये और डीवीआर चोरी कर लिए थे। इसके बाद बीते 23 मई को चोरों ने 3100 रुपये पार कर दिए। पीड़ित ने थाने में शिकायत की।

5 जून से परिषदीय स्कूलों में समर कैंप

कानपुर। बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में 5 से 11 जून तक समर कैंप आयोजित किए जाएंगे। कैंप में बच्चों को पर्यावरण के बारे में जागरूक करते हुए विभिन्न रोचक कार्यक्रमों से जोड़ा जाएगा। एक सप्ताह तक चलने वाला आयोजन स्कूल के शिक्षकों के लिए स्वैच्छिक है। सात दिनी कार्यक्रम में बच्चों को कहानियां, चित्रकला, कविताएं और नृत्य के जरिए पर्यावरण के बारे में समझाया जाएगा। स्कूलों में कई सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम भी होंगे। शिक्षक यदि चाहें तो वे अपने स्कूल में इस तरह की गतिविधियां एक सप्ताह तक संचालित करा सकते हैं। आयोजनों में पर्यावरण विशेषज्ञों को स्कूल बुलाकर उनका बच्चों के साथ संवाद कराकर जानकारी दी जाएगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों को कार्यक्रम संबंधी सभी जानकारी उपलब्ध करा दी गई है।

छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

कानपुर। सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर कमला नगर के विद्यार्थियों ने दीवारों पर पेंटिंग कर शहरवासियों को स्वच्छता, हरियाली, पर्यावरण और सुंदरता बढ़ाने का संदेश दिया। इस दौरान प्रधानाचार्य भावना गुप्ता के निर्देशन में लाजपत नगर से जेके मंदिर गेट तक की दीवारों पर पेंटिंग्स बनाने का अभियान चलाया। कला विभाग के शिक्षक सुमित कोठारी, हिमांशु सिंह सहित अन्य विद्यार्थी मौजूद रहे।

टक्कर के विरोध पर घर में घुसकर पीटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। चकेरी थानाक्षेत्र में बाइक सवार युवक ने तीन साल की बच्ची को टक्कर मारकर घायल कर दिया। परिजनों के विरोध करने पर आरोपी ने अभद्रता की। पीड़ित के घर में घुस कर मारपीट की और सोने की चेन लूट कर फरार हो गए। पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर चकेरी थाने में मामला दर्ज कराया है।

अहिरवां, संजीव नगर निवासी शिव विजय सिंह ने बताया कि बीते सात अक्टूबर 2023 की शाम को उनकी तीन साल की बेटी घर के बाहर खेल रही थी। तभी सीताराम नगर निवासी चंद्रजीत यादव उर्फ राहुल तेज रफ्तार से बाइक चलाते हुए आया और उनकी बेटी को टक्कर मार दी, जिससे बेटी बुरी तरह से घायल हो गई। विरोध करने पर राहुल पिता को दरोगा बताते हुए अभद्रता करने लगा। जिस पर उन्होंने डायल 112 को सूचना दी। आरोप है कि पुलिस से भी आरोपी व उसके परिजनों ने अभद्रता की। चौकी, थाने में शिकायत करने पर भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस से शिकायत करने की जानकारी होने पर 12 अक्टूबर 2023 को राहुल अपनी मां, बहन समेत आधा दर्जन लोगों के साथ घर में घुस आया और पीड़ित व उनकी पत्नी संग मारपीट की। आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान आरोपी उनकी पत्नी की चेन लूट कर भाग गए। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने पर पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश के बाद चकेरी थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है।

मामूली विवाद में दो पक्षों में हुआ पथराव

कानपुर। सफीपुर में मामूली विवाद में दो पक्षो में पथराव हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने इलाके सीसीटीवी फुटेज की जांच कर संदिग्धों को हिरासत में लिया है। चकेरी के सफीपुर में शनिवार रात सब्जी विक्रेता सफीपुर निवासी नंदू चाय लेने जा रहा था। तभी दूसरे पक्ष के बैठे युवकों ने कुछ अभद्रता कर दी। इस पर नंदू ने उनका विरोध किया, जिसके बाद नंदू अपनी दुकान पर आ गया। कुछ देर बाद दूसरे पक्ष के लोगों ने गाली गलौज करते हुए पथराव कर दिया। जिससे फ्लाई ओवर के नीचे बैठे दो सब्जी विक्रेता मामूली रूप से चुटहिल हो गये। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज देखे।

रोचकता का बताया महत्व

कानपुर। संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ व संस्कृति विभाग की ओर से स्वरांजलि संगीत शिक्षण संस्थान कानपुर के सहयोग से 15 दिनी प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ। 'गायन वादन व कत्थक नृत्य संबंधी कार्यशाला के समापन पर युवाओं को महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उप्र संगीत नाटक अकादमी के निदेशक शोभित कुमार नाहर व विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य ललित कला अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष गिरीश मिश्र मौजूद रहे। चित्रकला कार्यशाला संरक्षक डॉ प्रेमकुमारी मिश्रा ने प्रशिक्षुओं को रचनात्मकता का महत्व समझाया। प्रशिक्षक डॉ राजेश्वरी दौडियाल, उपासना दीक्षित, आनन्द दीक्षित, राजकुमार सिंह, रश्मि सविता रहे।

शंकर सेना ने गंगा की महाआरती उतारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- करौली सरकार की ओर से सरसैया घाट पर हुआ गंगा आरती का आयोजन
- गंगा में जगमगाए सैकड़ों दीप, जयकारों के बीच प्रसाद वितरण किया गया

अमृत विचार। करौली सरकार की ओर से रविवार को मां गंगा की महाआरती उतारी गई। शंकर सेना के सैकड़ों भक्तों व जनप्रतिनिधि महाआरती में शामिल हुए। शाम सात बजे गंगा तट जगमग हुआ तो माहौल भक्तिमय हो गया।

सरसैया घाट पर रविवार शाम मां गंगा की आरती पंडित सुमित मिश्रा व उनके सहयोगियों के सहयोग से संपन्न हुई। गंगा आरती में शामिल सभी भक्तों को पंडित सुमित मिश्रा व शंकर सेना के सदस्यों ने प्रसाद वितरित किया। रविवार शाम सैकड़ों दीप जगमग होने से गंगा तट का नजारा देखने लायक था। दीपों के जगमगाने से माहौल भी भक्तिमय हो गया। भक्तों ने मां गंगा के जयकारे लगाए। बता दें प्रत्येक रविवार को मां गंगा की आरती होती है। रविवार को करौली सरकार की ओर से शंकर सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुबोध चोपड़ा, प्रदेश महिला अध्यक्ष मीना द्विवेदी, ज्योती मिश्रा, नंदिनी, प्रीती शुक्ला, ममता मिश्रा, शंकर सेना के जिलाध्यक्ष विनय वर्मा, नगर अध्यक्ष विशाल बाजपेई, आलोक के साथ सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

सरसैया घाट पर गंगा की महाआरती करते शंकर सेना के सदस्य। अमृत विचार

एक नजर

डॉ.आर्यन ने आई ऑल इंडिया 447वीं रैंक

कानपुर। प्रयागराज के अल्हापुर निवासी मनोज कुमार के बेटे डॉ.आर्यन गुप्ता जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के पैरा एमटू के छात्र हैं। उन्होंने पहले ही प्रयास में आईएनआईसीईटी एम्स पीजी की परीक्षा उत्तीर्ण की। आर्यन की ऑल इंडिया 447वीं रैंक है। कॉलेज के प्रोफेसर और सहपाठियों ने खुशी जाहिर कर शुभकामनाए दीं।

बाल श्रमिकों को कराया मुक्त

कानपुर। चौबेपुर कस्बे में श्रम विभाग के निरीक्षक महेंद्र कुमार ने टीम के साथ दुकानों में छापेमारी की। दुकानों में काम कर रहे नौ बाल श्रमिकों को मुक्त कराया और दुकानदारों पर कार्यवाही भी की। श्रम विभाग इंस्पेक्टर महेंद्र कुमार में शनिवार को बाल श्रमिक मुक्त अभियान चलाया। साथ में एएचटीयू की संयुक्त टीम में एसआई राधा रानी व पुलिस टीम भी रहीं।

रक्तदान है महादान, इससे मिलता जीवनदान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। रक्तदान महादान है। यह जरूरतमंदों को जीवन का दान करता है। यह बात आईएमए की अध्यक्ष डॉ. नंदिनी रस्तोगी ने कही। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को हर 6 महीने में अवश्य रक्त दान करना चाहिए चूंकि एक यूनिट ब्लड से 3 लोगो को उसका लाभ मिलता है।

डा. रस्तोगी रविवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर, जीटीबी अस्पताल एवं रोटरी क्लब कानपुर साउथ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में संबोधित कर रही थीं। उन्होंने बताया कि रक्तदा से एक जरूरतमंद को रक्त मिलता है, दूसरे को प्लाजमा मिलता है तथा तीसरे को प्लेटलेट्स मिलती है। डा. ए के आहूजा ने बताया कि आईएमए कानपुर का ब्लड बैंक 24 घंटे सातों दिन अपनी सेवाएं देता है। आमजन मानस के स्वास्थ के लिए गुणवत्ता पूर्ण रक्त उपलब्ध कराता है। इस तरह के रक्तदान शिविर बहुत ही उपयोगी है। कार्यवाहक गवर्नर रोटरी क्लब डी सी शुक्ला ने बताया कि रोटरी क्लब जन उपयोगी रकदान शिविर व स्वास्थ शिविर लगाता रहता है। क्लब 2 अक्टूबर को भी कानपुर नगर में आईएमए कानपुर के सहयोग से एक वृहद रक्तदान शिविर का अयोजन करने जा रहा है।

कार्यक्रम का आयोजन डा. दीपक श्रीवास्तव के नेतृत्व मे जीटीबी हॉस्पिटल लाजपत नगर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आईएमए की अध्यक्ष डा. नंदिनी रस्तोगी, आईएमए चेरिटेबल ब्लड सेंटर के चेयरमैन डा. ए के आहूजा, कार्यवाहक गवर्नर रोटरी क्लब डी सी शुक्ला, डीजीएनडी सीए जसबीर सिंह भाटिया ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। सचिव डा. कुनाल सहाय ने बताया कि शिविर में 64 यूनिट ब्लड डोनेशन हुआ। इस अवसर पर डा. दीपक श्रीवास्तव, डा. दीप्ति तिवारी, डा. राहुल तिबरीवाल, डा. के एस गुप्ता, नीरव निमेष अग्रवाल, राजेन विद्यार्थी, गौरव अग्रवाल जैन आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया। अमृत विचार

- रक्तदान शिविर में हुआ 64 यूनिट ब्लड डोनेशन

छत से गिरकर युवक की मौत

कानपुर। जूही के बारादेवी मेला मैदान के पास बने विद्यालय की छत से गिरकर रविवार देर शाम को युवक घायल हो गया। जूही पुलिस ने पीड़ित को हैलट में भर्ती कराया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

बाबूपुरवा एसीपी अमरनाथ यादव ने बताया कि रविवार शाम को मेला मैदान में इलाके के युवक मैच खेल रहे थे। तभी मैदान के पास बने एक विद्यालय की छत से गिरकर 25 वर्षीय युवक घायल हो गया। युवकों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को हैलट भेजा। जहां डाक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। फिलहाल युवक के शव की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

नलकूप बनाने को कानपुर से कन्नौज भेजे कारीगर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। छिबरामऊ में पेयजल संकट से परेशान लोगों को रविवार को राहत मिलने की उम्मीद जगी। नगर पालिका प्रशासन ने कानपुर से कारीगरों को बुलाकर खराब नलकूप की मरम्मत का काम शुरू कराया। इससे अब कई मोहल्लों में पेयजल आपूर्ति जल्द शुरू हो जाएगी। नलकूप खराब होने से कई दिनों से विभिन्न मोहल्लों के लोग पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। नगर के मोहल्ला जेरकिला, विरतिया, कानून गोयन, इंदिरा नगर व तिवारियान में पिछले कुछ दिनों से पानी की समस्या चल रही है, जिससे लोगों को एक-एक बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। इन सभी मोहल्लों में बारात घर स्थित ट्यूबवेल नंबर 10 से पानी की सप्लाई होती है। ट्यूबवेल खराब होने के कारण पानी की सप्लाई बंद हो गई और लोगों को इस भीषण गर्मी में पानी को तरसना पड़ गया। नगर पालिका चैयरमैन मनोज दुबे व नगर पालिका ईओ सुनील कुमार ने तत्काल कार्य शुरू कराए जाने को लेकर शनिवार को कानपुर से सबमर्सिबल पंप डालने वाले मिस्त्री बुलाकर वार्ड नंबर 23 चंद्रशेखर नगर के सभासद राजू की देखरेख में मरम्मत का काम शुरू करा दिया है। ईओ ने बताया कि रविवार तक प्रभावित मोहल्लों में पेयजल आपूर्ति शुरू हो जाएगी।

लापरवाही नाले की दीवार टूटी होने की वजह से सिल्ट नाले में समा रही

सफाई में निकाली सिल्ट फिर नाले में गिर रही

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सीसामऊ नाले से निकाली जा रही सिल्ट दोबारा नाले में समा रही है। मशीन से निकाली जा रही सिल्ट फुटपाथ पर डाली जा रही है, जो नाले की दीवार टूटी होने की वजह से दोबारा नाले में गिर रही है। कई जगह तो सिल्ट सूखने के बाद भी कई दिनों से नहीं उठाई गई है। जिससे अब धूल उड़ने लगी है। ग्वालटोली में नाले के आस-पास रहने वाले लोगों को समस्या होने लगी है।

नगर निगम जोन-4 के अन्तर्गत सीसामऊ नाले की सफाई हो रही है। पुलिया से मैकराबर्टगंज ढाल तक 210 मीटर की परिधि में मानव बल द्वारा नाले की सफाई होनी है। इसकी निविदा स्वीकृत होकर कार्यादेश बहुत पहले जारी हो चुका है। लेकिन अभी तक नाले की सफाई का कार्य पूरा नहीं हुआ है। सांई मन्दिर से 12/480 पुलिया होते हुए मैकराबर्टगंज तक कार्य सीसामऊ नाले की सफाई में लापरवाही बरती जा रही है। इसको लेकर पूर्व में नगर आयुक्त ने निरीक्षण कर नाराजगी जताई थी। नगर आयुक्त ने जोनल अभियन्ता कमलेश पटेल और अवर अभियन्ता बृजेश को कारण बताओं नोटिस देने के निर्देश मुख्य अभियन्ता को दिये थे। लेकिन कार्य पूरा नहीं हुआ।

वहीं, मशीन से भी नाले की तलीदार सफाई हो रही है। इस दौरान ग्वालटोली में नाले के फुटपाथ पर सिल्ट निकालकर डाली गई है। यहां कई स्थानों पर नाले की दीवार टूटी है इसकी वजह से सिल्ट बहकर दोबारा नाले में समा रही है। यहां कई दिन पहले निकाली गई सिल्ट भी नहीं उठाई गई है। इससे स्थानीय लोग परेशान है।

नाला सफाई कर निकाली गई सिल्ट फिर नाले में जा रही। अमृत विचार

970 मीटर लंबा है सीसामऊ नाला

सीसामऊ नाला मैकराबर्टगंज ढाल से वीआईपी रोड तक लगभग 970 मीटर लंबा है। 12/480 से साईं मन्दिर तक पुलिया 210 मीटर तक फॉसी मशीन द्वारा नाली की सफाई का कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार आगे 12/480 पुलिया पर पोकलेन मशीन द्वारा नाले की सफाई मौके पर की जा रही है। नाले की गहराई लगभग 15 फिट व चौड़ाई मीटर है।

कार्यादेश जारी होने वाले नालों की मांगी रिपोर्ट

नगर आयुक्त ने मुख्य अभियन्ता को निर्देश दिया कि नाला सफाई के लिये जिन कार्यों में निविदायें स्वीकृत होकर कार्यादेश जारी हो चुका है। उनमें कार्य की प्रगति क्या है एवं जिनमें अभी तक कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है, उन सभी में सम्बन्धित जोनल अभियन्ता को तत्काल कारण बताओ नोटिस निर्गत करते हुए कार्य प्रारम्भ कराया जाये।

शुगर रोगियों के लिए श्रीअन्न उपयोगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शुगर को कंट्रोल करने में श्रीअन्न की अहम भूमिका है। श्रीअन्न का प्रयोग कैसे और कितनी मात्रा में करना है यह जानना भी जरूरी है। रविवार को गैंजेस क्लब में सोसायटी ऑफ प्रवेंशन एंड अवेयरनेस ऑफ डायबटीज (एसपीएडी) की ओर से आयोजित सेमिनार में यह जानकारी डॉक्टरों ने शुगर रोगियों को दी।

एसपीएडी के डॉ. ऋषि शुक्ला ने बताया कि सोसायटी की ओर से करीब 29 साल से शुगर रोगियों को जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान देखने को मिला कि श्रीअन्न स्वस्थ जीवन शैली के लिए उपयोगी है। इससे शुगर नियंत्रित रहती है। रोगी अपनी दवा में लापरवाही न करें और श्रीअन्न का उपयोग करते रहें तो शुगर बढ़ नहीं सकती है। लखनऊ की डॉ. रत्ना भाटिया ने किशोर, युवा व वृद्ध महिलाओं को पोषण के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हमें अपने आहार में कैल्सियम, आयरन समेत अन्य विटामिन की मात्रा निर्धारित करनी चाहिए। जिससे स्वस्थ और निरोगी रहें। अंकिता जायसवाल ने श्रीअन्न की उपयोगिता की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम मोटे अनाज को ज्यादा अहमियत नहीं देते हैं, यह गलत है। मोटे अनाज टाइप वन व टू दोनों प्रकार के शुगर के लिए बहुत उपयोगी हैं। उन्होंने श्रीअन्न से व्यंजन बनाकर भी दिखाए। अगर दवा के साथ खानपान में श्रीअन्न का उपयोग करें तो शुगर की समस्या पर काबू पाया जा सकता है। सेमिनार में डॉ. भास्कर गांगुली, डॉ. संगीता शुक्ला, डॉ. सौरभ मिश्रा, डॉ. सुमित गुप्ता, सीताराम खत्री, सुधा श्रीवास्तव, प्रवीन सचदेवा, अशोक तनेजा, रंजना सक्सेना, ओम प्रकाश बदलानी आदि मौजूद रहे।

डॉ. ऋषि शुक्ला, डॉ. संगीता शुक्ला, डॉ. रत्ना भाटिया, अंकिता जायसवाल।

एक नजर

यात्रियों को पिलाया ठंडा पानी, सफाई कर्मी सम्मानित

कानपुर। यात्री जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने रविवार को अनवरगंज स्टेशन पर प्याऊ कैंप लगाया। इस दौरान मंडल रेल परामर्शदात्री सदस्य जितेंद्र पांडेय ने कमला देवी सहित पांच सफाई कर्मियों को सम्मानित किया। वहीं पर अनवरगंज से गुजरी 20921 बांद्रा-लखनऊ एक्सप्रेस, 04134 फर्रुखाबाद-लखनऊ स्पेशल और चौरीचौरी एक्सप्रेस में यात्रियों को उनकी सीट पर जाकर ठंडा पानी पिलाया। इस मौके पर मंजू पांडेय, विकास अग्रवाल, रामानुज तिवारी, संतोष पांडेय, दाताराम, ब्रजेश मिश्र, किरनलता शर्मा, ऊर्मिला देवी, माया दुबे, रजनी मौजूद रहीं।

महापौर की बॉलिंग में जिलाध्यक्ष हुये बोल्ड

कानपुर। गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स एकेडमी की ओर से रविवार को गोविंद नगर स्थित खालसा इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में महापौर प्रमिला पांडेय ने भी क्रिकेट पिच पर हाथ आजमाए। गोविंद नगर प्रीमियर लीग 2024 का उद्घाटन करने पहुंची मेयर ने पहले भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष की गेंदबाजी पर शॉट लगाए। तो वहीं, खुद बॉलिंग करते हुये जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह को बोल्ड कर दिया। इस दौरान महापौर ने टॉस भी उछाला और क्रिकेट खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

छात्रा से छेड़खानी, विरोध करने पर पीटा

कानपुर। जूही गढ़ा निवासी महिला ने बताया कि कलक्टर गंज रेलवे रोड निवासी राहुल दुबे, इंद्रजीत, अमरजीत तथा ललित उनके घर पर जबरन कब्जा करना चाहते है, जिस कारण वह आए दिन उन्हें परेशान करते है। बीते 17 मई को आरोपी उनके घर पर आए और बेटी की फोटो खीचने लगे। विरोध करने पर आरोपी बेटी के साथ गाली-गलौज कर मारपीट के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। मामले की शिकायत पुलिस से कई बार की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। जिस पर पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस कमिश्नर से की। पुलिस कमिश्नर के आदेश पर जूही पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

यशोदानगर में सड़क पर मिला अधेड़ का शव

कानपुर। यशोदा नगर बाईपास के श्रीराम स्कूल के पीछे सड़क किनारे एक अधेड़ का शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र करने के साथ आस-पास के लोगों से शव के शिनाख्यत के प्रयास कराए, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। थाना प्रभारी नौबस्ता ने बताया कि मृतक की नशे का लती लग रहा है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

ऊपरी मंजिल पर नहीं पहुंचेगा गल्ला, कारोबार होगा हल्का

व्यापारी व्यथा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

ऊपर नहीं आएगा ग्राहक

- दाल व्यापारी संजय गुप्ता ने बताया कि इतनी बड़ी बाजार में ग्राहक अपनी सहूलियत और माल की गुणवत्ता के आधार पर माल खरीदता है। ऐसे में कई बंधे ग्राहक ऐसे भी होंगे जो कुछ समय बाद अपनी सहूलियत के अनुसार माल खरीदने के लिए ऊपरी मंजिलों में आना ही छोड़ सकते हैं। इससे भी ऊपर की मंजिल में मौजूद दुकानदारों को दुकान बंद करने की नौबत आ सकती है।
- कलक्टरगंज गल्ला मंडी में प्रस्तावित कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स का विरोध
- कहा, काम्प्लेक्स बनने के बाद बाजार में होगी गिरावट, बढ़ेगी माल ढुलाई

बाजार पर आया संकट

- गल्ला कारोबारी अशोक अग्रहरि ने बताया कि कॉमर्शियल काम्प्लेक्स के प्रस्तावित होने से कलक्टरगंज मंडी पर दोहरी मार पड़ी है। कारोबार पहले ही ऑनलाइन व्यापार से प्रतियोगिता नहीं कर पा रहे हैं। उसके बाद यह कॉम्प्लेक्स व्यापारियों को नए संकट के मुहाने पर खड़ा कर रहा है।

अमृत विचार। कलक्टरगंज कॉमर्शियल काम्प्लेक्स का कारोबारियों ने पुरजोर विरोध किया है। वे कह रहे हैं कि काम्प्लेक्स उन्हें किसी सूरत में स्वीकार नहीं हैं। कारोबारियों का कहना है कि गल्ले का व्यापार कई फ्लोर वाले काम्प्लेक्स में नहीं हो सकता। उसमें कई तरह की समस्याएं आएंगी। खर्चे बढ़ जाने से कारोबारी बाजार में नहीं टिक पाएगा।

कलक्टरगंज से जुड़े कारोबारियों ने बताया कि पूरे देश में गल्ले की जितनी भी बाजारें हैं उन्हें काम्प्लेक्स का रूप नहीं दिया गया है। कलक्टरगंज उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष आशीष मिश्रा ने बताया कि पूरे देश में शहर में पहली बार ऐसा हो रहा है जब गल्ले की बाजार को कई मंजिला बनाए जाने का प्रयास किया जा रहा है। कारोबारियों ने बताया कि कलक्टरगंज गल्ला मंडी प्रदेश की सबसे बड़ी मंडी है। इस मंडी का अपना कार्य करने का एक तरीका है। काम्प्लेक्स उन्हें इसलिए नहीं स्वीकार है क्योंकि इससे हर मंजिल में मौजूद कारोबारियों के गल्ले का दाम अलग होगा। इसकी सबसे बड़ी वजह माल ढुलाई है। हर कारोबारी की दुकान में गल्ला रहता है और यह गल्ला श्रमिकों की सहायता से दुकान तक पहुंचता है। कारोबारी जब माल ढुलाई देता है तो उसका रेट प्रति बोरी के अनुसार बांट दिया जाता है। ऐसे में जब दुकानें कई मंजिला होंगी तो उसकी ढुलाई भी अलग ही होगी। इससे एक ही तरह के माल का बाजार में कई तरह के रेट होंगे। इससे ग्राहक और दुकानदार दोनों को ही नुकसान होगा। दूरगामी परिणाम यह होगा कि एक समय बाद ग्राहक दुकान पर आना ही छोड़ देगा।

मन की बात

कलक्टरगंज के व्यापारियों को यह काम्प्लेक्स किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं है। व्यापारी अपने व्यापार को बचाने और काम्प्लेक्स को न बनने देने के लिए बड़े प्रदर्शन के लिए भी तैयार हैं। जमीन की जांच भी जरूरी है, उस जांच से काफी कुछ साफ हो सकेगा।

-आशीष मिश्रा, अध्यक्ष, कलक्टरगंज उद्योग व्यापार मंडल

यह प्रदेश की सबसे बड़ी गल्ला बाजार है। यहां से पूरे देश में माल जाता है। इस बाजार की खासियत यह है कि तमाम मुहावरे तक बन चुके हैं। 'झाड़े रहो कलक्टरगंज' का तो पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई व मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तक अपने भाषणों में कर चुके हैं।

-अशोक अग्रहरि, व्यापारी

व्यापारियों के सामने बड़ी अजीब स्थिति खड़ी हो गई है। उनके सामने ऐसा प्रस्ताव खड़ा है जो उनके कारोबार को खत्म करने की वजह बन सकता है। व्यापारी इसे लेकर काफी निराश है। पूरी बाजार में असमंजस का दौर है। बाजार से जुड़े सभी लोग परेशान है।

-संजय मिश्रा, व्यापारी

कृष्णानगर के कई गांव व आदर्श विहार में 20 घंटे गुल रही बिजली

बिजली कटौती से गर्मी में बिलबिला रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। नौतपा लग चुका है, ऐसे में आसमान से बरस रही आग से बचाव के लिए घरों में बिजली के उपकरण ही सहारा बनते हैं, लेकिन वर्तमान में शहर के कई क्षेत्रों में दिन और रात दोनों समय कई घंटों तक बिजली गुल रह रही है, ऐसे में शहर के लाखों लोगों को भीषण गर्मी में बिजली संकट ने रोने पर मजबूर कर दिया है।

केस्को के जिम्मेदार अधिकारी अब तक बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने का सटीक उपाय नहीं खोज सके है।

रविवार को कृष्णा नगर के कई गांव में 20 घंटे, आदर्श विहार में 20 घंटे बिजली गुल रही। गंगापुर कालोनी में रातभर बिजली के दर्शन नहीं हुए। न्यू आजाद नगर में 16 घंटे बिजली संकट रहा। स्वर्ण जयंती विहार के राधापुरम में आ और जा रही है। गोपालनगर में पूरी रात बिजली नहीं आई। मंगला विहार, पनकी रोड कल्याणपुर, कोयला नगर में बिजली संकट से लोग बेहाल रहे। गिरजानगर, कल्याणपुर केशवपुरम में लो वोल्टेज की समस्या, नौबस्ता मछरिया में फेस नहीं आ रहा था। इसी तरह गुजैनी, आंबेडकर नगर, आवास-विकास हंसपुरम, गांधीग्राम, पनकी, रतनपुर समेत आदि क्षेत्रों में बिजली का दिनभर रोना रहा। नौबस्ता कृष्णा विहार, बसंत विहार, संजय नगर, पटकापुर, ट्रांसपोर्ट नगर, शताब्दी नगर, आरएसपुरम व काकादेव में लोग रात में रतजगा करने को मजबूर हुए।

कानपुर नगर को स्मार्ट सिटी का दर्जा प्राप्त है, लेकिन इसपर कानपुर विद्युत आपूर्ति कंपनी अपनी लचर व्यवस्था से संदेह खड़ा कर रही है। क्योंकि शहर के कई क्षेत्रों में लाखों लोग पूरी रात भीषण गर्मी में बिजली का सितम झेल रहे हैं। दिन में भी बिजली की समस्या जस के तस बनी रहती है। लेकिन केस्को के जिम्मेदार अधिकारी अपने उपभोक्ताओं के दर्द को समझना नहीं चाहते है। शहर के बर्रा दो, बर्रा पांच, मंगला विहार, तुलसी नगर, राजीव नगर, विनायकपुर, बसंत विहार, बर्रा आठ समेत अन्य क्षेत्रों में रात में बिजली का संकट बना रहा।

शताब्दी नगर निवासी गीतांजली गुप्ता ने बताया कि समय पर बिजली का बिल जमा करने के बाद भी क्षेत्र में बिजली की समस्या बनी हुई है। क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या अधिक है, शिकायत करने पर समाधान नहीं हो रहा।

रावतपुर निवासी विवेक भदौरिया ने बताया कि बिजली आने के बाद लोवोल्टेज और एक फेस न आने की समस्या बनी रहती है। केस्को के नंबर पर कॉल रिसीव होता है तो संबंधित व्यक्ति के बताए गए समय पर बिजली नहीं आती।

रावतपुर निवासी सुजीत सिंह ने बताया कि केस्को की बिजली व्यवस्था से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दिन हो या रात दोनों समय बिजली गुल की जा रही है। कॉल करने पर सटीक उत्तर भी नहीं मिलता।

कमला क्लब में गौरहरि सिंघानिया वुमन क्रिकेट टूनामेंट में विजयी टीम को ट्राफी देते संजय कपूर। अमृत विचार

स्पार्क कप टूर्नामेंट में कानपुर रेड चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आगरा क्रिकेट एसोसिएशन को पराजित किया

अमृत विचार। कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन (केसीए) की ओर से आयोजित डॉ. गौरहरि सिंहानिया स्मारक राज्य स्तरीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता फार स्पार्क कप में रविवार को हुए मुकाबले में कानपुर रेड ने आगरा क्रिकेट एसोसिएशन को 30 रन से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। मुख्य अतिथि केसीए के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर ने विजेता टीम को 21 हजार रुपये व ट्रॉफी प्रदान की। स्पार्क इंटरनेशनल के डायरेक्टर मुईन सिद्दकी ने उपविजेता आगरा टीम को 15 हजार रुपये का पुरस्कार दिया। टूर्नामेंट में कानपुर रेड की खिलाड़ी बबिता यादव को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, नंदनी को गेंदबाज और कप्तान एकता सिंह को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

कमला क्लब में खेले गए फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कानपुर रेड ने 35 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 178 रन बनाए। कानपुर रेड की कप्तान एकता सिंह ने पांच चौकों की मदद से 63 रन, बबिता यादव और क्षमा सिंह ने 21-21, निशा वर्मा ने 19 रन बनाए। आगरा से तनु ने दो, अंजलि सिंह और संपदा दीक्षित ने एक-एक विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आगरा टीम 30.2 ओवर में 148 रनों पर ऑल आउट हो गई। टीम से रमा कुशवाहा ने 39, अरुषी गोयल ने 34 रन का योगदान दिया। कानपुर रेड से नंदनी सिंह और अर्चना देवी ने तीन-तीन, अनुपम राजपूत ने दो, गरिमा यादव और बबिता यादव ने एक-एक विकेट लिए।

सार-संक्षेप

पनकी यार्ड में मालगाड़ी का वैगन पटरी से उतरा

पनकी यार्ड में वैगन बेपटरी। अमृत विचार

कानपुर। खाद्यान्न लेकर जा रही मालगाड़ी का वैगन पनकी यार्ड में पटरी से उतर गया। इस दौरान अन्य मालगाड़ियों में लदान नहीं हो सकी। चार घंटे बाद ट्रैक सामान्य होने पर मालगाड़ियों में लोडिंग शुरू हो सकी। रविवार सुबह 10 बजे खाद्यान्न लेकर निकली मालगाड़ी का वैगन बेपटरी हो गया। इसकी खबर पाकर दुर्घटना राहत ट्रेन के साथ रेलवे कर्मचारी मौके पर पहुंचे। कई घंटे की मशक्कत के बाद दोपहर दो बजे वैगन को पटरी पर रखकर ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया। सेंट्रल स्टेशन के उपमुख्य यातायात प्रबंधक आशुतोष सिंह ने बताया कि घटना यार्ड में हुई थी, यात्री ट्रेनों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

रागी जत्थों ने शबद-कीर्तन गाया। अमृत विचार

गुरु अमरदास महाराज का प्रकाश पर्व मनाया

कानपुर। रंजीतनगर गुरुद्वारे में साहिब श्रीगुरु अमरदास महाराज का प्रकाश पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मुरादनगर के सज्जन सिंह, किदवई नगर के रकम सिंह, अमरीक सिंह कानपुरी और सुरजीत सिंह ने शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया। समाप्ति व दीवान के बाद गुरु के लंगर में मैंगो जूस का वितरण किया गया। इस मौके पर सुखविंदर सिंह भल्ला, कुलदीप कौर, हरप्रीत सिंह भल्ला, बलबीर सिंह अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

मानवाधिकार परिषद ने नांदें रखवाईं। अमृत विचार

पशुओं की प्यास बुझाने के लिए रखवाईं नांद

कानपुर। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद कानपुर इकाई टीम ने शहर भर में सौ से अधिक स्थानों पर जानवरों के पीने के पानी के लिए सीमेंट की बनी नांद रखवाईं। आस-पास के लोगों से रोजाना नांद में पानी भरने की अपील की ताकि भीषण गर्मी में जानवर प्यासे न रहें। परिषद के कोर कमेटी सदस्य अमित राजपूत ने बताया कि परिषद से जुड़े सदस्य आपस में स्वेच्छा से सहयोग करके समय-समय पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, वस्त्र वितरण, शर्बत वितरण, पौधरोपण आदि भी करवाते हैं। आयोजन में शैलेंद्र कुमार, मोहित राजपूत, अनुराग सिंह, विनय वर्मा, डॉ नितेश सिंह समेत आदि लोग उपस्थित रहे।

चकेरी में शरबत वितरण हुआ। अमृत विचार

शरबत वितरण किया गया

कानपुर। गर्मी से राहगीरों को राहत देने के लिए जीटी रोड चकेरी मोड़ स्थित कानपुर पब्लिक स्कूल की ओर से शरबत वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या प्रज्ञा अग्निहोत्री व एनसीसी अध्यापक नवीन शर्मा की ओर से महत्ती भूमिका निभाई गई। चकेरी मोड़ पर हुए कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थियों की ओर से राहगीरों को शरबत पिलाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जीवन में समाज सेवा का महत्व भी बताया गया। कहा गया कि दूसरों की सेवा करने से खुद के आत्मविश्वास में बढोतरी होती है। कार्यक्रम में उमंग, शुभंकर, आयुष, विराट, रिया, तनवी, रिषभ बच्चों ने शरबत वितरण किया।

भावी पीढ़ी को सुरक्षित करने को गंगा जन जागरण जरूरी

कानपुर। मोतीझील लॉन में गंगा समग्र कानपुर प्रांत की ओर से रविवार को गंगा मेला महोत्सव में गंगा आरती का आयोजन हुआ। प्रांत संयोजक राजेश ने बताया कि अविरल गंगा निर्मल गंगा के लिए जरूरी है कि पर्यावरण का संतुलन भी रहना चाहिए। गंगा का जल हिंदुस्तान में सभी धर्म के लोग व सभी संप्रदाय के लोग पीते हैं। गंगा मां सबके लिए मां के ही समान है। वह किसी से भेदभाव नहीं करती है। धर्माचार्य बिशप डॉक्टर पी बर्गिस, सरदार मनमोहन सिंह, पुजारी महाकाल मंदिर संजय त्रिवेदी, मौलवी मोहम्मद जावेद खान ने लोगों को बताया कि भावी पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित, सुखमय हो इसके लिये हमें नदियों, तालाबों, कुओं, जल श्रोतों, झील, कुंड आदि के प्राकृतिक पुरातन स्वरूप वापसी के लिए जनजागरण करना पड़ेगा। इसी के लिए गंगा मेले का आयोजन किया गया है। इस दौरान आरती का आयोजन आचार्य कालीचरण दीक्षित ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप राजेंद्र गुप्ता एडवोकेट सह मीडिया प्रभारी गंगा समग्र कानपुर प्रांत, सचिन सिंह, अजय त्रिपाठी, सुबोध बाजपेई, सचिन दीक्षित, एडवोकेट विपिन दीक्षित, आयुष बाजपेई, गोमसी तिवारी, आदित्य दीक्षित, रवि प्रताप सिंह, पुरुषोत्तम प्रताप सिंह, रेनू शर्मा, क्षमा शुक्ला, सुमन सोनी रहे।

शिवसती नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

शिव विवाह का मंचन पर बजीं तालियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। मानस शिरोमणि फाउंडेशन की ओर से रविवार को शिवसती नाटक का मंचन किया गया। नाटक के जरिए कलाकारों ने महादेव के गुणों, तप और दया का वर्णन किया। कलाकारों के संवाद और मंच भव्यता ने दर्शकों को आकर्षित किया।

नाटक में दिखाया गया कि शिव देवों के देव महादेव हैं। दक्ष के महल में सती जैसे ही इन शब्दों को कहती हैं, वैसे ही दक्ष अपनी पुत्री सती पर गुस्सा करते हैं। सती अपने आराध्य भगवान शिव का महिमा बताती हैं तो दक्ष अपनी पुत्री को बेलपत्र देकर बोलते हैं कि चढ़ाओ बेलपत्र और बुलाओ शिव को। सती शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाकर ओम नमः शिवाय का जाप करती है। इसी बीच आकाश से ध्वनि होती है और महादेव प्रकट हो जाते हैं। इतना होते ही सभागार तालियों से गूंज उठता है। इसके बाद एक अन्य दृश्य में शिव विवाह का मंचन उत्साह व भव्यता के बीच हुआ। सती की ओर से शिव को जयमाला पहनाते ही सभी ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

नारी-नारी एक हो जाए तो सब पर भारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

रोटरी क्लब आफ कानपुर साउथ के कार्यक्रम में नारी सशक्तीकरण पर रहा जोर। अमृत विचार

अमृत विचार। नारी-नारी एक हो जाए, सास-बहू एक हो जाए, ननद-भौजाई एक हो जाएतो पड़ती सब पर भारी। यह उद्गार स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. सीमा द्विवेदी ने व्यक्त किए। उन्होंने हम ही जौहर पदमा का, कविता की पंक्तियों से माहौल बनाया।

रविवार को डा. सीमा गैंजेस क्लब के अशोका हाल में रोटरी क्लब आफ कानपुर साउथ के कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने अपने संबोधन जहां कविता पाठ किया वहीं आईएमए इलेक्शन का संस्मरण भी सुनाया। बतौर मुख्य अतिथि एडिशनल लेबर कमिश्नर सौम्या पांडेय ने भी अपने संबोधन में नारी सशक्तीकरण पर जोर दिया। उन्होंने बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। अनुष्का जैन चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में हुए बेटी शिक्षित मां वंदित मातृ सम्मान समारोह में 151 महिलाओं को मुकुट, चुनरी और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। रो. दिनेश चंद्र शुक्ल ने कहा कि संसाधनों से सफलता नहीं हासिल की जा सकती है।

सफल होने के लिए हौसला बुलंद होना चाहिए। संस्था के अध्यक्ष अमित खत्री ने बेटी को परिभाषित करते हुए कहा कि बेटी को दुहिता भी कहा जाता है क्योंकि बेटी एक नहीं दो घरों को संवारती है। दो कुल की जिम्मेदारी वहन करने वाली बेटियों को शिक्षित होना भी बहुत जरूरी है।

पढ़ेंगी बेटियां तो आगे बढ़ेगी बेटियां। लड़कियों को शिक्षित किया जाए, इसी कड़ी में क्लब लड़कियों को पढ़ाने में अपना सहयोग करता है। संचालन करते हुए महक खत्री ने बताया कि क्लब उन महिलाओं का सम्मान कर रहा है जो अपनी बेटियों की पढ़ाई को आठवीं के बाद भी जारी रखती हैं।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुमित खन्ना, जसबीर सिंह भाटिया, हेमंत संत, रमन कपूर, अशोक मेहरा, दलजीत कौर, निधि मल्होत्रा, ममता अवस्थी, हेम जैन, रवि दयाल, दीपक टंडन, योगेश पांडेय, अनिल, दीपा, कनक बजाज, सोनिया खत्री, रोहित आहूजा, गौरव बजाज, राजेश अवस्थी आदि मौजूद रहे।

धर्म-अध्यात्म

रामभक्त की शरणागति ही सिद्ध, रामचरितमानस में कर्म योगी हैं हनुमान

हनुमान जैसी शरणागति होनी चाहिए, उनका चरित्र सदा बेदाग रहा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

स्वामी प्रबुद्धानंद। अमृत विचार

हनुमान चरित्र प्रवचन कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

अमृत विचार। चिन्मय मिशन की ओर से मर्चेंट चैंबर हॉल में आयोजित हनुमान चरित्र ज्ञान यज्ञ में रविवार को स्वामी प्रबुद्धानंद ने शरणागति का अर्थ समझाया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जीव, साधु-संत, गृहस्थ को किसी न किसी का आश्रय लेना पड़ता है। आश्रय का प्रमुख उद्देश्य सुरक्षा, उन्नति, धन उपार्जन आदि के लिए होता है। स्वामी जी ने हनुमान चरित्र पर प्रवचन करते हुए कहा कि शरणागति का मार्ग क्या है। इस समझने के लिए कहा कि हनुमान की शरणागति ही सिद्ध है। हनुमान का चरित्र कभी संदेह के घेरे में नहीं आया, जबकि रामचरित मानस के अन्य चरित्र किसी न किसी कालखंड में संदेह के घेरे में रहे।

स्वामी जी ने बताया कि ऐसा कोई व्यक्ति नहीं जिसके सामने विपरीत परिस्थितियों न आई हों। उस समय व्यक्ति ईश्वर के अलावा किसी अन्य को याद करता है, अर्थात यदि धन है तो मैं सब ठीक कर सकता हूं। भरोसे को स्पष्ट करते हुए बताया कि पहला भरोसा धन पर, दूसरा भरोसा संबंधों पर, तीसरा भरोसा पुरुषार्थ पर तथा चौथा भरोसा कुटिलता पर है।

हम सभी सुरक्षा के लिए प्रभु का आश्रय लेते हैं, लेकिन प्रभु के आश्रय लेने में यह परेशानी है कि वह दिखाते नहीं है। गीता का कर्म योग यदि रामचरितमानस में देखना हो तो वह हनुमान के रूप में दिखता है। जहां व्यवहार में हनुमान सबसे बड़े कर्मयोगी हैं। रामचरितमानस में हनुमान कर्म योग के ब्रांड एंबेसडर हैं। रविवार को हनुमान चरित्र ज्ञान यज्ञ की शुरूआत स्वामी गंगेशानंद ने दीप जलाकर की। डॉ. उमेश पालीवाल, नरेंद्र पाल भांडोह, डॉ. मनोज अवस्थी, राजकुमार लोहिया, मुख्य यजमान मनोज अग्रवाल, ब्रह्मचारी राघव, अनूप सेठ रहे।

पित्ताशय की सर्जरी में जीरो टॉलरेंस का रखें लक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

सर्जरी करते चिकित्सक। अमृत विचार

- कानपुर सर्जिकल क्लब के तत्वावधान में दो दिवसीय अधिवेशन एवं कार्यशाला

अमृत विचार। कानपुर सर्जिकल क्लब के तत्वावधान में गुरुदेव चौराहे के निकट एक होटल में आयोजित कार्यशाला में विशेषज्ञों ने पित्ताशय की जटिल सर्जरी में जीरो टॉलरेंस का लक्ष्य रखने पर जोर दिया।

रविवार को कानपुर सर्जिकल क्लब द्वारा इंडियन एसोसिएशन आफ गैस्ट्रोइंटेस्टानल इंडोसर्जन्स व एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स आफ इंडिया उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में द्विदिवसीय अधिवेशन व कार्यशाला का दूसरा दिन था। कार्यशाला में देश के जाने माने दूरबीन विशेषज्ञों द्वारा पित्ताशय के आपरेशन का शिवानी हास्पिटल से आयोजन स्थल पर सजीव प्रसारण किया गया। जिसमें विशेषज्ञों द्वारा साधारण से जटिल पित्ताशय के आपरेशन को सुरक्षित तरीके से करने के गुरुमंत्र दिए गए। बताया गया कि विश्व में सबसे ज्यादा किये जाने वाले पित्ताशय की पथरी का दूरबीन विधि से आपरेशन कई बार जटिलताओं को जन्म दे सकता है। इस सबसे ज्यादा किए जाने वाले आपरेशन को पूरी तरह से सुरक्षित बनाना एवं शल्य चिकित्सकों में जटिलताओं के प्रति जीरो टालरेंस बनाना ही कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है। इस दौरान सर्जन डा. शिवाकांत मिश्रा, डा. सुभाष अग्रवाल, डा. सतीश मिढ़ा, डा. दीपक अग्रवाल एवं डा. शिवांशु मिश्रा ने सर्जरी करने के साथ ही सर्जनों के सवालों के जवाब भी दिए। इसके साथ ही दूरबीन से सटीक सर्जरी के लिए भी प्रशिक्षित किया। कार्यशाला में सर गंगाराम हास्पिटल के डा. तरुण मित्तल द्वारा रोबोटिक सर्जरी का भी सजीव प्रसारण किया गया। इस मौके पर डा. मनमोहन वर्मा, डा. राजन लूथरा, डा. यूसी सिन्हा, डा. सीके सिंह, डा. मनोज सोनकर, डा. कौस्तुभ गुप्ता, डा. जीडी यादव, डा. राजीव भार्गव रहे।

गांव के तीन घरों में लगी आग, गृहस्थी राख

रसूलाबाद। असालतगंज के मजरा कधिया गांव में संदिग्ध हालात में तीन घरों मे आग लग गई। सूचना पर मौके पहुंचें दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आने से घरों में रखी गृहस्थी का सामान और अनाज जलकर राख हो गया। असालतगंज के कधिया गांव में संदिग्ध हालात में रविवार दोपहर को बबुआ के घर में रखे भूसे में आग लग गई। आग से पड़ोसी रामसेवक और भईयालाल के घर भी चपेट में आ गए। ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आने से रामसेवक के घर में रखे 17 कुंतल गेहूं और 7 कुंतल धान समेत गृहस्थी का सामान राख हो गया।

जमीन के विवाद में एक पक्ष ने लाठी कुल्हाड़ी से हमला किया, सात घायल

संवाददाता, बिधनू

- मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा
- आरोपियों ने दोनों साथी किन्नरों को निर्वस्त्र करके जमकर पीटा

अमृत विचार। क्षेत्र के कसिगवां गांव में पारिवारिक भाइयों में जमीन को लेकर चल रहे विवाद को लेकर एक पक्ष ने शनिवार को दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। इस दौरान लाठी व कुल्हाड़ी से वार कर चार महिलाओं व दो किन्नरों समेत सात लोगों को घायल कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक कसिगवां निवासी किसान दयाशंकर का परिवारिक भाई रामबाबू से जमीन को लेकर विवाद चलता है। शनिवार रात जमीन को लेकर दयाशंकर के छोटे भाई की विधवा पत्नी सरोज से रामबाबू का विवाद हो गया। जिसपर रामबाबू ने सरोज को पीट दिया। बेटे विनोद ने विरोध किया तो रामबाबू, भाई द्वारिका व बेटे सत्यम समेत 15 लोगों ने उसे भी पीटा। इसके बाद घर में घुसकर पत्नी रामदेवी और चचेरी बहन राजकुमारी व दिव्या को कुल्हाड़ी मारकर घायल कर दिया। जिसपर दिव्या ने नौबस्ता निवासी किन्नर भाई राहुल उर्फ शौम्या को सूचना दी। जिसपर राहुल दो किन्नर साथियों संग गांव पहुंच गया। जिसपर सभी आरोपितों ने राहुल समेत साथी किन्नरों पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। राहुल कंधे और जांग पर कुल्हाड़ी लगने से घायल हो गया। वहीं आरोपितों ने दोनों साथी किन्नरों को निर्वस्त्र करके जमकर पीटा। किसी प्रकार राहुल मौके से निकालकर थाने पहुंचा। जिसके बाद गांव पहुंची पुलिस को देख हमलावर मौके से भाग निकले। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। रामदेवी की तहरीर पर पुलिस ने हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह बताया कि आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।

सड़क दुर्घटनाओं में महिला समेत तीन की मौत

हादसों का रविवार: दोपहर में क्षेत्र के बेला मार्ग व हाईवे पर हुए हादसे, तीन घायलों का इलाज के लिए हैलट अस्पताल भेजा गया

संवाददाता,चौबेपुर

ड्राइवर मौके पर ट्रक छोड़कर भाग गया। अमृत विचार

मरियानी गांव के सामने हुई भिड़ंत। अमृत विचार

रुचि यादव।

अमृत विचार। क्षेत्र में रविवार को दो अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों का इलाज के लिए हैलट अस्पताल रेफर किया गया।

पहला हादसा रविवार दोपहर बेला मार्ग पर हुआ। जहां सरगांव डेरापुर, कानपुर देहात निवासी मुकेश चंद्र, छोटेलाल व मंगली रविवार दोपहर एक ही बाइक पर घर लौट रहे थे। तभी घिन्नीपुरवा गांव के निकट विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे से घबराए पिकअप चालक ने गाड़ी भगाने के प्रयास में आगे चल रहे एक अन्य बाइक मे टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार कांती व बलराम निवासी रुस्तमपुर, उन्नाव, घायल हो गए। दुर्घटना के बाद चालक मौके से गाड़ी लेकर भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया। जहां छोटेलाल(55), मंगली उर्फ बबलू (52) की मौत हो गई।

वहीं दूसरी दुर्घटना जीटी रोड हाई वे पर क्षेत्र के मरियानी व देदूपुर के मध्य लक्ष्मी हॉस्पिटल के सामने दोपहर करीब 1:30 बजे हुई। जहां सर्विस लेन से हाईवे पर चढ़ते ही एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार महिला की ट्रक के पहिया के नीचे आ जाने से मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मृतका के पास मिले कागजात से उसकी पहचान रुचि यादव (25) पुत्री कैलाश चंद्र निवासी बिरैचामऊ, शिवराजपुर के रूप में हुई। जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे मृतका के भाई मनीष ने पुलिस को बताया कि रुचि की शादी अभी बीते नवंबर माह में ही हुई थी। वह कोचिंग पढ़ाने के लिए ने गांव से स्कूटी द्वारा मंधना गई थी। जहां से वापसी के दौरान हादसे का शिकार हो गई। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि अलग-अलग दुर्घटनाओं में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हुई है। घायलों को उपचार के लिए हैलेट कानपुर रेफर किया गया है। दुर्घटना वाले करने वाले ट्रक को कब्जे में लिया गया है जबकि पिकअप की तलाश कराई जा रही है।

- कोचिंग पढ़ा कर स्कूटी से लौट रही थी महिला

हाईवे पर ऑटो व कार में भिड़ंत, तीन घायल

- **चौबेपुर।** क्षेत्र के मरियानी गांव के सामने हाईवे पर रविवार सुबह कार व ऑटो में आमने-सामने हुई भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस नें घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा है। मवैया, शिवली निवासी विशाल रविवार सुबह करीब 9 बजे ऑटो में सब्जी लादकर शिवराजपुर की ओर जा रहा था। मरियानी गांव के निकट वह गाड़ी में सीएनजी भराने के लिए सर्विस लेन से हाईवे पर चढ़ कर उल्टी दिशा में जा रहा था कि तभी सामने से आ रही कार से उसकी भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में दोनों गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त गईं और ऑटो चालक विशाल, कार चालक सचिन कटियार व साथी प्रदीप कटियार निवासी बेरी, शिवराजपुर को चोटें आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि दुर्घटना में ऑटो चालक व कार सवार लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं। किसी की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है।

एकता का संदेश देकर तीन दिन चले उर्स का समापन

संवाददाता, शिवराजपुर

अमृत विचार: कस्बे के हजरत बाबा बल्की शाह रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह पर सालाना तीन दिन के उर्स का रविवार को समापन हो गया। आयोजन किया गया सौहार्द की अनोखी मिशाल हजरत बल्कि शाह के 46वें उर्स में तमा अकीदतमंद आए।

कस्बे के पकरा गांव स्थित दरगाह शरीफ का सालाना उर्स धूमधाम से क्षेत्रवासियों ने मनाया। शिवराजपुर कस्बे में अपने रुहानी फैज से आबाद करने वाले हजरत बाबा बल्कि शाह रहमतुल्लाह अलैह की याद में सालाना तीन दिवसीय उर्स का आयोजन किया गया था। कस्बे के चेयरमैन प्रतिनिधि कैलाश नारायण, रियाज खान ने उर्स में आए कव्वालों का स्वागत किया। अरसद कामली तथा सनम वारसी ने जवाबी कव्वाली पेश की। उर्स के दौरान कव्वालों ने कई बेहतरीन कलाम पढ़कर समां बांध दिया।

हिन्दू मुस्लिम एकता कमेटी के सरपरस्ती में हुए जश्ने उर्स में फनकारों ने कई कलाम पेश किये। उर्स में मेला भी लगा। कमेटी उपाध्यक्ष शमीम फ़ारूक़ी ने बताया कि उर्स शरीफ में सभी समाज के पुरुष-महिलाओं ने दरगाह शरीफ में हाजिरी लगा कर अपनी मन्नत मानी। छबील और प्रसाद वितरण किया गया। थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने फोर्स के साथ सुरक्षा संभाली।। नौशाद अली,नसीम,हनीफ सभासद, जमील,समी, सलमान,तौसीफ, लल्ला, नसीम, रियाज, जमील, कर्मेन्द्र त्रिपाठी, दिलशाद साहिल, निसार, जमीर, शमशाद, तौशीफ पप्पू शहजल आदि उपस्थित रहे।

उर्स में आए कव्वालों ने समां बांध दिया। अमृत विचार

कृष्ण की बाल लीलाएं सुनकर लगाए जयकारे

आचार्य रवि देव। अमृत विचार

कथा सुनने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु आए। अमृत विचार

संवाददाता, घाटमपुर

- श्रीमद् भागवत कथा सुनने को भक्तों की उमड़ी भारी भीड़

अमृत विचार। इटर्रा गांव में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के छठे दिन कथावाचक आचार्य रवि देव जी महाराज की कृष्ण जन्म व उनकी बाल लीलाओं की कथा सुनाई। कथा सुनकर भक्त भाव विभोर हो गए।

घाटमपुर के ग्राम पंचायत इटर्रा में गोविंद गुप्ता के घर में ग्राम वासियों के सहयोग से श्रीमद् भागवत कथा चल रही है। जिसमे कथा के छठवें दिन कथा सुनने को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी।

आचार्य रवि देव जी महराज के द्वारा श्री कृष्ण जन्म की कथा के साथ साथ कृष्ण बाल लीलाओं व गोवर्धन पूजा की कथा भी सुनाई।

कथा सुन कर भक्त भाव विभोर हो गए। सोमवार को सुदामा चरित्र की विस्तार पूर्वक कथा होगी। मंगलवार को हवन एवम भंडारा का आयोजन किया जाएगा। शोभित तिवारी, राकेश कुशवाहा ,प्रेम कुशवाहा ,गोविंद गुप्ता, राजेश विश्वकर्मा, विनय कुमार, राजेंद्र प्रसाद बाजपेई, सतीश बाजपेई, छोटू ,रजत, समाचार पत्र विक्रेता संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष टिंकू बाजपेई आदि मौजूद रहे।

कथा में युधिष्ठिर-कृष्ण संवाद को समझाया

संवाददाता, बिल्हौर

अमृत विचार। ककवन कस्बे के अटल नगर में धर्मार्थ सेवा समिति व क्षेत्रवासियों के सहयोग से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन वृंदावन से आए आचार्य धन्वंतरी दास महाराज ने गीता के कई प्रसंगों को सुनाया। सैकड़ो की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने इस दौरान जय-जयकार लगाई। आचार्य ने तीसरे दिन महाभारत के द्रौपदी चीरहरण से लेकर करण-अर्जुन संवाद, युधिष्ठिर-कृष्ण संवाद को विस्तार पूर्वक समझाया इस मौके पर भजनों पर तमाम श्रद्धालु नृत्य करते दिखे। कथा में मुख्य रूप से पहुंचे गोल्डन मैन मनोज सिंह सेंगर ने आचार्य को प्रभु श्रीराम का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। कथा में प्रमुख रूप से अचार्य शोभित, अविनाश के साथ सर्वेंद्र स्वर्णकार ,रजनीश स्वर्णकार, पिंकू मिश्रा ,अनिल यादव आदि रहे।

आचार्य को प्रभु श्रीराम का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। अमृत विचार

सार-संक्षेप

शिक्षक बिना अनुमति नहीं जा सकते विदेश

कानपुर देहात। प्राथमिक उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों में तैनात शिक्षक यदि बिना विभागीय अनुमति के विदेश घूमने गए तो सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों और खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि स्कूलों में यदि ग्रीष्मावकाश है तो भी विदेश भ्रमण की अनुमति लेना जरूरी है। नियम के मुताबिक शिक्षक हो या कर्मचारी किसी को भी विदेश जाने के लिए पहले बीएसए के पास आवेदन करना होता है। उसके बाद बीएसए बीईओ से रिपोर्ट लेते हैं। फिर बीएसए विदेश जाने की अनुमति के लिए बेसिक शिक्षा विभाग के सचिव के पास फाइल भेजते हैं। फिर सचिव ही शिक्षकों को विदेश जाने की अनुमति देते हैं। अगर कोई शिक्षक बिना अनुमति के विदेश जाता है तो उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही होती है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पांडेय का कहना है कि कोई भी शिक्षक हो या विभागीय कर्मचारी बिना विभाग के अनुमति के वह विदेश नहीं जा सकता है। बिना अनुमति के यदि पकड़े गए तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। बिना अनुमति विदेश जाने में सर्विस बुक पर दर्ज होगा रिकॉर्ड : मौजूदा समय में सभी सरकारी विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश चल रहा है। इस बार यदि कोई शिक्षक बिना अनुमति के विदेश गया तो उसे अनुशासनहीनता माना जाएगा।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अच्छी खबर | दक्षिणांचल विद्युत निगम ने खींचा खाका, जून से हो सकती योजना की शुरूआत

अब ग्रामीण इलाकों में भी लगेगें स्मार्ट बिजली मीटर

अभय प्रताप सिंह, बिल्हौर

15 सबस्टेशन क्षेत्र में हैं

88 हजार घरेलू कनेक्शन

2900 कामर्शियल कनेक्शन

- फाल्ट भी होंगे कम बिजली चोरी भी रुकेगी

जून में योजना की शुरुआत की जाएगी। सभी उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा और विभाग भी बिजली चोरी से मुक्त होगा, स्मार्ट मीटर नि :शुल्क विभाग की ओर से लगाया जाएगा।

-अनुज सेठ, अधिशाषी अभियंता

अमृत विचार। लगातार प्रदेश सरकार विद्युत क्षेत्र में अपने सुधार करते हुए उपभोक्ताओं की सहूलियत के आधार पर अब दक्षिणांचल विद्युत लिमिटेड ग्रामीण इलाकों में भी स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाना शुरू कर रही है। विभाग के अधिकारियों की माने तो लोकसभा चुनाव के बाद से ही गांव-गांव स्मार्ट मीटर लगाए जाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। ओवरलोडिंग व फाल्टों से बचने के लिए स्मार्ट प्रीपेड मीटर घर-घर लगवाए जाएंगे। जिससे बिजली चोरी रुकने के अलावा उपभोक्ताओं को मीटर रीडिंग की झंझट से भी मुक्त कर दिया जाएगा। अधिशाषी अभियंता चौबेपुर अनुज सेठ ने बताया कि जल्दी विभाग गांव-गांव स्मार्ट मीटर लगवाने का काम शुरू कर दिया जाएगा । और लगभग साठ फीसदी गांव में पहले ही एबीसी केबल बिछाई जा चुकी है ऐसे में अब इस स्मार्ट मीटर लगने के बाद विद्युत आपूर्ति में और भी सुधार देखने को मिलेंगे। उपभोक्ताओं को समय पर अपने बिल की जानकारी हो सकेगी। चौबेपुर खण्ड मे कुल 88 हजार उपभोक्ता घरेलू है इसके अलावा व्यवसायिक भी है जिसमे बिल्हौर, शिवराजपुर, चौबेपुर, ककवन व देहात के लोग भी है।

उपभोक्ताओं को नहीं देना होगा कोई खर्च

- अधिशाषी अभियंता अनुज सेठ के अनुसार स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगवाने के लिए उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की अतिरिक्त धनराशि नहीं देनी होगी। नया मीटर लगाने का खर्च बिजली विभाग उठाएगा। समय-समय पर रिचार्ज कराते हुए विद्युत उपभोक्ता मोबाइल फोन सेवा की तरह बिजली का लाभ उठाते रहेंगे। स्मार्ट मीटर के जरिए लगातार क्षेत्र में और खासकर ग्रामीण इलाके में हो रही बिजली चोरी पर भी विशेष रोकथाम की जाएगी जिससे सही लोड की जानकारी विभाग को होगी और इस आधार पर विद्युत आपूर्ति क्षेत्र में की जाएगी।

कैसे काम करेगा स्मार्ट मीटर

- स्मार्ट मीटर से उपभोक्ता बिजली का लाभ ठीक वैसे ही उठाएंगे, जैसे मोबाइल रिचार्ज कराकर बातचीत करने या इंटरनेट सेवा का लाभ उठाते हैं। ये मीटर उपभोक्ताओं के सीधे मोबाइल से जुड़ा होगा। उपभोक्ता को प्रतिदिन इसकी जानकारी होती रहेगी कि वह कितने यूनिट व कितने रुपये की बिजली इस्तेमाल कर चुके हैं। और एप के जरिए खुद ही अपने मीटर के बिल की जानकारी ले सकेंगे। ये मीटर अत्याधुनिक तकनीक से लैस होंगे। घरों में इस मीटर के लगाए जाने के बाद बाइपास बिजली, मीटर से छेड़छाड़ आदि बिजली चोरी से जुड़े कार्य नहीं किए जा सकेंगे। यदि कोई उपभोक्ता ऐसा करने का प्रयास भी करेगा तो मीटर से सीधे इससे संबंधित सूचना विभाग के कंट्रोल रूम को मिल जाएगी।

संदिग्ध हालात में युवक फांसी पर झूला, मौत

कुलदीप

घाटमपुर। थाना सजेती अंतर्गत गुरैयनपुर गांव में एक युवक ने दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों की सूचना पर पहुंची सजेती पुलिस ने घटना की बारीकी से जांच करते हुए शव को पेड़ से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आत्महत्या का कारण परिजन नहीं बता सके।

सजेती थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गुरैयनपुर निवासी कुलदीप निषाद (20) वर्ष रविवार को सुबह 9 बजे गांव से लगभग पांच सौ मीटर दूर खेत में खड़े नीम के पेड़ में दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी। वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने शव लटका देख सूचना परिजनों को दी।

प्रेमी युगल ने एक ही दुपट्टे से फंदा लगा दी जान

युवती को ले जाने में पिछले साल जेल गया था युवक, 16 मई को छूटा था जमानत पर, सीओ ने की छानबीन

संवाददाता शिवली

अमृत विचार। रामपुर गांव के बाहर खेतों में रविवार को बबूल के पेड़ से एक दुपट्टे में प्रेमी युगल फंदे पर लटके मिले। जिससे लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर सीओ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू की है। दोनों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी रामपाल का पुत्र मदन (21) कस्बे के देवनगर मोहल्ला निवासी महेश के यहां ट्रैक्टर चलता था। उसी दौरान उसकी दोस्ती महेश की पुत्री शकुंतला से हो गई थी। दोनों की दोस्ती प्रेम में बदल गई और वह दोनों बीते वर्ष 21 जुलाई को घर से बिना बताए केरल चले गए थे। पिता ने थाने पहुंच कर मदन पर पुत्री को बहला कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने दोनों को केरल से बरामद किया था। मामले में मदन को जेल भेजने के साथ ही शकुंतला को नारी निकेतन भेजा गया था। परिजन पुत्री को नारी निकेतन से घर ले आए थे। इधर बीती 16 मई को मदन जमानत पर जेल से बाहर आया था। इसके बाद दोनों का फिर से मिलना-जुलना शुरू हो गया। परिजनों की सख्ती पर शनिवार को देर रात घर से निकले मदन व शकुंतला ने रामपुर गांव के बाहर शिवली कस्बे के संतोष शुक्ला के खेत में खड़े बबूल के पेड़ से दुपट्टे के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। रविवार की सुबह खेतों पर काम करने गए किसानों ने दोनों के शव लटकते देखा तो सूचना पुलिस व मृतक के परिजनों को दी। जानकारी पर दोनों के परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं सीओ राजीव सिरोही, कोतवाल संजय गुप्ता फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन करते हुए साक्ष्य संकलित कराए। बेटे की मौत से मां लक्ष्मी, भाई अजय, पिता रामपाल तथा शकुंतला की मौत से पिता महेश, भाई कक्कू आदि का रो-रो कर बुरा हाल रहा। सीओ राजीव सिरोही ने बताया कि प्रथमदृष्टया प्रेम प्रसंग के चलते दोनों के फंदा लगाने की बात सामने आई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

घटनास्थल पर मौजूद मृतकों के परिजन व अन्य लोग। अमृत विचार

मौके पर छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

शकुंतला।

मदन।

10 हजार आबादी को नहीं मिला पानी

संवाददाता मूसानगर

अमृत विचार। नगर पंचायत के फत्तेपुर स्थित नलकूप से पांच दिन बाद भी पानी की सप्लाई बहाल नहीं हो सकी। जिससे भीषण गर्मी में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं और दस हजार आबादी के सामने पेयजल का संकट बना हुआ है। इसके बाद जिम्मेदार समुचित जलापूर्ति नहीं कर पा रहे हैं।

फत्तेपुर स्थित नलकूप से आजाद नगर, फत्तेपुर, अब्दुल कलाम नगर व रसूलपुर में पेयजल की आपूर्ति की जाती है। नगर के कामता पाल, सुनील, खुशी राम, फहीम, शंकर आदि ने बताया कि एक वर्ष पहले प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के तहत जलापूर्ति के लिए नई पाइपलाइन डाली गई थी। उसकी मेन लाइन से अभी तक कनेक्शन नहीं किए गए थे। अब पिछले छह दिनों से नई मेन लाइन को घर की सप्लाई वाली लाइनों से जोड़ने का काम हो रहा है। शनिवार को लाइन जोड़ने के बाद सप्लाई चालू की गई, लेकिन दोबारा से पाइप लाइन फट गई। जिसके कारण नगर के पांच वार्डों की जलापूर्ति बाधित है। लोग हैंडपंपों व घर में लगे सबमर्सिबल के सहारे पानी भर रहे है। वहीं नगर पंचायत द्वारा टैंकरों से पानी सप्लाई किया जा रहा है।लोगों का कहना है कि टैंकर से पानी सप्लाई पर्याप्त नहीं है। वहीं हैंडपंपों पर लंबी कतारें देखी गईं। इस बावत अधिशाषी अधिकारी संजय पटेल ने बताया जलापूर्ति के लिए टैंकर भेजे जा रहे हैं। वही जल निगम के कर्मचारी मेन लाइन को सप्लाई वाली लाइन से जोड़ने का काम कर रहे है।

मूसानगर में सबमर्सिबल से पानी भरने को लगी भीड़। अमृत विचार

खुदाई के बाद डाली गई पाइपलाइन।

- नई मेन लाइन को सप्लाई वाली लाइनों से जोड़ा जा रहा
- टैंकरों से जलापूर्ति पर्याप्त नहीं हैंडपंपों पर लंबी-लंबी कतारें

बनीपारा महाराज की पानी टंकी पड़ी ठप

संवाददाता रूरा

- भीषण गर्मी में पानी के लिए हैंडपंप व सबमर्सिबल बने सहारा, लोग परेशान

अमृत विचार। क्षेत्र के बनीपारा महाराज गांव में करीब बारह वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश जल योजना के तहत करोड़ों रुपये की लागत से 250 किली क्षमता वाली पानी टंकी बनने के बावजूद दो साल से बंद पड़ी है। जिससे गर्मी में लोगों को हैंडपंप व सबमर्सिबल का सहारा लेना पड़ रहा है। लोगों ने पानी टंकी से आपूर्ति शुरू कराने की मांग की है।

बनीपारा महाराज गांव के सतेंद्र पाठक, नीरज सिंह, इकबाल खान, राजू गुप्ता आदि ने बताया कि 2012 में पानी टंकी का निर्माण हुआ था। कुछ वर्ष तक तो जलापूर्ति सुचारू रूप से हुई, लेकिन उसके बाद जलापूर्ति में बाधा आने लगी। यही हाल कई साल तक चलता रहा। करीब दो सालों से जगह-जगह लीकेज और टंकी का करीब 15 लाख रुपये बिजली का बिल बकाया होने के चलते जलापूर्ति ठप हो गई। जिससे भीषण गर्मी में लोग एक-एक बाल्टी पानी के लिए हैंडपंप व निजी सबमर्सिबल पर आश्रित हैं। सबसे अधिक समस्या मवेशियों को पानी की है। ग्रामीणों की कई बार मांग पर भी टंकी से जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। इस बावत पेयजल योजना के डिस्ट्रिक कोआर्डिनेटर हिमांशु यादव ने बताया कि वर्ष 2012 में टंकी को संचालित कर ग्राम पंचायत को स्थानांतरित कर दी गई। टंकी का संचालन जल समिति और ग्राम प्रधान की जिम्मेदारी पर किया जाना था। वहीं ग्राम पंचायत रोहित सिंह ने बताया कि टंकी का 15 लाख रुपये बिजली का बिल बकाया है। पाइलाइन में सैकड़ों लीकेज है। जिससे जलापूर्ति बाधित है।

आरोग्य मेले में उल्टी-दस्त व बुखार मरीजों की रही भीड़

राजपुर कानपुर देहात। रविवार को राजपुर पीएचसी व सलेमपुर सीएचसी में आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। इस दौरान उल्टी-दस्त व बुखार के मरीजों की संख्या अधिक रही। सभी को परामर्श व दवाएं दी गईं।

जनपद में लगातार तापमान के बढ़ने और लू के चलते मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। रविवार को राजपुर पीएचसी में में 33 मरीज पहुंचे। इनमे से उल्टी-दस्त व बुखार के 16 मरीज पाए गए। डॉ. शिवकुमार व डॉ. शिव विनायक त्रिपाठी ने मरीजों को दवाइयां देकर खानपान में सावधानी बरतने का परामर्श दिया। बुखार पीड़ित दो मरीजों की खून की जांच की गई। इधर, सलेमपुर सीएचसी में दस मरीजों का इलाज किया गया। चिकित्सकों का कहना है कि जब तक जरूरत न हो, धूप में कतई बाहर न जाएं।

डंडे से पीट-पीटकर बड़े भाई की हत्या

संवाददाता राजपुर/सिकंदरा

अमृत विचार। सिल्हौला बुजुर्ग गांव में देर रात किसी बात को लेकर हुए विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई की डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए हैं। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के सिल्हौला बुजुर्ग गांव निवासी शैलेंद्र यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंझला भाई ट्रक चालक उपेंद्र यादव उर्फ नीतू (35) अपनी पत्नी रेशमा देवी की शिकायत पर शनिवार रात ट्रक लेकर घर आया था। इसी दौरान उसकी किसी बात को लेकर सबसे छोटे भाई रविंद्र यादव उर्फ कल्लू से विवाद हो गया। गालीगलौज के साथ दोनों में मारपीट होने लगी। तभी रविंद्र यादव ने डंडे से उपेंद्र यादव पर हमला कर दिया और पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक की पत्नी रेशमा देवी ने बताया कि देवर रविंद्र अविवाहित है। शनिवार की दोपहर घर आकर उससे मारपीट करने लगा। विरोध करने पर गाली गलौज करता रहा। जिसकी शिकायत ट्रक चला रहे पति उपेंद्र यादव से की थी। उन्होंने देर रात तक घर आने की बात कही थी। तभी शनिवार की देर रात में गांव के बाहर ट्रक खड़ा कर उपेंद्र बड़े भाई शैलेंद्र यादव से शिकायत करने जा रहा था। रास्ते में ही रविंद्र से कहासुनी के बाद मारपीट होने लगी। थाना पुलिस ने मौके पर जांच-पड़ताल की। वहीं फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलित कराए। वहीं घटना से पत्नी रेशमा, पुत्री साक्षी, मानवी, परी आदि परिजन बिलखते रहे। थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि विवाद में छोटे भाई ने हत्या की है। हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

उपेंद्र यादव उर्फ नीतू।

हत्या के बाद गमगीन पत्नी व अन्य परिजन। अमृत विचार

- फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर साक्ष्य संकलित किए हत्यारोपी भाई गिरफ्तार

मां ने डांटा तो हाईस्कूल छात्रा ने लगा ली फांसी

संवाददाता राजपुर

- मां के साथ ननिहाल जाने की जिद कर रही थी छात्रा

अमृत विचार। सटटी थाना क्षेत्र के पचलक गांव में मां के अकेले ननिहाल जाने और डांटने से नाराज हाईस्कूल छात्रा ने घर के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। भाई का कहना है कि मृतक बहन का मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता था।

पचलक गांव निवासी श्रीबाबू की पुत्री नेहा (15) हाईस्कूल की छात्रा थी। शनिवार देर रात नेहा का शव घर के कमरे की छत के कुंडे से दुपट्टे के सहारे फंदे पर लटका मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची सटटी पुलिस ने शव को नीचे उतारा। मृतका के बड़े भाई मोहित ने बताया कि शनिवार को मां पप्पी देवी रूरा थाना क्षेत्र के कस्तूरीपुर्वा मामा के घर गई थी। छोटी बहन नेहा मां के साथ ननिहाल जाने की जिद कर रही थी। जिसपर मां ने उसे डांट दिया था। इसी बात से नाराज होकर वह घर के कमरे में सोने चली गई। वह रात करीब डेढ़ बजे पानी पीने के लिए उठा। तो देखा कि नेहा कमरे के अंदर छत के कुंडे में दुपट्टे के सहारे झूल रही थी और कमरे में अंदर से कुंडी लगी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोडकर शव को नीचे उतारा। बड़ी बहन शिल्पी ने बताया कि नेहा की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। थानाध्यक्ष शिवशंकर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

नेहा।

शार्ट सर्किट से घर में लगी आग, गृहस्थी राख

संवाददाता मंगलपुर

अमृत विचार। लालपुर गांव में शनिवार रात शार्ट सर्किट होने से घर में आग लग गई। जिससे गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। लेखपाल ने नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी है।

मंगलपुर क्षेत्र के लालपुर गांव निवासी रमेश चंद्र कठेरिया बीते दिन अपनी पत्नी भाग्यवती के साथ अपनी बेटी मकनपुर अछल्दा गमीं में शामिल होने गए थे। घर पर उनकी छोटी बेटी सोनालकी व उसके बच्चे लाडो और आरव घर थे। शनिवार रात अचानक शार्ट सर्किट होने से निकली चिंगारी छप्पर के ऊपर जा गिरी। जिससे आग लग गई और देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया।

आग की तेज लपटें उठती देखकर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए और पानी डालकर काबू पाया, लेकिन तब तक छप्पर के नीचे रखा करीब पांच क्विंटल गेहूं सहित गृहस्थी का अन्य सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों की सूचन पर मौके पर पहुंचे स्थानीय लेखपाल कमल किशोर ने नुकसान का आंकलन किया है। यह रिपोर्ट प्रशासन को भेजी जाएगी।

आग से जला गृहस्थी का सामान। अमृत विचार

उधारी न देने पर भूसे के कूप में लगाई आग

रूरा। थाना क्षेत्र के सलेम गांव में एक दुकानदार को उधार सामान न देना महंगा पड़ गया। युवक ने भूसे के कूप में आग लगा दी। जिससे करीब बीस क्विंटल भूसा जल गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। सलेमपुर गांव निवासी सतीश उर्फ अमित ने बताया कि वह अपने गांव में पान मसाले की पेटी रखे है। शनिवार की रात गांव का भागीरथ पेटी पर आकर उधार सामान मांगने लगा। मना करने पर गालीगलौज करने लगा और धमकी देकर चला गया। आरोप है कि युवक ने भूसे के कूप में आग लगा दी। जिससे भूसा जलकर राख हो गया। दमकल टीम ने आग पर काबू पाया। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

गर्मी में दगा दे रहे जर्जर तार कई जगह गुल रही बिजली

राजपुर कानपुर देहात। भीषण गर्मी में बिजली के फाल्ट परेशानी का कारण बने हैं। कही केबल जलने से तो कहीं तार टूटकर गिरने से बिजली गुल हो रही है। ऐसे में लोगों को परेशानी उठानी पड रही है।

राजपुर ब्लॉक कार्यालय के पास शनिवार दोपहर करीब दो बजे केबल जलने से अटल नगर के 400 घरों की बिजली गुल हो गई। रात नौ बजे लाइनमैन मनोज कुमार ने केबल जोड़ी। उसके बाद आपूर्ति बहाल हुई। बिजली न आने से लोग भीषण गर्मी में बेहाल रहे। इधर रात सात बजे बस स्टैंड के समीप रखे 63 केवीए की एलटी केबल जलने से कन्हैया नगर के 60 घरों की बिजली गुल हो गई। ग्रामीणों ने केबल जलने की सूचना जैनपुर उपकेंद्र में दी। उसके बाद लाइनमैन ने केबल की मरम्मत कर आपूर्ति बहाल की। इस दौरान गर्मी से परेशान लोग घरों के बाहर सड़क किनारे बैठकर बिजली आने का इंतजार करते दिखाई दिए। जैनपुर उपकेंद्र के जेई सौरभ त्रिपाठी ने बताया कि लोड बढने से फाल्ट की समस्या आ रही है। इसी तरह राजपुर के अशोक नगर वार्ड में शनिवार सुबह आठ बजे जंपर टूटने से कई घरों की बिजली गुल रही।

- फाल्ट की सूचना देने पर भी मरम्मत में की जा रही लापरवाही, लोग परेशान

सार-संक्षेप

रूरा नगर पंचायत की सड़क पर पड़ी नालों की सिल्ट। अमृत विचार

सड़क किनारे सिल्ट डालने से बढ़ी फिसलन, हादसे का खतरा

रूरा। नगर पंचायत द्वारा इन दिनों नगर के बड़े नालों की सफाई कर सिल्ट को सड़कों के किनारे डाला जा रहा है। जिसके सड़क तक फैलने से लोगों को आवागमन में दिक्कत उठानी पड़ रही है। साथ ही हादसे का खतरा बना रहता है। रूरा कस्बे में नाला साफ-सफाई की अलख जलाई जा रही है, लेकिन नगर पंचायत अपने कार्य में सुधार नहीं ला रही है। कस्बा के मुख्य तिराहे पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज के पास नाला सफाई के बाद सिल्ट सर्विस लेन पर डाल दी गई। जिससे वहां से निकलना दुश्वार है। दुकानदारों का व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। सिल्ट की फिसलन से दुपहिया व पैदल राहगीरों के गिरने का खतरा भी रहता है। वहीं सूखने के बाद सिल्ट की धूल सांस के जरिये शरीर में पहुंच कर गंभीर बीमारियों को जन्म देती हैं। इस बाबत जब अधिशाषी अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

बुधौली में सूखा पड़ा अमृत सरोवर। अमृत विचार

लाखों रुपये से बने सरोवरों को 'अमृत' की दरकार

राजपुर। सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में तालाबों के सुंदरीकरण और जल संरक्षण के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर अमृत सरोवर तैयार कराए हैं। लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते कुछ तालाबों में कार्य अधूरा है तो कई सूखे पड़े हैं। जिससे पशु-पक्षी भीषण गर्मी में प्यास बुझाने के लिए बेहाल हैं। जल संरक्षण करने के लिए सरकार ने वर्ष 2002-23 में राजपुर ब्लॉक की 18 ग्राम पंचायतों में तालाबों को अमृत सरोवर का रूप देकर कायाकल्प कराने का लक्ष्य दिया था। लगभग दो वर्ष बीतने के बाद भी 12 ग्राम पंचायतों के तालाबों में फिलहाल खुदाई व कच्चा कार्य तक सीमित है। जबकि रमऊ, रतापुर, सेहुरा, दयानतपुर, बुधौली व नंदना गांव के अमृत सरोवरों में सुंदरीकरण कार्य हो चुका है। भीषण गर्मी में ज्यादातर अमृत सरोवरों में पानी नहीं है। ऐसे में पशु-पक्षी प्यास से बेहाल है। बुधौली गांव में चार बीघा में 23 लाख रुपये की लागत से बना अमृत सरोवर तालाब पूरी तरह बदहाल है। सरोवर के चारों ओर बड़ी-बड़ी घास और झाडियां उगी है। साथ ही इंटरलॉकिंग भी धंस गई है। तालाब में पानी की जगह धूल उड़ रही है। रमऊ व रतापुर के अलावा अन्य सरोवरों में अमृत की दरकार है। इस बावत राजपुर विकास के खंड विकास अधिकारी हरगोविंद गुप्ता ने बताया कि दो दिनों में तालाबों में पानी भराने का कार्य सचिव व प्रधान से कराने के निर्देश दिए हैं।

जेबकतरों ने किसान को बाइक में लिफ्ट देकर पार किए जेवर

मूसानगर। बाइक में लिफ्ट देकर जेबकतरों ने बुजुर्ग किसान की जेब काटकर सोने के आभूषण पार कर दिए। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। थाना रेउना के गांव कटरी निवासी योगेंद्र (60) रविवार को एक सुनार के पास मूसानगर आए थे। बाजार में बुजुर्ग को दो अज्ञात बाइक सवारों ने आगे तक छोड़ने की बात कहकर बैठा लिया। कुछ दूर जाने के बाद बाइक सवारों ने बुजुर्ग को उतार दिया। जब बुजुर्ग ने सुनार की दुकान में पहुंच कर देखा तो जेब कटी थी और सोने के आभूषण गायब थे। एसओ दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

रनियां का बवाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं, लाखों रुपये का हुआ नुकसान, फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर पाया काबू

जेल गए आरोपी के भाई समेत छह दुकानों में लगी आग

संवाददाता रनियां

अमृत विचार। क्षेत्र के आर्यनगर प्रथम व फत्तेपुर रोशनाई गांव के दो गुटों के बीच पिछले दिनों मारपीट, पथराव और फायरिंग हो गई थी। जिसके बाद से गांव में पीएसी तैनात है। वहीं शनिवार रात फायरिंग के आरोपी के भाई समेत छह दुकानों में संदिग्ध हालत में आग लग गई। जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। दमकल ने आग पर काबू पाया।

बता दें कि बीते बुधवार को रनियां के आर्यनगर में गोलगप्पे के ठेले वाले से फत्तेपुर रोशनाई के लड़कों का मामूली बात पर विवाद हो गया था। एक पक्ष ने तहरीर देकर आठ लोगों के खिलाफ नामजद व दस अज्ञात पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गुरुवार की शाम राजेंद्र चौराहे पर आर्यनगर व फत्तेपुर रोशनाई के लड़कों के बीच मारपीट के साथ ही फायरिंग व बमबाजी शुरू हो गई थी। महिलाओं ने छतों से ईंट-पत्थर फेंकना शुरू कर दिया था। जिसके बाद उपद्रवियों ने रास्ते से गुजरने वालों पर भी हमला कर सड़क किनारे दुकानों में तोड़फोड़ की थी। मौके पर पहुंची सीओ तनु उपाध्याय को भी महिलाओं ने ईंट-पत्थर लेकर दौड़ा लिया था। आर्यनगर के लड़कों ने फत्तेपुर रोशनाई के एक परचून दुकानदार की दुकान में तोड़फोड़ कर दी थी। जिसपर दुकानदार को अपनी लाइसेंसी बंदूक से मोर्चा संभालना पड़ा था और छत पर जाकर कई राउंड फायरिंग की थी। दोनों पक्षों के 16 लोग घायल हुए थे। मामले में रनियां एसओ महेंद्र सिंह की तहरीर पर दोनों पक्षों के 34 नामजद समेत 50-60 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जिसमे बारह लोगों को जेल भेजा गया था। तनाव को देखते हुए गांव में पीएसी तैनात की गई है। वहीं शनिवार रात संदिग्ध हालत में आर्यनगर प्रथम स्थित एक के बाद एक छह दुकानों में आग लग गई। पीएसी जवानों ने सूचना दमकल को दी। माती से पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक फायरिंग के आरोपी ज्ञानी के भाई बृजेंद्र सिंह की किराना दुकान समेत विशाल दुबे की मिठाई, , राजेंद्र गौतम की फल, रतन सिंह की मोबाइल, रमेश सिंह की अंडे तथा सोनू की फल दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान राख हो गया। सीओ सदर तनु उपाध्याय भी फोर्स के साथ मौके पर पहुंची।

दुकानों से निकलती आग की लपटें व उठता धुआं। अमृत विचार

आग से जली पड़ी दुकानें। अमृत विचार

तनाव के चलते चौथे दिन पसरा रहा सन्नाटा

फत्तेपुर रोशनाई व आर्यनगर प्रथम के दो गुटों के बीच गुरुवार को मारपीट, बमबाजी व फायरिंग की घटना के चौथे दिन भी सन्नाटा पसरा रहा और दुकानों में ताला लटकता रहा। वहीं गांव जाने वाले रास्ते सुनसान रहे और अधिकांश लोग घरों में ही दुबके रहे। तनाव की स्थिति को देखते हुए पीएसी जवानों को तैनात किया गया है। वहीं पुलिस मामले में अन्य नामजद व अज्ञात आरोपियों की पहचान कर धरपकड़ में लगातार दबिश दे रही है।

विद्युत कर्मियों से मारपीट में छह लोगों पर एफआईआर

रसूलाबाद। थाना क्षेत्र के अंतर्गत विधुत कर्मियों के साथ मारपीट मामले में अवर अभियंता ने चार नामजद समेत दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध थाना रसूलाबाद में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। अवर अभियंता सुभाष चंद्र ने थाना रसूलाबाद में रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीते दिवस शनिवार को कस्बा रसूलाबाद के गौतम बुद्धनगर में कर्मी बिजली बिल बकायेदारों के कनेक्शन काटने गए थे। इस दौरान गौतम बुद्धनगर निवासी छोटू, मोनू, लाल सिंह,दीपक तथा दो अन्य लोग गालीगलौज करते हुए मारपीट करने लगे। उन्होंने विद्युत कर्मियों के मोबाइल फोन छीन लिया। जिसके बाद विद्युत कर्मियों ने घटना की पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि अवर अभियंता की तहरीर पर चार नामजद समेत दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों की तलाश हो रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

एसी बस सड़क के किनारे खंती में गिरी, आठ यात्री हुए घायल

दही थाना अंतर्गत ओराहर मोड़ के पास हुआ हादसा

संवाददाता बिछिया उन्नाव

अमृत विचार। दही थानांतर्गत दही-पुरवा मार्ग पर ओरहर गांव मोड़ के पास नई दिल्ली से रायबरेली जा रही बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में जाकर पलट गई। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने बस से यात्रियों को बाहर निकलवाया। इसके बाद आठ घायलों को बिछिया सीएचसी पहुंचाया।

बता दें कि बुलंद शहर जिले के सवारा निवासी चालक शकील (45) व खलासी शाहरुख (30) पुत्र मकसूर अली एसी बस से सवारी लेकर नई दिल्ली से रायबरेली जिले के बछरावां जा रहे थे। रविवार सुबह पांच बजे सामने से आ रहे कंटेनर से बचने में बस दही थानाक्षेत्र के ओरहर मोड़ पर अनियंत्रित होकर खंती में जाकर पलट गई। हादसे के वक्त बस में मौजूद 25 सवारियों में चीख पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण दौड़े और बस का शीशा तोड़कर लोगों को बाहर निकालने का प्रयास किया। सूचना पर पुलिस भी पहुंची और आठ घायलों को एंबुलेस से बिछिया सीएचसी पहुंचाया। वहीं अन्य यात्रियों को पुलिस ने दूसरे साधनों से उनके गंतव्य को भेजा। एसओ अनुराग सिंह ने बताया कि बस पलट गई थी। चालक व क्लीनर सहित आठ लोग घायल हुए हैं। जिन्हें बिछिया सीएससी भेजा गया है। जहां से उन्हें इलाज के बाद घर भेज दिया गया।

खंती में पलटी बस व मौजूद लोग। अमृत विचार

ये हुए घायल

- हादसे में राकेश (38) पुत्र दुखी मौर्या निवासी महराजगंज बछरावां, अशोक (25) पुत्र जगराम निवासी अमेठी, नंद कुमार (32) पुत्र रामबहादुर निवासी सरेहटा अमेठी, सियावती (28) पत्नी सुखदेव निवासी बछरावां, आशुतोष (22) पुत्र बेचालाल निवासी बछरावां, प्रेमा (48) पत्नी झुर्री निवासी अजीतपुर महराजगंज, कमलेशा (40) पत्नी पुत्ती लाल व शकील (45) पुत्र साहिल निवासी बुलंदशहर सरावा घायल हुए। जिन्हें सीएचसी भेजा गया। जहां से सभी को इलाज के बाद घर भेज दिया गया।

दरोगा का अर्द्धनग्न अवस्था का वीडियो वायरल, लाइनहाजिर

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- कोलुहा गाढ़ा चौकी इंचार्ज की करतूत से असहज हुईं भागवत सुनने आईं महिलाएं
- अचलगंज थाने से दूसरे दरोगा को सौंपा गया चौकी का चार्ज

अमृत विचार। अचलगंज थानांतर्गत कोलुहा गाढ़ा चौकी इंचार्ज का अंडरवियर में कुर्सी पर बैठने का वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। दरोगा की इस हरकत से चौकी परिसर में बने मंदिर में भागवत सुनने आईं सैकड़ों महिलाएं असहज हो गईं। एसपी ने वीडियो पर संज्ञान लेते हुए दरोगा को लाइन हाजिर कर जांच सीओ बीघापुर को सौंपी है। हालांकि अमृत विचार ऐसे किसी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

बता दें कि अचलगंज थानाक्षेत्र की कोलुहा गाढ़ा चौकी वहां स्थित चंद्रिका माता मंदिर के प्रांगण में बनी है। इन दिनों मंदिर परिसर में भागवत कथा चल रही है। जिसे सुनने आसपास के गांवों से सैकड़ों महिलाएं भी आतीं हैं। चौकी के इंचार्ज का एक वीडियो रविवार को सोशल मीडिया में वायरल हुआ। जिसमें दरोगा राम निवास यादव चौकी के बरामदे में सिर्फ अंडर वियर पहने बैठे हैं। किसी व्यक्ति ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने मामले का संज्ञान लेते हुए दरोगा के वीडियो की जांच बीघापुर सीओ माया राय को देकर रिपोर्ट देने को कहा है और दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया। थाने से दरोगा विनय कुमार को चौकी का कार्यभार दिया गया है। उधर, दरोगा ने अपनी सफाई में कहा कि उन्होंने सुबह कपड़े और तौलिया धुलकर सूखने को डाल दी थी। तभी अचानक लाइट चली गई। इस पर वह कुर्सी में बैठकर लाइट आने का इंतजार करने लगे।

सार-संक्षेप

गोष्ठी में शामिल अतिथि।

नारद जयंती पर हुई गोष्ठी

उन्नाव। आवास विकास कालोनी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में नारद जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित हुई। इस मौके पर वक्ताओं ने महर्षि नारद को पत्रकारिता का जनक बताया। कहा कि वह देवताओं सहित ऋषियों तक एक-दूसरे के संवाद पहुंचाते थे। वास्तव में प्रिंट व मीडिया संस्थान भी जन-जन तक संवाद व सूचनाएं ही पहुंचाते हैं। संवाद संप्रेषण में सभी ने स्पष्टता के समावेश पर जोर दिया गया। मुख्य वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार व पूर्व प्राचार्य डा. राम नरेश ने कहा कि पत्रकारिता सहित साहित्य लेखन में स्पष्टता होनी चाहिए। स्वयं की ओर से कुछ जोड़ने व छिपाने के बजाए चीजों को जस का तस समाज तक पहुंचाना पत्रकार व साहित्यकार का सबसे प्रमुख कर्तव्य होता है। विशिष्ट अतिथि उत्कर्ष ने मुख्य वक्ता को कथन का आगे बढ़ाते हुए कहा कि पत्रकार को स्वयं के साथ संस्थान की विश्वसनीयता बनाए रखने को समर्पण भाव से काम करना चाहिए। अध्यक्षता करते हुए राजेश शुक्ल ने कहा विश्वसनीयता ही बाजार में स्थापित रख सकती है। इसलिए पाठकों का भरोसा जीतना चाहिए। वही कार्यक्रम संयोजक अरुण दीक्षित ने इससे पहले सभी का स्वागत किया।

खेत में पड़ा मिला अधेड़ महिला का झुलसा शव, मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। अचलगंज थानांतर्गत सुपासी गांव निवासी महिला का झुलसा शव खेत के पास पड़ा मिला। परिजनों ने टूटी पड़ी एचटी लाइन की चपेट में आकर मौत होने की बात कह विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया पांच घंटे हंगामा किया। कार्रवाई का भरोसा दिए जाने पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका।

रामबेटी।

सुपासी गांव निवासी रामबेटी (50) पत्नी स्व. कृपाशंकर रविवार सुबह 10 बजे गांव के बाहर स्थित खेत से मिट्टी लेकर लौट रही थी। तभी रास्ते में एचटी लाइन टूटी पड़ी थी। इसमें करंट दौड़ रहा था। रामबेटी का पैर उसी में फंस गया और करंट की चपेट में आकर झुलसने से उसकी मौके पर मौत हो गई। उसके बेटे विक्रम ने बताया कि घटना की सूचना पाते ही बिजली कर्मी पहुंचे और टूटा तार जोड़कर भाग निकले और अब तार की चपेट में आने से हादसा होने से भी इंकार कर रहे हैं। सूचना पर पहुंची बदरका चौकी पुलिस को परिजनों ने शव नहीं उठाने दिया और विद्युत अभियंता को बुलाने की मांग करने लगे। सूचना पर एसओ पहुंचे और कार्रवाई का भरोसा देते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दिवंगत महिला के दो बेटे व दो बेटियों में एक बेटी की शादी हो चुकी है। एसओ संजीव कुमार ने मुआवजा दिलाने व दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया। पांच घंटे बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा गया। एसडीओ रवि यादव ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

पुराने विवाद के चलते अलग रह रहे 33 जोड़ों को मिलाया

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। पुराने विवादों के चलते अलग रह रहे 33 जोड़ों को पुलिस ने आपसी सुलह कराते हुए फिर से एक-दूसरे के साथ रहने को राजी किया। इसके बाद उन्हें खुशी-खुशी उनके घरों को विदा किया गया।

एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर रविवार को पुलिस लाइन व जिले के थाना-कोतवाली में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। जहां परिवार परामर्शदाताओं व महिला हेल्प डेस्क की टीम ने उनकी काउंसलिंग कर उनके विवाद खत्म कराए। इसके तहत परिवार परामर्श केंद्र से 7, महिला थाना से 8, थाना अचलगंज से 5, औरास से 4, गंगाघाट व सोहरामऊ से 3-3 व कोतवाली सदर, सफीपुर व बारासगवर से 1-1 जोड़े को खुशी-खुशी विदा किया गया। इसमें डा. आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति, सलाहकारों में डा. मनीष सिंह सेंगर, रामसनेही यादव, अबसार अली, डा. सगीर अहमद, सहयोगी शिवेंद्र सिंह चौहान, स्वास्तिक मिश्रा, प्रदीप त्रिपाठी व पुलिस टीम से निरीक्षक संतोष कुमारी, दरोगा मधु श्रीवास्तव, महिला हेड कान्स्टेबल मिथिलेश कुमारी, सुरेखा, महिला सिपाही साधना, अंशू रानी, प्रीती, मीनू, अंजुला त्रिपाठी, सोनी मिश्रा, तरुण रानी, पूजा यादव, पूजा शर्मा, लक्ष्मी सिंह, राधिका यादव, रूबी, गिरजा, आकांक्षा, दुर्गेश, ममता सिसौदिया व शिखा यादव का विशेष योगदान रहा।

परिवार परामर्श केंद्र में पुलिस कर्मी व जोड़ा। अमृत विचार

सड़क हादसों में पांच लोग हुए गंभीर घायल, रेफर

संवाददाता बांगरमऊ, उन्नाव

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के दो अलग-अलग मार्गों पर हुए हादसों में दो महिलाओं सहित पांच लोग गंभीर घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

क्षेत्र के बांगरमऊ-बरुआघाट मार्ग पर कल्याणी नदी पुल के पास तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार अरविंद (35) पुत्र उमाशंकर निवासी गांव भिखारीपुर कस्बा बांगरमऊ व साइकिल सवार साहबलाल (48) पुत्र राजा व उनकी पत्नी सावित्री निवासी गांव शिवपुरी थाना फतेहपुर चौरासी गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन उन्हें स्थानीय सीएचसी लाए। जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देख तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसके अलावा एक अन्य हादसे में बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव रूरी सादिकपुर निवासी यूसुफ (38) पुत्र मजद्दर व उसकी पत्नी आयशा गंभीर घायल हुए हैं।

विद्युत पोल गिरने से चार मजदूर घायल, रेफर

अमृत विचार उन्नाव। माखी थानाक्षेत्र के गांव माखी के मजरा गोपीखेड़ा के पास एचटी लाइन का खम्भा पलटने से चार मजदूर गंभीर घायल हो गए। गंगा एक्सप्रेस-वे बनने के चलते खम्भों को ऊंचा किया जा रहा था। जिसमें मजदूर काम कर रहे थे। साथियों ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे गंभीर कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया।

ट्रांसफार्मर फुंकने से 100 घरों के लोग बेहाल

पुरवा। मौरावां पावर हाउस के असगरगंज फीडर से मुरैता नवीन गांव को बिजली आपूर्ति होती है। यहां 25 केवीए के ट्रांसफार्मर से गांव के 100 घरेलू कनेक्शन की बिजली आपूर्ति होती है। ग्रामीणों ने कहा कि इस भीषण गर्मी ने बेहाल कर रखा है। ऊपर से दो दिन से ट्रान्सफार्मर जलने से आपूर्ति बाधित है। ऐसे में घरों में लगे बिजली उपकरण शोपीश बने हुए हैं।

जले ट्रांसफार्मर की शिकायत आनलाइन व विद्युत अधिकारियों से की गई लेकिन कोई नतीजा नहीं निकल सका है। एक्सईएन योगेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि शनिवार शाम ट्रांसफार्मर जला था। जेई ने ट्रांसफार्मर की पीआर लगाई है। सोमवार को ट्रांसफार्मर लगेगा।

जर्जर मार्ग की ओर नहीं है किसी का ध्यान

संवाददाता औरास, उन्नाव

अमृत विचार। मोहान मार्ग से अलीपुर मिचलौला मार्ग को जोड़ने वाला डामरीकृत मार्ग खस्ताहाल पड़ा हुआ है। मार्ग पर सड़क कम और गड्ढे अधिक दिखाई दे रहे हैं। यह अस्पताल, ब्लॉक व थाना को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है।

औरास कस्बा अंतर्गत मोहान मार्ग से अलीपुर-मिचलौला मार्ग को जोड़ने वाला अस्पताल रोड जो कि वर्षों पूर्व डामरीकृत मार्ग का निर्माण मंडी परिषद की ओर से कराया गया था। लेकिन, करीब 2 वर्ष से यह मार्ग खस्ताहाल पड़ा है। इसी मार्ग से होकर एम्बुलेंस डिलीवरी व हादसे आदि से संबंधित मरीजों को ले जाने के साथ करीब तीन दर्जन गावों के लोग भी इसी मार्ग से होकर जाते हैं। इस मार्ग के निर्माण को लेकर जन प्रतिनिधि ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसका खामियाजा क्षेत्रीय लोग भुगत रहे है। जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचना तक दुर्लभ हो गया है। इसे लेकर पीडब्ल्यूडी एक्सईएन सुबोध शुक्ला ने बताया कि मार्ग मंडी परिषद से बनाया गया है। इसके चलते पीडब्ल्यूडी द्वारा मार्ग निर्माण नहीं कराया जा सकता है। मार्ग के दुरुस्तीकरण न होने से आने-जाने वाले राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

जर्जर पड़ा मार्ग। अमृत विचार

- मोहान मार्ग से अलीपुर मिचलौला को जोड़ने वाला मार्ग खस्ताहाल

अवैध असलहों के साथ दो युवकों के फोटो वायरल

संवाददाता बांगरमऊ, उन्नाव

अमृत विचार। युवकों द्वारा रील बनाने के चक्कर में असलहों के प्रदर्शन की होड़ मची है। कोतवाली क्षेत्र में दो फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। जिनमें युवक असलहों का प्रदर्शन करते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने फोटो में दिख रहे युवकों की तलाश शुरू कर दी है।

सोशल मीडिया में असलहों के साथ दो युवकों क फोटो तेजी से वायरल हो रही हैं। हालांकि ऐसे किसी भी वायरल फोटो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। वायरल फोटो आमजन में चर्चा का विषय बनी हुई है। एक वायरल फोटो में युवक विदेशी पिस्टल के साथ हाईवे पर रील बनाता दिख रहा है। पहचान करने वाले लोगों द्वारा युवक को गंजमुरादाबाद कस्बे का निवासी होने का दावा कर रहे हैं। जबकि, दूसरी फोटो में एक युवक देशी पिस्तौल के साथ दिख रहा है। जानकारों द्वारा इस फोटो में दिख रहा युवक कोतवाली क्षेत्र के गांव भिखारीपुर रुल्ल का बताया जा रहा है।

असलहों के साथ दिख रहे युवक।

पेयजल, विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- मंडलायुक्त ने पत्र जारी कर चिकित्सालयों में दो बेड आरक्षित रखने को कहा

अमृत विचार। मंडलायुक्त रोशन जैकब ने डीएम व सीडीओ को पत्र जारी कर लगातार बढ़ती गर्मी के मद्देनजर जरूरी सुविधाओं के उचित प्रबंधन के निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के साथ सभी को मांग के मुताबिक पेयजल उपलब्ध कराने पर जोर दिया है। सार्वजनिक स्थलों रेलवे व बस स्टेशनों सहित कचहरी परिसर में पेयजल सुविधा के लिए प्याऊ संचालित कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

नौतपा नक्षत्र के चलते शनिवार से मौसम के मिजाज अधिक तल्ख हुए हैं। शनिवार को ही जारी आदेश में मंडलायुक्त ने जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को गर्मी से आम जनमानस को राहत दिलाने के लिए जरूरी सुविधाओं के प्रबंधन पर जोर देने को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा है कि पेयजल लाइनों सहित हैंड पंप के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसके लिए यांत्रिक दोष से बंद चल रहे नलकूपों व हैंड पंपों को जल्दी से जल्दी ठीक कराया जाए। निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए क्षेत्रवार टीमें गठित कर फाल्ट की सूचना मिलते ही शीघ्र मरम्मत कराना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने भीड़ वाले सार्वजनिक स्थलों खासकर रेलवे व बस स्टेशन, मुख्य बाजारों और न्यायालय परिसरों में पेयजल सुविधा सुनिश्चित कराने के लिए प्याऊ संचालन पर जोर दिया है, जिससे सभी को प्यास बुझाने के लिए आवश्यकतानुसार पीने का पानी उपलब्ध कराया जा सके। हीट वेव से बचाव के लिए लोगों को अधिक से अधिक जागरूक बनाया जाए, जिससे सभी को एहतियाती उपायों की जानकारी मिल सके। सभी चिकित्सालयों (पीएचसी, सीएचसी व जिला अस्पताल) में कम से कम दो बेड आरक्षित करते हुए संबंधित कक्षों में शीतलता बनाए रखने के प्रबंध किए जाएं। एचआरआई मामलों के शीघ्र प्रबंधन को एंबुलेंस में आइस बैग व ठंढ़े पानी की व्यवस्था होनी चाहिए। आवश्यक औषधियों व उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित रहनी चाहिए। साथ ही चिकित्सालयों में पर्याप्त शीतल जल रहना चाहिए। इसी तरह मौसम की मार को देखते हुए पशु-पक्षियों को भी सुविधाएं मुहैया कराने को निर्देशित किया गया है।

कामयाबी | जिले के 16 ब्लाक क्षेत्र के पांच दर्जन विद्यालयों में नियमित कराया जाता है योगाभ्यास

परिषदीय विद्यालय धीरे-धीरे हर घर पहुंचा रहे योगासन

अमृत विचार विशेष

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा विभाग आहिस्ते-आहिस्ते घर-घर योग पहुंचाने की मुहिम चला रहा है। जिले में यह जिम्मेदारी कटरी पीपरखेड़ा कंपोजिट विद्यालय की शिक्षिका मिशन शिक्षण संवाद की एडमिन एसआरजी शिक्षिका डा. रचना सिंह संभाल रही हैं। हालांकि अभी 50-55 परिषदीय विद्यालयों में ही योगाभ्यास कराया जा रहा है। लेकिन, जिले के सभी 16 ब्लाक क्षेत्रों में मिशन ने दखल कायम करने में सफलता पाई है। एसआरजी के मुताबिक योग के लाभ को देखते हुए भविष्य में निश्चित तौर पर भावी पीढ़ी के जरिए स्वस्थ व स्फूर्तिवान बनाए रखने वाली यह प्राचीन भारतीय विधा को सभी परिवार स्वीकार्यता प्रदान करेंगे।

विभाग ने अभी मिशन शिक्षण संवाद को भले ही एच्छिक बना रखा है, लेकिन योग दिवस को वैश्विक मान्यता दिलाने में कामयाब केंद्र सरकार कभी भी विद्यालयों में इसे जरूरी करने का आदेश जारी कर सकती है। योगा को स्वस्थ जीवन के विज्ञान के रूप में स्वीकार करने वालों की जिले सहित प्रदेश व देश में बड़ी जमात है। एसआरजी शिक्षक मिशन की स्थानीय एडमिन के मुताबिक योग बच्चों को शारीरिक व मानसिक तौर पर स्वस्थ्य रखकर उनके अंदर सकारात्मकता बढ़ाता है।

यही कारण है कि एक बार योग शुरू करने वाला फायदों की वजह से निरंतरता के साथ इससे जुड़ जाता है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी ब्लाक के किसी न किसी विद्यालय में विद्यालय दिवस पर नियमित रूप से योग कक्षाएं संचालित हो रही हैं। हालांकि पिछले करीब पांच-छह वर्षों में तकरीबन पांच दर्जन विद्यालयों में ही नियमित योग कराया जा रहा है।

विद्यालय दिवस पर योगाभ्यास करतीं परिषदीय विद्यालय की छात्राएं। अमृत विचार

बोले लोग

नगर के कंपोजिट विद्यालय हाकिमटोला की शिक्षिका रंजना कुमारी ने कहा कि 50 की उम्र पहुंचते-पहुंचते सभी को जोड़ों का दर्द होने लगता है, जबकि योग के माध्यम से यह दिक्कत कम होने लगती है।

फतेहपुर चौरासी ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय पैसरा की शिक्षिका प्रियंका गुप्ता का कहना है कि कोविड काल में योगा उपयोगी साबित हो चुका है। इसलिए कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए सभी को योगा करना चाहिए।

नगर के डायट कैंपस में संचालित कंपोजिट विद्यालय की शिक्षिका पूनम मिश्रा ने कहा कि रोजाना योग करने वाले बच्चे अधिक स्फूर्तिवान होते हैं। इसलिए सभी को योग कराने के लिए सरकार गंभीर है।

नवाबगंज ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय तोमरनखेड़ा की शिक्षिका हिमांशी यादव का कहना है कि योगा सभी आयु वर्ग के लोग कर सकते हैं। अधिक उम्र के बजाए शुरुआत से करने वाले अधिक स्वस्थ्य रहते हैं।

इस तरह काम करता है ग्रुप

मिशन शिक्षण संवाद की एडमिन डा. रचना सिंह ने बताया कि एसआरजी ग्रुप में शामिल सभी विद्यालय रोज योग कराते हुए एक-एक फोटो उपलब्ध कराते हैं। संकल्ति होने वाले चित्रों को व्हाट्स के माध्यम से राज्य स्तरीय ग्रुप के साथ साक्षा किए जाते हैं, जिसके आधार पर कमियां दूर कराने के सुझाव प्राप्त होते रहते है।

सफीपुर ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रायपुर मुड़हा की शिक्षिका कमलदीप कौर का कहना है कि स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ्य मस्तिष्क होता है। निश्चित तौर पर योगा मनुष्य को स्वस्थ्य रखता है।

घायल पुरोहित की हैलट में इलाज के दौरान मौत

संवाददाता पुरवा, उन्नाव

अमृत विचार। डंपर की टक्कर लगने से बाइक सवार 58 वर्षीय पुरोहित वृद्ध की चौथे दिन हैलट अस्पताल कानपुर में इजाज के दौरान मौत हो गयी। उसकी मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

कोतवाली क्षेत्र के धौरहरा निवासी 58 वर्षीय करुणा शंकर तिवारी पुरोहित का काम करते थे। वे 22 मई को पूजा पाठ कराने बाइक से पुरवा आए थे। जहां कस्बे के मिर्री चौराहा के पास गिट्टी लादकर आ रहे डंपर की बाइक में टक्कर लगने से आर्चाय सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए थे।

लोगों की सूचना पर पहुंचे परिजन उनको सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने पहले जिला अस्पताल फिर वहां से हैलट अस्पताल कानपुर भेज दिया था। जहां उपचार के दौरान रविवार सुबह करुणा शंकर ने दम तोड़ दिया। मृतक की पत्नी ममता व चार पुत्रों में राजेश, गिरजेश, सर्वेश व अखिलेश का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि डंपर को कब्जे में लिया गया है। मौत की सूचना मिली है।

- 22 मई को डंपर की टक्कर से हुए थे गंभीर घायल
- मिर्री चौराहा के पास हुआ था हादसा

एक नजर

शराब ठेके के पास मिला युवक का शव

उन्नाव। अचलगंज थानाक्षेत्र के बदरका गांव स्थित शराब ठेके के पीछे एक युवक का शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया है। अचलगंज थानाक्षेत्र के शुक्लापुर गांव निवासी रामसिंह (42) पुत्र राम दुलारे रविवार देरशाम बदरका गांव की बाजार जाने की बात कह कर घर से निकला था। देररात तक वह वापस घर नही लौटा तो परिजन उसकी तलाश में निकले। तभी उसका शव गांव के बाहर अचलगंज जाने वाले मार्ग स्थित देशी शराब ठेका के पीछे पड़ा मिला। जिसे देखकर परिजन बेहाल हो गए। एसओ संजीव कुशवाहा व बदरका चौकी पुलिस पहुंची और जांच कर शव मोर्चरी में रखवाया। दिवंगत राम सिंह के चार बेटियां व दो बेटे है। वह नशे का लती था। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह का कारण पता चलेगा।

बंटवारे को लेकर बहू ने सास को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली के भिटवा गांव में रहने वाली महिला ने अपनी सास से हिस्सा मांगा। जिस पर उसने देने से मना कर दिया। इस दौरान उसने सास की पिटाई कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। भिटवा गांव निवासी कुषमा ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसके छह बेटे और एक बेटी है। जिसमें चार बेटों की शादी कर दी है। उसने बताया कि उसे अभी तीन की शादी करनी है। जिसके लिये रुपये पैसे जोड़ रही है। आरोप है कि उसकी बहू पिंकी मकान में हिस्सा मांग रही है। जिस पर उसने सभी की शादी होने के बाद हिस्सा देने की बात कही। इस पर पिंकी ने उसे मारा पीटा। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बहू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गुमशुदा बच्चे को किया परिजनों के सुपुर्द

उन्नाव। घर से लापता हुए 12 वर्षीय बच्चे को सोहरामऊ पुलिस तलाश कर उसे पर सकुशल तलाश की परिजनों के सुपुर्द किया। बता दे शनिवार दोपहर करीब तीन बजे रामप्रताप पुत्र राम जियावन निवासी ग्राम लच्छीपुर थाना सोहरामऊ में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका बेटा आयुष (12) बिना बताये कही चला गया है। सोहरामऊ पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की और दरोगा मो. असलम ने फोर्स के साथ बच्चे को सकुशल बरामद कर बच्चे को उनके माता-पिता को सुपुर्द किया।

किशोर लापता

पुरवा। नगर के मिर्री चौराहा निवासी शिवलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका 13 वर्षीय पौत्र कक्षा 7 का छात्र है। शनिवार दोपहर करीब दो बजे से घर से बिना बताए कहीं चला गया है। काफी देर तक उसके घर में न दिखने पर परिजनों ने खोजबीन की लेकिन, कुछ पता नहीं चला। पीड़ित बाबा ने पौत्र के लापता होने की सूचना देने पर पुलिस ने शनिवार शाम गुमशुदगी दर्ज कर ली।

गंगा में स्नान कर रहे कानपुर के पांच युवक डूबे, एक की जान गई

देर शाम गोताखोरों ने गंगा से निकाला शव, सूचना पर परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

अमृत विचार। कानपुर के पांच युवक रविवार दोपहर बाइक से गंगा नहाने के लिये गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ चंदन घाट पर पहुंचे। जहां नहाने के दौरान पांचों डूबने लगे। यह देख तट पर मौजूद लोगों ने चार युवक को बचा लिया और सकुशल उन्हें बाहर निकाला। वहीं एक युवक गहरे पानी में जाने के कारण डूब गया। सूचना पर पहुंची जाजमऊ चौकी पुलिस ने गोताखोरों को बुलवाया। जहां देर शाम उसका शव गंगा से बाहर निकाला गया। शव देख परिजनों में कोहराम मच गया।

धीरज शर्मा।

गंगा के किनारे मौजूद पुलिस व लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

कानपुर नगर के बर्रा थाना क्षेत्र के जरौली फेस टू निवासी दुर्गा प्रसाद का 21 वर्षीय बेटा धीरज शर्मा प्राइवेट नौकरी करता है। रविवार दोपहर वह अपने साथी चकेरी थाना क्षेत्र के काशीराम कॉलोनी रामादेवी निवासी शिवा, विवेक, सुमित और अमन के साथ गंगा नहाने के लिये गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ चंदन घाट पर बाइक से पहुंचे। जहां बाइक खड़ी कर सभी गंगा नहाने लगे। इस दौरान धीरज गहरे पानी में चला गया। जिससे वह डूबने लगा। यह देख उसके साथी उसने बचाने के लिये दौड़े। जिस पर सभी डूबने लगे। पांचों युवकों को डूबता देखा तट पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया। जिस पर तट पर मौजूद लोग दौड़े। जहां शिवा, विवेक, सुमित और अमन को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। वहीं धीरज गहरे पानी में जाने के कारण उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। इसकी जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई।

सूचना पर जाजमऊ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पुलिस ने धीरज के परिजनों को डूबने की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस ने शुक्लागंज से गोताखोरों को बुलाया। जहां गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत कर शाम करीब साढ़े छह बजे धीरज का शव गंगा से बाहर निकलवाया। शव देख परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं मृतक के तीन भाई और दो बहनें हैं। भाई की मौत पर सभी का रो रो का बुरा हाल हो गया।

प्रसव के बाद अस्पताल में हुई महिला की मौत

उन्नाव। सदर कोतवाली अंतर्गत एक निजी अस्पताल पर इलाज में लापरवाही के आरोप लगे है। यहां प्रसव के बाद महिला की मौत होने से नाराज परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगा शव रख जमकर हंगामा काटा।

रजनी।

अचलगंज थानाक्षेत्र के गांव बाबाखेड़ा निवासी रजनी (22) पत्नी रामनरेश पाल को प्रसव पीड़ा होने पर शनिवार सुबह परिजनों ने इंद्रा नगर नहर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। दोपहर में उसने आपरेशन से बेटी को जन्म दिया। पति ने बताया कि अस्पताल ने उससे इसके लिए 50 हजार रुपए जमा कराए थे। रविवार रात आठ बजे उसकी मौत हो गई। इससे नाराज परिजनों ने अस्पताल के बाहर शव रख जमकर हंगामा काटा।

बेटे के सम्मान के लिए पिता ने स्कूल के खिलाफ खोला मोर्चा

संवाददाता सफीपुर, उन्नाव

- बीएसए को भेजा पत्र, भेदभाव का लगाया आरोप

अमृत विचार। कस्बा स्थित सनडीसन पब्लिक इंटर कालेज के एक छात्र के अभिभावक ने बीएसए व बीईओ को पत्र भेजकर बच्चे के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया है। अभिभावक ने अपने मेधावी बेटे को पात्रता के बावजूद सम्मानित न किए जाने की जांच करा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग है।

तहसील मुख्यालय के सरांय खुर्रम में पिछले तमाम वर्षों से संचालित हो रहा विद्यालय किसी न किसी बात को लेकर हमेशा चर्चा में बना रहता है। अब ताजा मामला विद्यालय में कक्षा तीन के छात्र नौ वर्षीय तेजस को परीक्षा में 98.6 फीसदी प्राप्तांक मिलने के बाद भी सम्मानित न किए जाने का सामने आया है। कस्बे के मोहल्ला राहतगंज बाजार निवासी रामानुज के मुताबिक उसका बेटा काफी मेधावी है। इसलिए हमेशा परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त होते है। अभिभावक के मुताबिक परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करने के बाद भी सम्मानित न किए जाने को लेकर वह अवसाद में है। शिकायती पत्र में विद्यालय प्रबंधन पर मनमाना शिक्षण शुल्क वसूलने सहित अन्य आरोप भी मढ़े गए है। साथ ही बेटे के अधिकार की लड़ाई शुरू करने को लेकर लगातार धमकियां भी दी जा रही हैं। साथ ही बच्चे को विद्यालय से निष्कासित करने की आशंका भी सता रही है, जिससे उसका भविष्य संकट में है। उल्लेखनीय है कि कुछ वर्षों पूर्व बच्चों को हांथ में रक्षा सूत्र व तिलक लगाने से रोकने के आरोप लगे थे। वहीं प्रवेश से लेकर यूनीफार्म उपलब्ध कराने के एवज में मनमानी वसूली का आरोप भी लगता रहता है। बीईओ अनीता शाह ने मामला संज्ञान में होने की जानकारी दी है। कहा जल्दी ही नोटिस जारी कर विद्यालय प्रबंधन से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। उचित जवाब न मिलने पर इस संबंध में उच्चाधिकारियों पत्र भेजकर अग्रिम आदेश लेकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

सड़क हादसे में महिला श्रमिक की मौत परिजनों ने शव रखकर मांगा मुआवजा

संवादाता नवाबगंज उन्नाव

अमृत विचार। अजगैन कोतवाली अंतर्गत सड़क हादसे में घायल हुई निर्माणाधीन विश्वविद्यालय की महिला श्रमिक की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस पर परिजनों ने ग्रामीणों के साथ विश्वविद्यालय के बाहर शव रख मुआवजे की मांग करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। ठेकेदार को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े लोग चार घंटे तक हंगामा काटते रहे। एसएचओ में उन्हें आर्थिक मदद सहित अन्य सुविधाएं दिलाने का भरोसा दिलाया तब नाराज लोग शांत हुए।

रेखा।

बता दें कि लखनऊ-कानपुर हाईवे पर नवाबगंज कस्बा के पास निर्माणाधीन चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में असोहा थानाक्षेत्र के नरसिंहपुर गांव निवासी रेखा (35) पत्नी मजदूरी करती थी। शनिवार शाम काम खत्म कर घर लौटने के लिए हाइवे पार कर रही थी। तभी एक तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। घायल हालत में उसे सीएचसी लाया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया था। लेकिन परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए थे। जहां रविवार को उसकी सांसे थम गईं। रिश्तेदार शव लेकर विश्वविद्यालय गेट पर पहुंचे और वहीं रखकर मुआवजे की मांग करने लगे। शव रख जाम लगाने की सूचना पर एसएचओ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन परिजन ठेकेदार को बुलाने पर अड़ गए। एसएचओ ने ठेकेदार से फोन पर बात की। बाद में 50 हजार मुआवजा और सरकारी सहायता दिलाए जाने के आश्वासन के बाद सभी शांत हुए और शाम सात बजे शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। एसएचओ अवनीश सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों को समझाया गया है। मुआवजे के साथ सरकारी सहायता मिलने पर वह शांत हो गए।

परिजनों को समझाते कोतवाल अवनीश सिंह। अमृत विचार

तीन बच्चे हुए अनाथ

रेखा के पति सुरेश की डेढ़ साल पहले मौत हो चुकी है। इसके बाद से वह बच्चों का पेट पालने के लिए मजदूरी करती थी। हादसे में उसकी मौत होने के बाद उसकी बेटी अनुष्का (8), चेरी (7) व बेटा मनप्रीत (6) अनाथ हो गए। विश्वविद्यालय का निर्माण करा रहे प्रवीण कुमार ने बताया कि हादसे की सूचना हुई थी। हादसा कैंपस में नहीं हाईवे पर हुआ है। मृतका का अंतिम संस्कार वह अपने खर्च से कराएंगे।

किशोरी समेत चार ने फंदे से लटक कर दी जान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। अलग-अलग कोतवाली क्षेत्र में किशोरी समेत चार ने फंदे से लटककर जान दे दी। सूचना पर संबंधित कोतवाली की पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं। इनमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। वहीं घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा है।

केस-1: हसनगंज। कोतवाली के गांव कुरौली निवासी नाजरीन (16) पुत्री स्व. जाकिर ने इसी साल इंटर की परीक्षा पास की थी। वह पढ़ने में तेज थी और आगे पढ़ाई की तैयारी कर रही थी। शनिवार देरशाम वह अपने कमरे में दुपट्टे का फंदा बनाकर कुंडे से लटक गई। छोटी बहन सानिया ने दरवाजा बंद देख खिड़की से झांककर देखा तो बदहवास हो गई। दिवंगत किशोरी की मां नूरजहां ने बताया कि बेटी नाजरीन की शनिवार शाम खाना बनाने को लेकर छोटी बहन सानिया से कहासुनी हुई थी। इससे वह नाराज थी। लेकिन उसे यह नहीं पता था कि बेटी ऐसा कदम उठा लेगी। मृतका के पिता की बीमारी से मौत हो चुकी है। वह पांच भाई-बहनों में चौथे नंबर की थी। उसकी मौत से मां सहित अन्य परिजन बेहाल रहे।



- हसनगंज में किशोरी, बीघापुर कोतवाली क्षेत्र में दो युवकों व सफीपुर में मानसिक बीमार ने की खुदकशी

कारोबारी के इकलौते बेटे ने लगा ली फांसी

केस 02

बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के शास्त्रीनगर मोहल्ला निवासी अनुराग शुक्ला उर्फ रिंकू (30) कपड़े का व्यापार करता था। उसके पिता शिवशंकर उर्फ मुन्नी आंबेडकर नगर मोहल्ले में कपड़े की दुकान किए हैं। शनिवार को दोनों अपनी-अपनी दुकान पर थे। रात करीब आठ बजे पिता दुकान बंद कर घर पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज देने पर भी दरवाजा नहीं खुला तो उन्होंने धक्का देकर खोलने का प्रयास किया लेकिन, सफल नहीं हुए। खिड़की से झांककर देखा तो बेटे का शव गमछे से फंदे से लटक रहा था। इकलौते बेटे का शव देख वे बेहाल हो गए। शोर सुन पड़ोसी पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई पुलिस ने जांच कर शव फंदे से नीचे उतरवाया। पिता ने बताया कि उसकी पत्नी की मौत हो चुकी है। शादी के बाद उसकी पत्नी से नहीं पटती थी तो पत्नी से उसने तलाक ले लिया था। घर पर पिता पुत्र ही रहते थे। उसने यह कदम क्यों उठाया इसकी जानकारी पिता नहीं दे सके। एसओ राजपाल ने बताया कि पिता-पुत्र ही घर पर रहते थे। परिजन आत्महत्या की वजह नहीं बता सके। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

अनुराग शुक्ला उर्फ रिंकू।

होटल कर्मी ने फांसी लगाई, मौत

केस 03

पुरवा कोतवाली अंतर्गत धौरहरा गांव निवासी कमल साहू (45) बीघापुर रेलवे स्टेशन के पास कैची मोड़ पर अचलगंज थानाक्षेत्र के नौबस्ता गांव निवासी अपने बहनोई रामदेवी साहू के होटल में काम करता था। शराब का लती होने से उसका अपने बहनोई से आएदिन विवाद भी होता था। रविवार दोपहर उसका शव होटल से 500 मीटर दूर उन्नाव-लालगंज हाईवे किनारे बाग में लगे नीम के पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटका मिला। जानकारी पर बहन-बहनोई पहुंचे और शव देख बिलख उठे। युवक दो भाई थे। छोटे भाई की करीब चार साल पहले सड़क हादसे में मौत हो गई थी। शराब का लती होने से पत्नी ने उसे तलाक दे दिया था। परिवार में और कोई न होने से वह अपने बहन-बहनोई के साथ रहता था। एसओ राजपाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

मानसिक बीमार अधेड़ ने दी जान

केस 04

सफीपुर। कोतवाल अंतर्गत सफीपुर ग्रामीण क्षेत्र के मजरा जगदीशखेड़ा गांव निवासी मलखे (55) पुत्र बाबूलाल खेती कर जीविका चलाता था। अत्यधिक नशा करने से वह मानसिक बीमार हो गया था। परिजनों ने उसका इलाज भी कराया। लेकिन फायदा नहीं हुआ। परिजन उसे मेंहदीपुर बालाजी मंदिर ले गए और झाड़फूंक भी कराई। लेकिन, उसे विशेष लाभ नहीं हुआ। बीते तीन साल से वह घर पर ही था। रविवार सुबह बेटा अंकित मजदूरी करने चला गया। पत्नी कुसुमा किसी काम से बाहर गई थी। सुबह करीब 11 बजे जब वह घर लौटी तो पति का शव रस्सी के फंदे लटका देख उसके होश उड़ गए। चीख सुन पड़ोसी पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसएचओ श्याम नारायण सिंह ने बताया कि पत्नी कुसुमा ने मानसिक बीमार होने की बात कही है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कनपटी में तमंचा लगा कर ई-रिक्शा और नकदी लूटी

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

अमृत विचार। उन्नाव के लोकइया खेड़ा निवासी एक ई रिक्शा चालक शनिवार रात शुक्लागंज सवारी छोड़कर लौट रहा था, तभी सहजनी के पास उसे बदमाशों ने रोक लिया और सहजनी शंकरपुर मार्ग पर ले गये। उसके और साथी आ गये। जहां उसकी कनपटी में तमंचा लगा कर नकदी और ई रिक्शा लूट लिया व उसे बांध कर फेंक दिया। पुलिस ने रविवार को हाजीपुर क्षेत्र से ई रिक्शा बरामद किया।

सरोसी के सोथरा निवासी इरफान का ई रिक्शा लोकइया खेड़ा उन्नाव निवासी धर्मेन्द्र पासवान का बेटा प्रेम उर्फ लकी चलाता है। उसने बताया कि शनिवार रात करीब आठ बजे वह शुक्लागंज सवारी छोड़ने आया था, सवारियों को छोड़ने के बाद वापस जा रहा था, तभी सहजनी के पास एक युवक मिला और उसने गेंहू की बोरियां ले जाने की बात कहते हुये उसे सहजनी शंकरपुर मार्ग की ओर ले गया। आरोप है कि बनी गांव के पास दो-तीन साथी और आ गये। जहां एक ने उसकी कपनटी में तमंचा लगा दिया। जिसके बाद जेब में पड़े पांच सौ की नकदी छीन ली। इतना ही नहीं उसे मारा पीटा और हाथ पांव बांध कर फेंक दिया।

चोरों ने उड़ाया सामान, लोगों का हंगामा

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली के चंपापुरवा मोहल्ले में रविवार रात चोर एक घर में घुस गये। जहां चोरों ने घर से सामान पार कर दिया। सुबह सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये। जहां क्षेत्रीय लोगों ने चोर को पहचान लिया और उसके घर पहुंचे। जहां हंगामा काटने लगे। इस दौरान चोरी गया सामान उसके घर से बरामद हुआ। जिसकी शिकायत पुलिस से की है।

चंपापुरवा निवासी अजय कश्यप उर्फ छोटू ने बताया कि रविवार रात वह परिवार के साथ छत पर सो रहे थे, तभी रात लगभग तीन बजे चोर उसके घर में घुस गये। जहां चोरों ने कमरे में लगा एलसीडी, मोबाइल समेत अन्य सामान पार कर दिया। सुबह जानकारी होने पर पड़ोस में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जिसमें राजीव नगर का एक युवक पहचान में आ गया। जिस पर क्षेत्रीय लोग उसके घर पर पहुंचे और चोर को पकड़ लिया। जिसके बाद हंगामा काटने लगे। इस दौरान घर के अंदर चोरी गई एलसीडी दिखाई पड़ी। जिस पर आरोपी मौके से भाग निकला। आरोपी के परिजनों ने एलसीडी निकाल कर वापस की। घटना की जानकारी छोटू ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस चोर का पता लगा रही है।

आरोपी के घर से बरामद चोरी की एलईडी दिखाता पीड़ित। अमृत विचार

चोरी के मोबाइल के साथ पकड़ा

शुक्लागंज, उन्नाव। एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान रविवार सुबह गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने एक मोबाइल चोर को चोरी के सात मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया। जहां पुलिस ने उसके खिलाफ कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है। कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि रविवार सुबह एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान ऋषि नगर केबिन के पास पुलिस को संदिग्ध युवक दिखाई पड़ा। जिस पर पुलिस ने उसे रोक लिया और उसकी तलाशी ली। जहां उसके पास से पुलिस ने सात मोबाइल बरामद किये। पूछताछ में उसने सभी मोबाइल चोरी के बताये।

सार-संक्षेप

मरीजों का परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

स्वास्थ्य मेले में पहुंचे 56 मरीज, दी गईं दवाएं

शुक्लागंज उन्नाव। रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास से मरीज मेले में पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रवि प्रकाश सचान, डा. रश्मि वर्मा ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। प्रभारी ने बताया कि पीएचसी में 56 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इस दौरान अमित कुशवाहा, सिद्धार्थ बाजपेई, अवनीश मिश्रा समेत अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

मच्छरों पर वार को लेकर अंबिकापुरम में चला अभियान

शुक्लागंज, उन्नाव। गर्मी में वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए नगर पालिका गंगाघाट की ओर से हर रविवार मच्छरों पर वार अभियान चलाया जा रहा है। उसी को देखते हुये रविवार को वार्ड 11 अंबिकापुरम में पालिका कर्मियों की फौज पहुंची। जहां सफाई कर्मियों ने वृहद स्तर पर साफ सफाई कर एंटी लार्वा का छिड़काव किया। स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर पालिका हर रविवार मच्छरों पर वार अभियान चला रही है। उसी को देखते हुये रविवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला के नेतृत्व में पालिका के सफाई कर्मी वार्ड 11 अंबिकापुरम में पहुंचे। जहां सफाई कर्मियों ने वार्ड की सभी गलियों में साफ सफाई की। इसके अलावा नालियों से सिल्ट साफ की। जिसके बाद मच्छरों के लार्वा न पनप सकें। इसके लिये एंटी लार्वा का छिड़काव कराया। ईओ ने बताया कि इसी तरह अभियान चलाकर सभी वार्डों में साफ सफाई कराई जायेगी। जिससे मच्छरों के लार्वा न पनप सके और वेक्टर जनित बीमारियों को रोका जा सके।

अंबिकापुरम में सफाई करते पालिका कर्मी।

मौसम की मार | नौतपा लगने के बाद पड़ रही भीषण गर्मी, तरल पदार्थ लस्सी, नींबू पानी, आम के पना की दुकानों में उमड़ रही भीड़

तल्ख हुईं सूरज की किरणें, लू के थपेड़ों ने लोगों को किया बेहाल

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

अमृत विचार। मई माह में नौतपा नक्षत्र लगने के बाद पड़ रही भीषण गर्मी में आमजन बेहाल हैं। जिसके चते दोपहर में मुख्य मार्गों पर चौराहों पर सन्नाटा देखने को मिल रहा है। वहीं जरूरी काम को आने जाने वाले लोग मुंह ढक कर निकले। वहीं लू के थपेड़ों के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

रविवार को सुबह सात बजे से ही सूरज तल्ख रहा। जिससे आने जाने वाले लोग परेशान दिखे। दोपहर के समय चल रही लू के थपेड़ों से राहगीर बिलबिला उठे। जिसके चलते दोपहर में प्रमुख मार्गों और चौराहों पर सन्नाटा देखने को मिला। वहीं अत्यधिक तापमान को होने से हीट वेव लू की संभावना व्यक्त की जा रही है। जिससे आने जाने वाले लोग दोपहर के समय न के बराबर निकल रहे हैं। वहीं जरूरी काम को आने जाने वाले लोग सिर पर अंगौछा रखकर निकले। वहीं अधिक गर्मी होने के कारण तरल पदार्थ जैसे छास, लस्सी, नींबू पानी, आम के पना की दुकानों में लोगों की भीड़ देखने को मिली। वहीं जूस की दुकानों पर भी देर रात तक मैंगो शेक, बनना शेक पीने के लिये लोगों की भारी भीड़ रही। वहीं अधिक गर्मी पड़ने के कारण फोरलेन पर पालिका प्रशासन की ओर से अभी तक पीने के पानी के लिये कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जिस कारण शुद्ध पानी के लिये लोगों को इधर उधर भटना पड़ रहा है। वहीं अन्ना जानवरों के लिये भी पालिका की ओर नांद नहीं रखवाई गई है। जिससे भीषण गर्मी में पानी के लिये अन्ना मवेशी भी परेशान दिखे।

गर्मी से बचने के लिए सिर ढंक कर जातीं महिलाएं। अमृत विचार

चरमराई नगर की विद्युत व्यवस्था, लोग हुए परेशान

शुक्लागंज उन्नाव। रविवार को नगर में हुये ताबड़तोड़ फाल्टों के कारण नगर की बिजली व्यवस्था चरमराई रही। छुट्टी का दिन होने के कारण बिजली न आने पर घरों में मौजूद लोग बिलबिला उठे। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। वहीं फाल्टों की मरम्मत करने के लिये बिजली कर्मियों को भी खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। अली नगर मोहल्ले में रविवार सुबह 7 बजे ओवरलोड होने के कारण 100 केवीए का ट्रांसफार्मर फुंक गया। क्षेत्र की बिजली गुल रही। इसकी जानकारी विभाग को दी गई। जिस पर शाम करीब चार बजे नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। इसी तरह आर्य नगर में सुबह सात बजे तार टूटने के कारण सैकड़ों घरों की बिजली गुल रही। सुबह करीब दस बजे मरम्मत होने के बाद आपूर्ति चालू हो सकी। वहीं अंबिकापुरम मोहल्ले में सुबह छह बजे एचटी लाइन टूटने के कारण नौ बजे तक दो सौ घरों की बिजली बंद रही। मोहल्ले में ही रखा 400 केवीए के ट्रांसफार्मर का फ्यूज उड़ने से दोपहर बारह बजे से तीन बजे तक सैकड़ों घरों की बिजली गुल रही। ताबड़तोड़ फाल्टों के कारण नगर की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई रही।

ट्रांसफार्मर की मरम्मत करते बिजली कर्मी। अमृत विचार

एकं हन्यान्न वा हन्यादिषुर्मुक्तो धनुष्मता।
बुद्धिर्बुद्धिमतोत्सृष्टा हन्याद् राष्ट्रम सराजकम्।।

किसी धनुर्धर वीर के द्वारा छोड़ा हुआ बाण संभव है किसी एक को मारे या न भी मारे। मगर बुद्धिमान द्वारा प्रयुक्त की हुई बुद्धि राजा के साथ-साथ संपूर्ण राष्ट्र का विनाश कर सकती है।

संपादकीय

जलवायु परिवर्तन की चुनौती

पूरा देश इस समय भीषण गर्मी से जूझ रहा है। इससे लोगों के स्वास्थ्य और उत्पादकता पर गंभीर खतरा हो सकता है। आगामी दिनों में लू का जोखिम और बढ़ने की आशंका है। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तापमान 45 डिग्री के करीब पहुंच गया। मौसम विभाग के मुताबिक अगले पांच दिन तक रात के पारे में कोई बदलाव के आसार नहीं है। रात का तापमान विशेष रूप से खतरनाक होता है। हर साल तापमान के रिकॉर्ड ध्वस्त हो रहे हैं। मौसम के बदलाव ने आम लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। देश के 150 प्रमुख जलाशयों में जल भंडारण पिछले सप्ताह पांच वर्षों में सबसे निचले स्तर पर आ गया। इससे कई राज्यों में पानी की कमी बढ़ गई और जल विद्युत उत्पादन पर असर पड़ा है। विश्व बैंक के एक अध्ययन के मुताबिक, देश का करीब 75 फीसदी कार्यबल कृषि और निर्माण क्षेत्र में गर्मी का सीधे सामना करने वाले श्रम पर निर्भर करता है।

आंकड़ों के मुताबिक 2030 तक गर्मी के प्रकोप से जुड़ी उत्पादकता में गिरावट की वजह से दुनिया भर में कुल होने वाली नौकरियों के नुकसान में अकेले भारत का योगदान करीब 43 फीसदी तक हो सकता है। वास्तव में आज पूरी तरह से जलवायु परिवर्तन हो चुका है और इसका खामियाजा इंसान को भुगतना पड़ रहा है। शहरीकरण और औद्योगिकीकरण के कारण लोगों के जीवन जीने के तौर-तरीकों में काफी परिवर्तन आया है। विश्व भर की सड़कों पर वाहनों की संख्या काफी अधिक हो गई है। जीवन शैली में परिवर्तन ने खतरनाक गैसों के उत्सर्जन में काफी अधिक योगदान दिया है। यदि ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में उल्लेखनीय रूप से कमी नहीं की गई, तो सदी के मध्य तक अधिकांश क्षेत्रों में दैनिक उच्च और निम्न तापमान में कम से कम 5 डिग्री फ़ॉरेनहाइट की वृद्धि होगी, जो सदी के अंत तक 10 डिग्री फॉरनेहाइट तक बढ़ जाएगी। वर्तमान में जलवायु परिवर्तन वैश्विक समाज के समक्ष मौजूद सबसे बड़ी चुनौती है एवं इससे निपटना वर्तमान समय की बड़ी आवश्यकता बन गई है। जलवायु परिवर्तन के कुछ प्रभावों को वर्तमान में भी महसूस किया जा सकता है। पृथ्वी के तापमान में वृद्धि होने से हिमनद पिघल रहे हैं और महासागरों का जल स्तर बढ़ता जा रहा है। आधुनिक युग में जैसे-जैसे मानवीय गतिविधियां बढ़ रही हैं, वैसे-वैसे ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में भी वृद्धि हो रही है जिसके कारण तापमान में वृद्धि हो रही है। यानि यह समय जलवायु परिवर्तन की दिशा में गंभीरता से विचार करने का है।

शरीर और मन : परिवेश और आनुवंशिकता



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मनुष्य की संरचना में दो घटक बड़े स्पष्ट हैं एक देह या शरीर और दूसरा अंत:करण। अंत:करण अर्थात् मन, बुद्धि, चित्त अहंकार। देह और मन, इन दोनों की संरचना में दो तत्व हैं, एक परिवेश है और दूसरा आनुवंशिकता है। मनुष्य की शारीरिक संरचना में उसका रंग रूप देह-यष्टि परिवेश से प्रभावित होती है।

विचार मनुष्य का बल है, वैभव है, लेकिन यदि वही विचार मनुष्य के लिए कैदखाना बन जाए, तब? लेकिन अपरिमित बल के साथ ही मनुष्य में निर्बलता भी है कि वह विचारधाराओं को अपने लिए जेल खाना बना लेता है, कट्टर बन जाता है। विचार को लेकर लड़ने लगता है। वह भूल जाता है कि कोई भी विचार आखिरी लकीर नहीं है। विचारधाराएं मनुष्य के लिए हैं, मनुष्य विचारधाराओं के लिए नहीं हैं। ये समस्त ज्ञान विज्ञान विचार दर्शन कला संगीत मनुष्य जीवन रूपी वृक्ष के फल हैं। वृक्ष पर फल बार-बार आते हैं, फल तथा ऋतु का संबंध है। ऋतु बदलती है, नए फल आ जाते हैं। युग बदलता है, विचार बदल जाते हैं।

जीवन का विस्तार बहुत व्यापक है, वह किसी एक ही विचारधारा से न कभी पहले चल सका है, न आज चल रहा है और न आगे कभी चलेगा। इसलिए विचारधाराओं से भी पहला काम मनुष्य का अध्ययन है, पहला काम मनुष्य की पहचान है। हम सोचते हैं कि मनुष्य का क्या जानना, हम मनुष्य ही तो हैं। हां, ठीक बात है, हम मनुष्य हैं, मनुष्य की विराटता में एक इकाई। मनुष्य में बुनियादी समानता हैं, निश्चित ही हैं, किंतु विचित्रता भी हैं। इतनी विचित्रता कि उनको हम जितना भी जानते हैं, उतनी ही विचित्रता सामने आ जाती है। दिशा और काल में मनुष्य का कितना विस्तार है? क्या इस विस्तार की कल्पना भी हम कर सकते हैं? मनुष्य को जानने की बहुत सी पद्धतियां हैं, एक पद्धति ने मनुष्य को परिवेश और आनुवंशिकता के आधार पर जानने का प्रयास किया है।

मनुष्य की संरचना में दो घटक बड़े स्पष्ट हैं एक देह या शरीर और दूसरा अंतःकरण। अंतःकरण अर्थात् मन, बुद्धि, चित्त अहंकार। देह और मन, इन दोनों की संरचना में दो तत्व हैं, एक परिवेश है और दूसरा आनुवंशिकता है। मनुष्य की शारीरिक संरचना में उसका रंग रूप देह-यष्टि परिवेश से प्रभावित होती है। अफ्रीका का आदमी, अमेरिका का आदमी या फ्रांस का आदमी एक जैसे रंग रूप देह-यष्टि के नहीं होते। चीन के आदमी का कद, रंग, उसकी आंखें, उसकी खोपड़ी, उसके हाथ पैर अलग-अलग रूप-रंग और आकृति के होते हैं। फिर समुद्र के पास रहने वाला आदमी पर्वतों के पास रहने वाले आदमी से भिन्न होता है। एक की छाती अधिक मजबूत है और दूसरे की टांगें अधिक मजबूत हैं। यह भिन्नता प्राकृतिक-भौगोलिक परिवेश के कारण होती है। देह तत्व को प्रभावित करने वाला दूसरा प्रभावशाली तत्व उसकी आनुवंशिकता है।

> मनुष्य ने जब धरती और बीज के संबंध में सोचा तब सारा ब्रह्मांड उसकी दृष्टि में था और जब उसने उत्पत्ति और विकास के संबंध में सोचा तब भी धरती और बीज के बिंब उसकी आंखों में थे। जब उसने प्रकृति के संबंध में सोचा, तब जीवन के बिंब उसके पास थे और इसी प्रकार जब जीवन के संबंध में सोचा तब प्रकृति के बिंब उसके पास थे। इस प्रकार निरंतर प्रक्रिया में मनुष्य के चिंतन और ज्ञान का विकास हुआ। मनुष्य के मन पर भी उसके परिवेश का जो चित्र अंकित होता है, वह उसकी समग्र अभिव्यक्ति संपदा (शब्द, उपमा, प्रतीक, कहावत, मुहावरों आदि) में बिंबित होता है और भाषा की संरचना में इन बिंबों की अनिवार्य भूमिका होती है।

माता-पिता और उनकी वंश परंपरा आदमी के रूप, नाक-नक्श पर प्रत्यक्ष होती है। किसी बच्चे को तुरंत पहचान लिया जाता है यह उसका बेटा है। अनेक व्याधियां आनुवंशिक होती हैं। बहुत सी लोकोक्तियां आनुवंशिकता पर हैं अब तो आनुवंशिकी (जैनेटिक्स) का विकास हो रहा है, जिस प्रकार माता-पिता और माता-पिता की वंश परंपराओं से हमने अपना शरीर प्राप्त किया है। उसी प्रकार हमारा मन भी उसी वंश परंपरा का दाय है। इसीलिए हमारा मन बीते हुए युगों का एपीटोम है। हमारे अर्द्धचेतन और अचेतन मन में युग-युगांतर की स्मृतियां सो रही हैं। शरीर की तरह हमारा मन भी अविच्छिन्न परंपरा का ही दाय है। जिस प्रकार शरीर पर परिवेश और आनुवंशिकता का प्रभाव होता है, उसी प्रकार मनुष्य की मानसिक संरचना अर्थात् मन पर भी परिवेश और आनुवंशिकता का प्रभाव होता है। मनुष्य की मानसिक संरचना में आनुवंशिकी का प्रभाव बहुत स्पष्ट होता है-नानी की टेव धेवती में आ। मूसे के जाए बिले खोदेंगे। मन पर परिवेश का प्रभाव सांस्कृतिक तत्व के रूप में होता है। बालक का जन्म शून्य में नहीं होता, सांस्कृतिक-परिवेश में होता है। बालक उस परिवेश से ही बोली और भाषा ग्रहण करता है तथा बोली और भाषा की तरह ही सांस्कृतिक तत्व ग्रहण करता रहता है।

प्रत्येक सांस्कृतिक परिवेश की विचार-प्रणाली होती है, आचार प्रणाली होती है, विश्वास-प्रणाली होती है, सौंदर्यचेतना होती है। प्रत्येक सांस्कृतिक परिवेश में सैकड़ों अवधारणाएं प्रचलित होती हैं। मनुष्य के चित्त का आधार पाकर वे अवधारणाएं भौतिक शक्ति जैसी बन जाती हैं। इसलिए बालक का मन अपने सांस्कृतिक परिवेश से रचा-पचा होता है। इस प्रकार मनुष्य की आंतरिक और बाहरी संरचना में परिवेश और आनुवंशिकता दोनों तत्व निर्णायक और प्रभावकारी होते हैं। जिस आनुवंशिकता से बालक को शरीर प्राप्त हुआ है, उसी आनुवंशिकता से उसे मन भी प्राप्त हुआ है। मन की प्रवृत्ति के रूप में जो तत्व है, वह भी वंश परंपरा से प्राप्त है। उसकी मानसिक संरचना में अतीत जीवन की स्मृतियों का कोश है।

आनुवंशिकता के कारण ही मनुष्य के मन को युगंधर या बीते युगों की स्मृतियों का ऐपीटोम कहा जाता है। समस्त युग उसके अवचेतन में समाए हुए हैं। यह ऐपीटोम केवल इस जीवन का ही नहीं है, उस वंशानुक्रम के जीवन का है, जो अंततः आदि-पुरुष (माता-पिता) से जुड़ता है। ध्यान रखने की बात यह है कि मनुष्य जीवन केवल वर्तमान से ही संचालित नहीं होता, मनुष्य जीवन के इतिहास की समग्रता अथवा वे स्मृतिकोश भी जीवन को संचालित करते हैं। मनुष्य धरती पर उगते हुए बीज को तभी से देख रहा है, जब से उसने धरती पर जन्म लिया था। धरती से बीज उगना इन अर्थों में साधारण घटना है कि उसे सभी ने देखा है और बार-बार देखा है, परंतु उसकी असाधारणता भी यही है कि उसे सभी ने देखा है, लोक ने भी देखा है, शास्त्र ने भी देखा है, पंडित ने भी देखा है मूढ़ ने भी देखा है, धनी ने भी देखा है और निर्धन ने भी देखा है। किसी ने पास से देखा है तो किसी ने दूर से देखा है, किसी ने प्रत्यक्ष देखा है तो किसी ने परोक्ष रूप से देखा है और इस निरंतर देखने के कारण ज्ञान की निरंतर वृद्धि हुई है।

मनुष्य ने जब धरती और बीज के संबंध में सोचा तब सारा ब्रह्मांड उसकी दृष्टि में था और जब उसने उत्पत्ति और विकास के संबंध में सोचा तब भी धरती और बीज के बिंब उसकी आंखों में थे। जब उसने प्रकृति के संबंध में सोचा, तब जीवन के बिंब उसके पास थे और इसी प्रकार जब जीवन के संबंध में सोचा तब प्रकृति के बिंब उसके पास थे। इस प्रकार निरंतर प्रक्रिया में मनुष्य के चिंतन और ज्ञान का विकास हुआ। मनुष्य के मन पर भी उसके परिवेश का जो चित्र अंकित होता है, वह उसकी समग्र अभिव्यक्ति संपदा (शब्द, उपमा, प्रतीक, कहावत, मुहावरों आदि) में बिंबित होता है और भाषा की संरचना में इन बिंबों की अनिवार्य भूमिका होती है।

उदाहरण के लिए वृक्ष से पत्ता गिरा। पत् धातु का अर्थ है गिरना, अतः गिरने के कारण पत्र संज्ञा बनी। पत्र शब्द से पत्ता, पत्ती, पन्ही, पात, पतिया शब्द निष्पन्न हुए। पुराने जमाने में पत्रों पर संदेश भी लिखे जाते थे, इसलिए पत्र शब्द का एक नया अर्थ विकसित हुआ चिट्ठी। जीवन में सुख के साथ दुख लगा हुआ है, जो फूलता है वह कुम्हलाता भी है। एक दिन फल लगते हैं और एक दिन पतझड़ भी होता है। यह संसार कांटों की झाड़ी है। संसार के संबंध उसी प्रकार के है, जैसे वृक्ष पर पत्ते उगते हैं, झड़ते हैं और हवा उन्हें दूर उड़ा ले जाती है। इस प्रकार लोकमानस की पूरी चिंतन प्रक्रिया वानस्पतिक बिंबों से ओत-प्रोत है।

प्रसंगवश

राजधानी में कानून व्यवस्था

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अभी कुछ दिन पहले लखनऊ में तैनात एक महिला पुलिस उप-अधीक्षक के एकलौते बेटे को दो गुंडे लड़कों द्वारा कार से रौंदने की घटना लोगों को भूली नहीं थी कि अब रिटायर्ड कमिश्नर देवेन्द्र नाथ दुबे के इंदिरानगर स्थित आवास पर दिन दहाड़े दिल दहलाने वाली ताजी घटना फिर हो गई जिसमें 25 मई को उनकी पत्नी की हत्या व घर में डकैती सुबह 7 और 9 बजे के बीच अंजाम दे दी गई, जब वे गोल्फ खेलने घर से बाहर गए थे।

पुलिस की शिथिल कार्य प्रणाली के चलते अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। प्रशासन और पुलिस का भय अपराध जगत में रहा ही नहीं। वे घटनाएं करते रहते हैं और उन पर कार्यवाही नहीं होती है। जनवरी-2023 में मेरे साथ आन लाइन ठगी हुई थी। नगर के सुशांत गोल्फ सिटी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई, अखबारों में खबर का कवरेज आया, किंतु पुलिस बदमाशों को नहीं पकड़ सकी। दुबे जी 71 के हैं, मैं 84 का। खबरों में बहुधा आ जाता है कि वरिष्ठ नागरिकों की पुलिस सूची बनाए है ताकि उनकी सुरक्षा का अनुश्रवण कर सके, लेकिन मेरे पास तो कभी कोई पुलिस वाला हाल पूछने आया नहीं और न रिपोर्ट पर कार्यवाही की। जब सर्वप्रथम लखनऊ व नोएडा में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू की गई थी, तभी मैंने इस पद्धति को कम असरदार बताया था। इससे केवल पुलिस का एकाधिकार हो जाता है, मजिस्ट्रेसी मूक दर्शक बन जाती है। ऐसे में अपराध नियंत्रण कम कारगर रहता है।

राजधानी में तो पुलिस भी अपराध में लिप्त देखी गई है। इसी जनवरी (2024) में लखनऊ एटीएस में तैनात एक अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा एक महिला से बलात्कार व तत्परिणामी गर्भाधान और जबरिया गर्भपात कराने, धमकाने का आदि मामला प्रकाश में आया था। गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट तब दर्ज हुई, जब महिला योगी जी के पास खड़ी हो गई। सोचिए, यह पुलिस अपराध नियंत्रण कैसे करेगी? सपा के शासनकाल में पुलिस मंत्रियों की भैंसें ढूंढती थी, अब खुद अपराध करती है। उचित होगा कि मुख्यमंत्री पुलिस कमिश्नर प्रणाली समाप्त कर, कानून व्यवस्था पटरी पर लाने का प्रयास करें।

बदल चुका है बड़े मंगल का स्वरूप

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

> इस व्यवस्था के बीच भक्तों के जुलूस, नंगे पांव आदि कठिन साधना यात्रा करने वाले लोग गायब हो गए और धीरे-धीरे पांडाल में वितरित होने वाले प्रसाद पर मोहल्ले के लोगों का आधिपत्य बढ़ गया। यद्यपि आज भी राहगीर बड़े चाव से प्रसाद ग्रहण करते नजर आते हैं। अब धीरे-धीरे इस उत्सव के भंडारें में वीआईपी लोगों की एंट्री व सायंकालीन भंडारे का भी चलन जुड़ गया है।

जेठ माह की चिलचिलाती धूप में हर मंगलवार को 'बड़े मंगल' के रूप में मनाया जाना लखनऊ की अनूठी धार्मिक सांस्कृतिक परंपरा का एक महत्वपूर्ण अंग है। यह उत्सव मुख्यतः मोहल्ला अलीगंज के डंडहिया बाजार स्थित एक प्राचीन मंदिर तथा दूसरे अपेक्षाकृत बाद में निर्मित हनुमानजी के मंदिरों की गाथा को समर्पित है।

जनश्रुति के अनुसार तत्कालीन नवाब मोहम्मद अली शाह की बेगम आलिया/राबिया की कहानी इन दोनों हनुमान मंदिरों से जुड़ी हुई है। संतान प्राप्ति के लिए तमाम प्रयास विफल होने पर शोकग्रस्त बेगम को स्वप्न में प्राचीन मंदिर वाले हनुमानजी ने दर्शन दिए। बेगम आलिया ने मंदिर जाकर हनुमानजी की पूजा अर्चना की और संतान प्राप्ति हेतु मनौती मानी। कालांतर में मुराद पूरी होने पर उन्होंने मंदिर का जीर्णोद्धार कराया और श्रद्धापूर्वक मंदिर के कलश के लिए चंद्रमा की आकृति भेंट की, जो आज भी मंदिर के शीर्ष कलश पर फहरा रही पताकाओं के साथ विराजमान है।

कहते हैं उसी कालखंड में लखनऊ में एक महामारी भी फैली। बेगम आलिया ने लोगों की सेवा सुश्रुषा की व्यवस्था की और खाने-पीने के लिए मंदिर में भंडारा भी चलवाया। बाद में बेगम ने मंदिर के पुजारी से यह अनुरोध किया कि वे कैसरबाग स्थित अपने आवास के पास हनुमानजी को स्थापित करना चाहती हैं। इस प्राचीन हनुमान मंदिर के गर्भगृह में मुख्य प्रतिमा के अलावा हनुमानजी की अतिरिक्त प्रतिमाएं सदा से रही हैं। आज भी इस मंदिर के गर्भगृह में मुख्य प्रतिमा के साथ हनुमानजी की तीन विभिन्न आकार वाली छोटी-बड़ी प्रतिमाएं मौजूद हैं। बेगम की श्रद्धा-भक्ति से प्रभावित होकर पुजारी ने उन्हें गर्भगृह में स्थित एक प्रतिमा ले जाने की अनुमति दे दी। हाथी पर बैठाकर हनुमानजी की वह प्रतिमा कैसरबाग के लिए प्रस्थित हुई, परंतु थोड़ी दूर लगभग एक किलोमीटर चलकर हाथी एक स्थान पर बैठ गया और तमाम प्रयास के बावजूद आगे नहीं बढ़ा।

बेगम आलिया ने यह मानकर कि हनुमानजी यहीं स्थापित होना चाहते हैं, उसी स्थान पर मंदिर का निर्माण कराकर हनुमानजी को स्थापित किया, जो आजकल इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण है। यह भी उल्लेखनीय है कि इन दोनों मंदिरों के शिखर के नीचे अब भारत माता की ट्राइकलर्ड मूर्ति भी शोभायमान है। पिछले लगभग बीस वर्षों में 'बड़ा मंगल' के इस पर्व का स्वरूप काफी कुछ बदल चुका है। प्रारंभ में गोमती नगर क्षेत्र से ध्वजा पताका लिए जयकारा लगाते, गीत गाती महिलाओं व पुरुषों के समूह सड़कों पर अलीगंज की ओर जाते आम तौर पर दिखाई पड़ते थे। कुछ भक्त अपनी मनौती के अनुसार चिलचिलाती धूप में नंगे पांव ही चलते थे। हर सड़क पर दो-चार ऐसे भी लोग दिख जाते थे, जो केवल लेट लेटकर मंदिर तक की कष्टप्रद यात्रा करते थे। मंदिर में उनके प्रवेश व दर्शन का अलग गलियारा होता था। रास्ते में कोई अनाम व्यक्ति प्याऊ का संचालन करता रहता था। उसी दौरान संभवतः 2004 के आसपास स्व. अखिलेश दास ने संगठित रूप से प्याऊ की व्यवस्था प्रारंभ की। इसके पश्चात साल दर साल पहले शर्बत, फिर बुंदिया, बाद में पूड़ी, सब्जी आदि इत्यादि सभी के पंडाल लगने लगे।

इस व्यवस्था के बीच भक्तों के जुलूस, नंगे पांव आदि कठिन साधना यात्रा करने वाले लोग गायब हो गए और धीरे-धीरे पांडाल में वितरित होने वाले प्रसाद पर मोहल्ले के लोगों का आधिपत्य बढ़ गया। यद्यपि आज भी राहगीर बड़े चाव से प्रसाद ग्रहण करते नजर आते हैं। अब धीरे-धीरे इस उत्सव के भंडारें में वीआईपी लोगों की एंट्री व सायंकालीन भंडारे का भी चलन जुड़ गया है। अब यह पर्व लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ साथ प्रदेश के अन्य शहरों में भी लोकप्रिय हो रहा है। मंगलवार के साथ-साथ अब शहर में शनिवार को भी भंडारे के आयोजन बढ़ रहे हैं। भंडारा व प्रसाद ग्रहण करने वालों की संख्या तो बढ़ रही है, पर सड़क पर भक्तों की भीड़ नहीं दिखाई पड़ती है।

सोशल फोरम

कौन थे बनाफर

> कनिष्क के शासन काल में बनारस का क्षत्रप बनस्पर था। बाद में बनस्पर महाक्षत्रप भी बना। बनस्पर के वंशज ही बुंदेलखंड में बनाफर कहलाने लगे। इनकी बोली भी बनाफरी कहलाती है।

देवेंद्र सिंह
वरिष्ठ लेखक

बुंदेलखंड में आल्हा गायन की परंपरा रही है। आदमी के पास जब खेती-किसानी में कुछ करने को नहीं रहता था तब चौपालों में आल्हा गायन होता था, लेकिन फुर्सत में मैं आल्हा नहीं क्रांति की दास्तान ही पढ़ता हूं। 25 मई को आल्हा का जन्मदिन था कि ऊदल का।

फेसबुक पर पढ़ रहा हूं कि आल्हा ऊदल के जन्मदिन पर बधाइयां। पता नहीं कि किसने उनके जन्म तिथि की खोज की। दोनों का जन्मदिन तो एक ही दिन नहीं हो सकता, क्योंकि आल्हा खंड में सब जगह आल्हा को बड़ा बतलाया गया है। इनको बनाफर कहा गया है। अब ये बनाफर क्या है? जब मैं जालौन के इतिहास पर काम कर रहा था तब बनाफरों के बारे में भी थोड़ा पढ़ने को मिला वह भी किसी ऐसे वैसे का लिखा नहीं। प्रसिद्ध इतिहासकार काशी प्रसाद जयसवाल की पुस्तक अंधकालीन युगीन भारत जिसका अनुवाद रामचंद्र वर्मा ने किया है। वे पेज 76-77 में लिखते हैं कि कनिष्क के शासन काल में बनारस का क्षत्रप बनस्पर था। बाद में बनस्पर महाक्षत्रप भी बना। बनस्पर के वंशज ही बुंदेलखंड में बनाफर कहलाने लगे। इनकी बोली भी बनाफरी कहलाती है।

चंदेलों के समय में अपनी वीरता तथा युद्ध कौशल के कारण ये बहुत प्रसिद्ध थे, पर समाज में उस समय उनको जातिप्रथा में वह स्थान नहीं मिला जिसके ये अधिकारी थे। उरई के माहिल इनके खिलाफ ही रहे। कर्नल टॉड ने अपनी पुस्तक में क्षत्रियों की सूची में 36 कुल लिखे हैं, उसमें यादव, भट्टी, जरिया, जादौं और बनाफर को एक साथ लिखा है और क्षत्रियों में शुमार किया है। **-फेसबुक वॉल से**

लीडरशिप से जुड़ीं बातें

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

> मैंने सुना है कई स्त्रियां अपने पति के हाथों पिटकर भी उससे प्रेम करती हैं। क्या यह हिंसा उन्हें अपने मालिक के शक्तिशाली होने का एहसास दिलाती है? और इस तरह अंतत : वे खुद भी उसकी पत्नी होने के नाते पावरफुल और सुरक्षित महसूस करती हैं। उन ड्राइवरों और इन पत्नियों का यह अजीब व्यवहार हमें बताता है कि क्यों हम एक माचो मैन या ताकतवर नेता को पसंद करते हैं। हमें डेयरिंग पति चाहिए केयरिंग न हो तो चलेगा। ताकतवर सेठ हमें विनम्र बॉस के मुकाबले ज्यादा अच्छा लग सकता है। हमें एक ऐसा नेता चाहिए जिसके पीछे हम छुप सकें।

यह मेरे बिजनेस के शुरुआती दिनों की बात है। वे दिन अब तक जो पढ़ा, सीखा उसकी आजमाइश के दिन थे। रोज पुराने विश्वास टूटते और नए सबक सीखे जाते। बतौर बिजनेसमैन जो काम मेरे जिम्मे थे, उनमें एक खास काम अपनी टीम को लीड करना था। इसलिए लीडरशिप से जुड़ी बातें मैं पढ़ता समझता और असल जिंदगी में उन्हें लागू करने की कोशिश करता। यह उन्हीं दिनों का एक किस्सा है।

मैंने देखा कि कुछ मजदूर मेरी बातों को गंभीरता से नहीं ले रहे। मैं उनकी आंखों में मैं अपने लिए एक किस्म की अवज्ञा का भाव देखता था। मैं समझ नहीं पा रहा था कि विनम्र और दोस्ताना व्यवहार के बावजूद वह क्या है, जो उन्हें मुझे अपना नेता मानने से रोकता है। मेरे ऑफिस के पास ही एक ट्रांसपोर्ट व्यवसायी का ऑफिस था। अपने कर्मचारियों के साथ उनका व्यवहार मुझसे बिल्कुल उलट था। वे अपने ड्राइवरों और क्लीनरों की नियमित रूप से अनुष्ठान पूर्वक पिटाई करते थे। पच्चीस साल पहले के इस दौर में पुलिस कचहरी भी इसे मालिक नौकरों का निजी मामला मानकर इसमें टांग नहीं अड़ाते थे। वैसे भी वे बड़े आदमी थे, थाना, कचहरी, नेतागिरी, हर तरह से सक्षम। मेरा मैनेजमेंट ज्ञान कहता था कि वे एक बुरे एमप्लायर हैं और उनके यहां काम कर रहे लोग उन से असंतुष्ट होंगे, लेकिन अक्सर उनके ड्राइवरों की आपसी बातचीत के जो टुकड़े हवा मेरे कानों तक लाती थी, वह मेरे मैनेजमेंट ज्ञान को ताश के महल की तरह उड़ा ले जाते थे। मेरी समझ के उलट वे ट्रांसपोर्ट व्यवसायी अपने स्टाफ के बीच बहुत लोकप्रिय थे, उनके कर्मचारी आपस में बात करते हमारा सेठ 'शेर' है। कल देखा नहीं फलां आदमी की उसने कैसे पिटाई की। ड्राइवरों का अपना एक समाज था। उस समाज में जिसका सेठ जितना शक्तिशाली और क्रूर हो उसकी उतनी ही इज्जत थी। अपने समाज में इज्जत पाना और एक शक्तिशाली मुखिया के कबीले का हिस्सा होना इतना बड़ा फायदा था कि इसके बदले में कभी-कभार की पिटाई और गाली गलौज बरदाश्त की जा सकती थी। ये तमाम ड्राइवर अपनी निजी जिंदगी में मजलूम थे। पावर लेस थे। एक शक्तिशाली बॉस उन्हें पावरफुल महसूस करवाता था। वे उससे प्रेम करते थे।

मैंने सुना है कई स्त्रियां अपने पति के हाथों पिटकर भी उससे प्रेम करती हैं। क्या यह हिंसा उन्हें अपने मालिक के शक्तिशाली होने का एहसास दिलाती है? और इस तरह अंततः वे खुद भी उसकी पत्नी होने के नाते पावरफुल और सुरक्षित महसूस करती हैं। उन ड्राइवरों और इन पत्नियों का यह अजीब व्यवहार हमें बताता है कि क्यों हम एक माचो मैन या ताकतवर नेता को पसंद करते हैं। हमें डेयरिंग पति चाहिए केयरिंग न हो तो चलेगा। ताकतवर सेठ हमें विनम्र बॉस के मुकाबले ज्यादा अच्छा लग सकता है।

हमें एक ऐसा नेता चाहिए जिसके पीछे हम छुप सकें। अपनी निजी जिंदगी में हम जितने कमजोर होंगे एक ताकतवर लीडर की चाहना उतनी अधिक होगी। हम सब कभी बच्चे थे। हमें हमारे पिता सुरक्षित महसूस करवाते थे। फिर उम्र बड़ी हो गई, पिताजी नहीं रहे, पर हमारे भीतर का वह डरा सहमा बच्चा बड़ा नहीं हुआ। हम अब भी एक ताकतवर पिता खोजते हैं, जो हमें सुरक्षित महसूस करवाए। चाहे वह ऑफिस का बॉस हो समाज का अध्यक्ष या देश का नेता।

ऐसा बेजान चुनाव कभी नहीं देखा

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

> देखें 4 जून को जनता जनार्दन किसका राज्याभिषेक और किसको वनवास देती है, लेकिन इतना तो तय है कि मुद्दाविहीन इस चुनाव में वरिष्ठ नेताओं ने अपने भाषणों से अपनी गरिमा गिराई है।

मैंने अपने जीवन में ऐसा बेजान चुनाव कभी नहीं देखा। न कहीं प्रचार, न कहीं कोई उत्सव। बस किराए पर लाई गई भीड़ से जनसभा और रोड शो जिसके पास जितना संसाधन, उसकी सभाओं में उतनी भीड़। किराए के इन टट्टुओं के चेहरे पर न तो मुस्कान दिखी न कोई उत्साह, बस एक चिंता रहती थी कि घर वापसी के लिए सवारी मिलेगी या अपने साधन से घर लौटना पड़ेगा अथवा सभा में भोजन और पेयजल मिलेगा भी या इस भीषण गर्मी में खाली पेट रहना पड़ेगा।

पहले के चुनावों में शहर, कस्बों के चौराहों पर चुनाव प्रचार वाले लाउडस्पीकर अनवरत बजते रहे थे, गांवों में रिक्शा, टेंपो, जीप पर बंधे लाउडस्पीकर दहाड़ते रहते और प्रत्याशी के नाम, दल, चुनाव चिन्ह की घोषणा करते रहते थे। चौराहों, चाय की दूकानों पर चुनाव चर्चा चलती रहती थी, जो कभी गाली-गलौज और मारपीट में परिवर्तित हो जाती थी। दीवारें विभिन्न चुनाव चिन्हों से रंगी रहती, होर्डिंग, कटाउट शान से खड़े दिखते थे, लेकिन इस बार यह सब गायब दिखा।

बड़े दलों के चुनाव चिन्ह से तो लोग परिचित हैं, लेकिन छोटे दल या निर्दलीय प्रत्याशी के तो चुनाव चिन्ह ही पता नहीं चल पाए। मतदान अब किसी सैद्धांतिक आधार पर नहीं होने वाला है। इसमें धर्म जाति, धन, शराब, अपराध का रोल बढ़ता जा रहा है। पहले सोचा गया था कि शिक्षा और जागरुकता बढ़ने से चुनाव में इनका दखल कम होगा, दुर्भाग्यवश ऐसा न हो सका। हर दल, क्षेत्र में जाति और धर्म के मतदाताओं की गणना कर तदनुसार टिकट बांट रहा है। सपा तो खुले आम पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) चिल्ला रही है। बसपा को दलित ही दिखता है, भाजपा भी अब पिछड़ों पर अधिक दांव लगा रही है। सवर्ण को कोई दल घास नहीं डाल रहा है, क्योंकि उसके पास मतदाता कम हैं। आप किसी क्षेत्र में चले जाएं, मतदाता की जाति का पता कर बता सकते हैं कि वह किसे मत देगा। जनसंख्या के आधार पर जब जातियों का मूल्यांकन हो रहा है तो फिर जनसंख्या नियंत्रण की बात करना बेमानी है। जिन जातियों ने जनसंख्या नियंत्रण में कुछ योगदान दिया है, वह अब पछता रहे होंगे।

4 जून को देश या उत्तर प्रदेश में किस दल को कितनी सीटें मिलेंगी, कहना मुश्किल है। उत्तर प्रदेश 8-10 सीटें छोड़ दें, शेष सभी सीटों पर कांटे की टक्कर स्पष्ट नजर आ रही है। चुनाव आयोग का सही मतदान प्रतिशत शीघ्र न बताना जनमानस में भ्रम पैदा कर रहा है। प्रजातंत्र में मतदाता का निर्णय सर्वोपरि है। देखें 4 जून को जनता जनार्दन किसका राज्याभिषेक और किसको वनवास देती है, लेकिन इतना तो तय है कि मुद्दाविहीन इस चुनाव में वरिष्ठ नेताओं ने अपने भाषणों से अपनी गरिमा गिराई है।

बस-मैजिक में टक्कर, पांच लोगों की मौत

तीन की हालत गंभीर, जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर, बस्ती हाईवे पर चहमलपुर के पास हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार। पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर थाना खीरी क्षेत्र के गांव चहमलपुर के पास लखीमपुर डिपो की अनुबंधित बस और मैजिक में भीषण टक्कर होने से पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तीन यात्रियों को जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर किया गया है। सूचना पर मौके पर पहुंचे डीएम-एसपी ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है। मृतकों में एक यात्री की पहचान नहीं हो सकी है। हादसा दोपहर डेढ़ बजे के करीब हुआ। लखीमपुर से सवारियां भरकर लखीमपुर डिपो की अनुबंधित बस लखीमपुर से सवारियां भरकर सिसैया की तरफ जा रही थी, जबकि सिसैया की तरफ से सवारियां भरकर एक मैजिक लखीमपुर आ रही थी। थाना खीरी क्षेत्र के चहमलपुर गांव के निकट मैजिक के ओवरटेक करने के दौरान मैजिक और रोडवेज की बस में आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज हुई कि मैजिक सवार कई यात्री छिटक कर सड़क पर इधर-उधर जा गिरे। बस में सवार यात्रियों को भी मामूली चोटें आईं। राहगीरों ने ग्रामीणों की मदद से बचाव व राहत कार्य शुरू किया। मैजिक चालक सहित चार यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक यात्री ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। हादसे में आठ लोग घायल हुए हैं, जिन्हंश जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से हालत अधिक गंभीर होने पर डॉक्टर ने रमेश (30) पुत्र काले निवासी ग्राम राजापुर जिला बहराइच, शत्रोहन पुत्र अज्ञात निवासी लखनऊ व आकाश पता अज्ञात को जिला लखनऊ रेफर किया है।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह और एसपी गणेश प्रसाद साहा मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर बचाव एवं राहत कार्य देखा। हादसे के बाद हाईवे पर भीषण जाम लग गया। तीन घंटे बाद जाम खुल सका।

पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर हादसे में क्षतिग्रस्त मैजिक व घटना स्थल पर लगी भीड़। अमृत विचार

- सिसैया की तरफ से सवारियां भरकर लखीमपुर की तरफ जा रही थी मैजिक

सभी अधिकारियों को घायलों की हर संभव मदद के निर्देश दिए हैं। प्रशासन की ओर से सभी घायलों की हर संभव मदद की जा रही है।
-महेंद्र बहादुर सिंह, डीएम

इनकी हुई मौत

- मोनिस (30) पुत्र अच्छन बेग निवासी ग्राम इब्राहिमपुर थाना ईसानगर जनपद लखीमपुर खीरी
- अमन (7) पुत्र जितेंद्र निवासी ग्राम जसवंतनगर थाना खमरिया जनपद लखीमपुर खीरी
- रिजवान (30) पुत्र सुहान निवासी ग्राम सिसैया थाना धौरहरा जनपद लखीमपुर खीरी
- बुधराम (35) पुत्र रामधन निवासी ग्राम राजापुर बनकटा थाना मोतीपुर जनपद बहराइच
- नाम व पता अज्ञात

बुरे फंसे अयोध्या मंडल के पांचों जिले के बीएसए, 31 को राजधानी तलब

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

अमृत विचार। बीते 15 वर्षों के दौरान जिला स्तर पर निर्गत की गई मान्यता का ब्योरा न दे पाने के कारण अयोध्या मंडल के पांचों जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारी बुरे फंसे हुए हैं। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने इस पर लेकर आपत्ति जताते हुए तीस मई तक ब्यौरा न दे पाने के कारण सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से मुख्यालय तलब किया है।

महानिदेशक की ओर 24 मई को जारी आदेश में कहा गया है कि गत 15 वर्षों से बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों के संचालन के लिए प्रदत मान्यता की सूचना मांगी गई थी। आदेश में कहा गया है कि 23 फरवरी को ही आदेश जारी कर 15 वर्षों में निर्गत मान्यता का ब्यौरा संबंधित प्रारुप के तहत मांगा गया था। इसे 15 दिन में दिया जाना था लेकिन अभी तक केवल जनपद अलीगढ़, बलरामपुर, बांदा, रायबरेली और सोनगढ़ को छोड़कर किसी जिले ने ब्यौरा नहीं दिया है जो गंभीर लापरवाही का परिचायक है।

महानिदेशक ने निर्देश दिया है कि तीस मई तक निर्धारित एक्सेल शीट पर 15 वर्षों में निर्गत मान्यता का ब्यौरा दे। ब्यौरा न दे पाने की स्थिति में राज्य परियोजना कार्यालय में संबधित सूचना व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होकर उपलब्ध कराए।

बताया जाता है कि मंडल के सुल्तानपुर, अमेठी, बाराबंकी, अम्बेडकरनगर और अयोध्या जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा भी ब्यौरा अभी तक नहीं भेजा गया है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि मान्यता प्रदत्त किए जाने में विभागीय झोलझाल के चलते अभी तक ब्योरा नहीं दिया गया है।

माना जा रहा है कि मंडल के पांचों जिलों के पास पूरा रेकार्ड ही उपलब्ध नहीं है ऐसे में महानिदेशक स्कूल शिक्षा का आदेश उनके लिए संकट बना हुआ है। सूत्रों के अनुसार शासन द्वारा मान्यता सूची के अनुसार बड़ी कार्रवाई की भी तैयारी की जा रही है जिसके लिए सभी जिलों से सूचनाएं मांगी गईं हैं।

- नहीं दे सके 15 वर्षों में निर्गत मान्यता का ब्यौरा, महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने लगाई लताड़

महानिदेशक के पत्र की जानकारी है। सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारी को रिमाइंडर भेज दिया गया है। यदि सूचना नहीं देते तो व्यक्तिगत रूप से लखनऊ कार्यालय जाना होगा।
-डॉ राजितराम त्रिपाठी
एडी बेसिक अयोध्या मंडल

चौकी प्रभारी का गाली देते वीडियो हुआ वायरल

संवाददाता, सोहावल, अयोध्या

अमृत विचार। गाली-गलौज का वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी ने रौनाही थाने की चौकी सत्ती चौरा प्रभारी गोविंद अग्रवाल को निलंबित कर दिया है।

रौनाही थाना क्षेत्र के सत्ती चौरा चौकी क्षेत्र के गांव रग्घूपुर दोस्त में अर्जुन पांडेय व जगदम्बा शुक्ला के बीच रास्ते को लेकर विवाद चल रहा है। रविवार को पुलिस ने दोनों पक्षों को पंचायत के लिए बुलाया था और विवाद को सुलझाने के लिए चौकी प्रभारी अपने हमराही सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे थे। वायरल वीडियो से पता चलता है कि चौकी प्रभारी किसी युवक को भद्दी-भद्दी गाली दे रहे हैं और वह भी तमाम महिला व पुरुष तथा अन्य की मौजूदगी में। गांव के अर्जुन पांडेय व किशोरी आंचल पांडेय का कहना है मौके पर अपनी मोटरसाइकिल से पहुंचे विपक्षी युवक चंदन शुक्ल ने तमंचा निकाल लिया और पुलिस के सामने ही जान से मार डालने की धमकी दी। चौकी प्रभारी तैश में आ गए और उन्होंने गाली-गलौच शुरू कर दी। वहीं जगदंबा शुक्ल के पक्ष का कहना है कि महिला-पुरुष और बच्चों की मौजूदगी में चौकी प्रभारी ने भद्दी-भद्दी गाली दी। चौकी प्रभारी का कहना है कि मौके पर पहुंचे चंदन शुक्ल ने असलहा निकाल धमकाना शुरू कर दिया।

- दो पक्षों में हुए रास्ते का विवाद सुलझाने गए थे चौकी प्रभारी

गोरखपुर इंटरसिटी के पहिए में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार। ऐशबाग से गोरखपुर जा रही 15070 ऐशबाग गोरखपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस के पहियों में रविवार शाम करीब पांच बजे अचानक आग लग गई। सफेदाबाद स्टेशन मास्टर ने बाराबंकी स्टेशन मास्टर को सूचना दी कि इंजन से दूसरे कोच नंबर 215678/C में ब्रेक बाइंडिंग की वजह से धुएं के साथ चिंगारी निकल रही है। ट्रेन सफीपुर क्रॉसिंग पहुंची थी, तभी अचानक पहियों से निकलता धुआं देखकर यात्रियों में भी हड़कंप मच गया।

ट्रेन के पहियों से आग निकलने की सूचना रेलवे के अधिकारियों तक पहुंची। जिसके बाद आनन-फानन ट्रेन सफीपुर में गेट नंबर 178 पर रोकी गई। ट्रेन रुकते ही सहमे यात्री कूद कूदकर ट्रेन से बाहर भागे। जिसके बाद लोकोपायलट और रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे और करीब एक घंटे के बाद फायर इक्विपमेंट्स से आग को बुझाकर ट्रेन को आगे के लिये रवाना किया गया।

पहियों से निकलने वाला धुआं इतना तेज था कि जैसे मानो ट्रेन के नीचे आग लगी हो। सूचना पर लोको पायलट ने ट्रेन को सफीपुर क्रॉसिंग के पास ही इमरजेंसी ब्रेक मारकर रोका गया। ट्रेन के पहियों में आग लगने की सूचना कंट्रोल रूम को दी गई तो अधिकारी अलर्ट हुए और आगे पीछे से आ रही ट्रेनों को भी अलर्ट किया गया। इस बीच ट्रेन में आग लगने के डर से यात्री कूद-कूदकर बाहर भागे। कई यात्रियों ने तो अपना सामान भी ट्रेन से नीचे उतार लिया। लगभग एक घंटे बाद आग पर बुझाकर ट्रेन को अपने गंतव्य स्थान के लिये रवाना किया गया।

इस दौरान ट्रेन से नीचे उतरे यात्री धूप में बेहाल होते दिखे। वहीं बाराबंकी स्टेशन मास्टर सत्येंद्र कुमार के मुताबिक गाड़ी में ब्रेक बैंडिंग (ब्रेक लेदर) के चिपकने से धुना और आग लगी थी। गर्मी के दौरान पहियों की रगड़ के कारण ऐसा हुआ। मेंटेनेंस टीम ने समस्या को दूर कर करीब ट्रेन को रवाना कर दिया। इससे कोई भी ट्रेन प्रभावित या लेट नहीं हुई है।

- करीब एक घंटे तक रुकी रही ट्रेन, गर्मी में यात्री हुए बेहाल

चेकिंग के दौरान युवक के पास मिली अवैध पिस्तौल

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

अमृत विचार। रामजन्मभूमि थाना क्षेत्र स्थित रामलला के दर्शन मार्ग से पुलिस ने वाराणसी के एक निजी सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार कर अवैध पिस्तौल बरामद की है।

रविवार की सुबह दर्शन मार्ग पर जांच-तलाशी और सुरक्षा ड्यूटी में लगे सुरक्षा कर्मियों को श्रद्धालुओं के सामानों की जांच के दौरान एक बैग में पिस्तौल होने की जानकारी मिली। सुरक्षाकर्मियों ने बैग के मालिक वाराणसी जनपद के लालपुर थाना क्षेत्र स्थित पांडेयपुर निवासी सुमित सिंह (26) और उसके दो साथियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस के साथ सुरक्षा और ख़ुफ़िया से जुडी एजेंसियों ने तीनों से पूछताछ की। इनके नाम-पता और चरित्र का सत्यापन कराया। जांच में पता चला कि सुमित अपने क्षेत्र स्थित एक होटल के कर्मी राजेंद्र सोनकर निवासी उड़ीसा व सूर्य कुमार शुक्ल निवासी पुणे, महाराष्ट्र के साथ यहां दर्शन-पूजन को आया था। सुमित का आरोप है कि किसी ने उसके बैग में साजिशन पिस्तौल रख दी। वहीं सुमित के खिलाफ हवाई फायरिंग के आरोप में उसके स्थानीय थाने में रिपोर्ट दर्ज मिली है।

रामजन्मभूमि थाने के प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र पांडेय का कहना है कि जन्मभूमि दर्शन मार्ग पर चेकिंग के दौरान एक युवक भागने लगा।

- आरोपी वाराणसी जिले का पुलिस ने दर्ज किया केस

पूर्व राज्यमंत्री विनय शाक्य का निधन

बिधूना, औरैया। जिले की बिधूना विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं एमएलसी रहे पूर्व राज्यमंत्री विनय शाक्य की सोमवार की रात हृदयाघात से निधन हो गया।

सोमवार की देर रात पूर्व राज्यमंत्री विनय शाक्य को दिल का दौरा पड़ा। उन्हें उपचार के लिए सीएचसी बिधूना लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलते ही रविवार को उनके भटौरा स्थित आवास पर भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। भाई सपा के प्रदेश सचिव देवेश शाक्य, विनय शाक्य की पुत्री, भाजपा नेत्री रिया शाक्य व पुत्र सिद्दार्थ शाक्य को लोगों ने ढांढस बंधाया।

विनय शाक्य।

बीमार कार्मिक की नहीं कटी ड्यूटी मतदान करा घर लौटते ही मौत

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव करा कर घर आए सहायक प्रशासनिक अधिकारी की हालत बिगड़ गई और उन्होंने दम तोड़ दिया। भारतीय जीवन बीमा निगम सैटेलाइट कार्यालय बीकापुर में कार्यरत सहायक प्रशासनिक अधिकारी तुषार श्रीवास्तव (42) 25 मई को गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के राजबली इंटर कॉलेज में ड्यूटी लगी थी। उन्हें ऑब्जर्वर के रूप में तैनात किया गया था।

आवास विकास परिषद से सेवानिवृत्त चाचा विजय श्रीवास्तव ने बताया कि तुषार की तबीयत काफी दिनों से खराब थी। तुषार को पीलिया था। इलाज मकबरा स्थित डॉ.एस के पाठक के यहां से चल रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि तुषार पत्नी को लेकर दवाओं के पर्चे के साथ राजकीय इंटर कॉलेज में ड्यूटी कटवाने के लिए अधिकारियों के पास गए थे। इस दौरान कुछ ने कहा कि आप अपनी एप्लीकेशन सीडीओ को दे दीजिए। एक दो अधिकारी ने यहां तक कह दिया कि जिस तरह आप ड्यूटी कटवाने के लिए भाग दौड़ कर रहे हैं। उसी तरह चुनाव ड्यूटी भी कर सकते हैं। बकौल विजय उसी दौरान मौके पर सीडीओ भी आ गए। तुषार ने बीमारी से संबंधित पर्चे व एप्लीकेशन सीडीओ को दी। इसके बाद भी उनकी ड्यूटी लग गई। इसके बाद तुषार अपनी पत्नी अपर्णा के साथ ड्यूटी करने चले गए। चुनाव ड्यूटी सकुशल कर शनिवार रात 11:30 बजे नाका मुजफ्फरा स्थित अपने घर पहुंचे। रात में दो बजे के करीब तुषार की तबीयत गड़बड़ हो गई। उन्हें जिला चिकित्सालय ले जाया गया। रविवार सुबह पांच बजे के करीब तुषार ने दम तोड़ दिया। तुषार मूल रूप से पूराकलंदर थाना क्षेत्र के जीवपुर के रहने वाले थे, वर्तमान समय में उनका परिवार आबकारी ऑफिस के पीछे नाका मुजफ्फरा पर निवास करता है। तुषार की जो दो छोटी-छोटी बेटियां शिपांक्षी व पिंकी हैं।

- एलआईसी में तैनात सहायक प्रशासनिक अधिकारी पत्नी के साथ पहुंचे थे ड्यूटी करने

पिता ने जान देकर बचाई थी एलआईसी की रकम

पिता अश्वनी कुमार श्रीवास्तव भी भारतीय जीवन बीमा निगम में कार्यरत थे। कई वर्ष पूर्व इनके पिता ने अपनी जान देकर सरकारी पैसे को बचाया था। रकम बचाने के चक्कर में लुटेरों की गोली का सामना भी करना पड़ा था, लेकिन अश्वनी श्रीवास्तव बैंक गेट के पास पहुंचकर भारतीय जीवन बीमा निगम के रुपये से भरे बैग को बैंक के अंदर फेंक दिया था। रुपये तो बच गए, लेकिन अश्वनी श्रीवास्तव को अपनी जान गंवानी पड़ी थी।

कुबेर टीला व शेषावतार मंदिर के भी होंगे दर्शन

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार। राम मंदिर में दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं को शेषावतार, सप्त मंडपम और कुबेर टीला पर भगवान शिव के भी दर्शन कराए जाएंगे। इसकी तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी गई हैं। वहीं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट श्रद्धालुओं को नंगे पांव परिसर में एक स्थान से दूसरे स्थान तक प्रवेश कराने को बड़ी चुनौती मान रहा है।

मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्रा के मुताबिक कुबेर टीला का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। जहां जटायु महाराज स्थापित भी हो गए हैं। राम जन्मभूमि परिसर में चल रहे सप्त मंडप और शेषावतार मंदिर के निर्माण का कार्य सितंबर तक पूरा कर लिया जाएगा।

तब तक सभी मंदिरों को जोड़ने वाला दर्शन पथ भी सही तरीके से तैयार हो जाएगा, जिससे श्रद्धालु आसानी से सभी मंदिरों तक जा सकेंगे। नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि कुबेर टीले पर रामायण कालीन पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 150 से ज्यादा रामायण कालीन पौधों का उल्लेख मिला है।

- कुबेर टीले पर 150 से अधिक रामायण कालीन पौधे लगेंगे

गेट नंबर 11 होगा वीवीआईपी मार्ग

राम जन्मभूमि परिसर में श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकास के लिए चार द्वार बनाए जाएंगे, जिसके लिए वीवीआईपी मार्ग गेट नंबर 11 और वीआईपी मार्ग गेट नंबर दो का कार्य जल्द ही शुरू होगा, जिसकी डिजाइन तैयार की जा रही है। निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि चार प्रमुख द्वारा बनाए जाएंगे, जिसमें सबसे पहले दो द्वार बनाए जाने का कार्य जल्द शुरू होगा। इस कार्य को पूरा होने के बाद दो अन्य द्वारों का निर्माण का कार्य भी किया जाएगा।

कक्षा 6 की छात्रा के साथ 37 वर्ष के युवक का हुआ विवाह

बहराइच। फखरपुर थाना क्षेत्र के मरौचा गांव निवासी 12 वर्षीय बालिका कक्षा 6 की छात्रा है। बालिका के फूफा कोतवाली नगर के वजीरगंज मोहल्ला निवासी खेलावन पुत्र टेढ़े हैं। पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर छात्र का कहना है कि उसके पिता की मौत हो चुकी है। इसका नाजायज फायदा फूफा खेलावन उठा रहे हैं। बालिका ने बताया कि फूफा ने मां को जान से मारने की धमकी देते हुए हुजूरपुर थाना क्षेत्र के सहसलमपुर गांव निवासी पंकज पुत्र जोखू के साथ उसका विवाह तय कर दिया। इसके बाद मां को धमकी देकर विदाई भी करवा दी। लेकिन ससुराल सहसलमपुर में उसके पति उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव डालने लगे। किसी तरह बालिका वहां से चोरी छिपे अपने घर आ गई। इसके बाद थाने में तहरीर दी।

बेटे की चाहत में रचाने जा रहा था तीसरा ब्याह

संवाददाता, उरई (जालौन)

अमृत विचार। जालौन के एट थाना कस्बा निवासी जितेंद्र गौतम बेटे की चाहत के लिए दो पत्नियों के जिंदा रहते तीसरी शादी रचाने जा रहा था। बारात वाले दिन पहुंची दोनों पत्नियों ने ब्याह में खलल डाल दिया। पत्नियों की शिकायत पर पुलिस पति को थाने ले गई।

एट थाना के कस्बा निवासी जितेंद्र गौतम की वर्ष 2014 में हिंदू रीत रिवाज से पहली शादी हुई थी इसके बाद 2021 में हमीरपुर की पूजा नाम की लड़की से अपने को अविविवाहित बता कर उरई में रहने वाली अपनी बहन के घर से दूसरी शादी रचा ली। दूसरी पत्नी पूजा ने बताया कि शादी के कुछ दिन बाद पता चला कि पति जितेंद्र की पहले शादी हो चुकी है, जब उसने ऐतराज किया तो जितेंद्र ने उरई में रहने वाली बहन के साथ मिलकर दवाब बनाया, तब पूजा के मायके वालों और ससुरली जनों की बीच पंचायत हुई। पंचायत के लोगों के कहने पर पूजा ने समझौता कर लिया और दोनों पत्नियां साथ-साथ रहने लगीं। इसी बीच पहली पत्नी से दो लड़कियां पैदा हुईं। आरोप है कि इसके बाद जितेंद्र व परिजनों ने पहली पत्नी पर जोर जबरदस्ती कर यातनाएं देना शुरू कर दिया, तब पहली पत्नी ससुराल छोड़ कर मायके चली गई। दूसरी पत्नी पूजा ने बताया कि समझौता होने के बाद वह गर्भवती हो गई। पति जितेंद्र और उरई में रह रही उसकी बहन ने डिलेवरी के लिए 16 फरवरी को मेडिकल कॉलेज उरई में भर्ती कराया। पूजा के बच्ची पैदा होने पर पति जितेंद्र और उसकी बहन उसे अस्पताल में छोड़कर चले गए।

- बारात जाने से पहले पहुंचीं दोनों पत्नियां, शादी रुकी

बदायूं की फर्म में 45 लाख की जीएसटी चोरी पकड़ी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार। बदायूं में वाणिज्य कर विभाग ने ई-वेस्ट को रीसाइकिल करने वाली फर्म की जांच में 45 लाख की टैक्स चोरी पकड़ी है। फर्म ने मौके पर 30 लाख रुपये जमा कर दिए।एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर ओपी चौबे के निर्देश पर विशेष अनुसंधान विंग के डिप्टी कमिश्नर राजीव पाण्डेय, विकास मिश्रा, प्रवीण माथुर और वकीउल्लाह ने बदायूं में रीसाइकिल वेस्ट मैनेजमेंट फर्म में जांच की।

फर्म पुराने एसी, फ्रिज, प्रिंटर, वाशिंग मशीन आदि को खरीद कर रीसाइकिल कर कॉपर, ऐल्यूमिनियम, आयरन व प्लास्टिक स्क्रैप निकालकर बेचती है। फर्म का डाटा जांचने पर पाया कि फर्म की ओर से टर्न ओवर के सापेक्ष कैश बहुत कम दिखाया जा रहा है। इसके अलावा मांग और सप्लाई का अनुपात भी ठीक नहीं पाया गया। ई-वे बिल के लिए प्रयोग होने वाले वाहनों का मूवमेंट भी नहीं मिला। एसआईबी ने जांच में पाया कि स्टॉक और लेख में लगभग ढाई करोड़ की सप्लाई ऐसी मिली जिसे फर्म ने जानबूझकर अदा नहीं किया था। प्रथम दृष्टया लगभग 45 लाख की टैक्स चोरी मिली। इस पर व्यापारी ने 30 लाख रुपये टैक्स के मौके पर जमा कर दिए। जांच पूरी होने के बाद बाद शेष राशि और ब्याज भी जमा कराया जाएगा। एडिशनल कमिश्नर वाणिज्य कर ओपी चौबे ने बताया कि बदायूं जैसे छोटे शहर में ई वेस्ट का काम कम है। पिछले वर्ष की अपेक्षा फर्म ने इस बार अप्रैल में डेढ़ करोड़ रुपया कम टैक्स दिया।

- ई-वेस्ट को रीसाइकिल करने वाली फर्म की हुई जांच
- फर्म ने मौके पर 30 लाख रुपये का टैक्स जमा किया

खेती-बाड़ी

बागवान दशहरी आम की फसल के लिए मौसम को मान रहे अनुकूल

आम की फसल कमजोर जरूर पर स्वाद और गुणवत्ता पहले से बेहतर

नीरज मिश्र/ फहीम उल्ला खान
मलिहाबाद, लखनऊ

अमृत विचार। फलों के राजा दशहरी के शौकीनों को इस बार बेहतरीन आम चखने को मिलेगा। न केवल स्वाद बेहतर होगा बल्कि इसकी गुणवत्ता भी अच्छी होगी। वजह यह है कि बागवान आम की फसल के लिए मौसम को अनुकूल मान रहे हैं। लेकिन इस बार फसल कमजोर है इससे लोगों को आम का स्वाद लेने के लिए जेब ज्यादा ढीली करनी पडेग़ी। बागवानों के मुताबिक महज 30 से 35 फीसद फसल ही बाग से उतरेगी।

फ्रूट बैगिंग लगा किसानों ने बेहतर की दशहरी की गुणवत्ता

इस बार करीब बीस प्रतिशत किसानों ने फ्रूट बैगिंग का उपयोग किया। यह एक प्रकार का आवरण होता है जिसे आम के आकार लेने के बाद पेड़ों में इसे आम पर चढ़ा दिया जाता है या यूं कहें कि इस नए आवरण से आम को ढक दिया जाता है। फ्रूट बैगिंग लगने के बाद निकलने वाला आम काला नहीं पड़ता है और कीड़ा नहीं लगता है। फसल जब उतारी जाती है तो आम बेदाग निकलता है। आढ़ती एवं किसान सुनील गुप्ता कहते हैं कि इससे काफी राहत मिली है। यह तकनीकी आम की गुणवत्ता के लिए लाभकारी और मुनाफा देने वाली है।

आम के फलों को बैग से कैद करते बागवान। अमृत विचार

बैग वाला कच्चा आम बिका 70 रुपये किलो

कारोबारी सुनील गुप्ता के मुताबिक बाग से उतारा गया बैग वाला कच्चे आम की कीमत काफी अच्छी दिल्ली मंडी में मिली है। इसकी प्रति किलो कीमत करीब 70 रुपये मिली है। दस किलो आम 700 रुपये में बिका जो काफी अच्छी कीमत है।

इस वर्ष मौसम आम के अनुकूल है। बारिश कम होने से बागों में फ्रूट ड्रापिंग की समस्या जरूर हो रही है। लेकिन जिन बागों में किसानों द्वारा पानी लगा दिया गया है। वहां पर यह समस्या कम है। कीट थिप्स की समस्या में भी कमी आई है। किसानों को फ्रूट बैगिंग के लिए प्रेरित किया गया। करीब 20 प्रतिशत जागरूक बागवानों ने बैग का इस्तेमाल किया है। इससे आम के आकार और रंग में निखार आया है।

रोगमुक्त है इस बरस आम, रंग और आकार बेहतरीन

आम बागवान व आढ़ती अहमद उल्ला बताते हैं कि इस बरस आम रोग मुक्त है। आम का रंग और आकार निखर रहा है। स्वाद की बात बाद में देखने में ही इसका रंग काफी अच्छा दिखाई दे रहा है। जो अच्छा लाभ दिलाएगा।

आम के मिलेंगे अच्छे दाम

वर्तमान में आम की फसल बहुत कम है। बागों में 30 से 35 प्रतिशत ही आम पेड़ों में लगा है। आम व्यापार से जुडे.पप्पू प्रधान व निर्मल वर्मा के मुताबिक मंडी में आम की आमद कम है लेकिन टेस्ट अच्छा होगा। व्यापारियों को लोकल में अच्छे दाम मिलेंगे।

पाल वाले आम के स्वाद में रहती है कमी

फल मंडी विक्रेता समिति अध्यक्ष नसीम बेग का कहना है समय से पहले मुनाफे के लिए भेजा गया आम मंडियों में पाल लगाकर बेचा जाता है। इससे आम में सिकुड़न आ जाती है और स्वाद में कमी आ जाती है।

मलिहाबाद में अस्थायी मंडी बनना शुरू

लखनऊ हरदोई राजमार्ग पर मलिहाबाद चौराहे के आगे पुलिस चौकी के पास अस्थायी आम मंडी बनाने का काम शुरू हो गया है। यहां विभिन्न प्रदेशों से व्यापारी कच्ची दशहरी खरीदने के लिए जुटेंगे। आढ़तियों और नर्सरी वालों ने फल पट्टी क्षेत्र में निर्माण कार्य शुरू कर दिए हैं। अस्थायी मंडी मिर्जागंज चौराहे के आगे एक किलोमीटर सड़क पर लगाई जाती थी।

बिकने को तैयार आम। अमृत विचार

ब्राह्मण प्रत्याशी उतार कर भाजपा को घेरने के सपा के दांव में बसपा का यादव उम्मीदवार बढ़ा रहा मुसीबत

सपा की बिछाई बिसात में बसपा की चाल से भाजपा को राहत की सांस

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार: कभी युवा तुर्क के नाम से मशहूर रहे, खांटी समाजवादी नेता पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की सियासी जमीन बलिया में उनके जीवन काल में कभी भगवा नहीं फहरा पाया, लेकिन 2014 की मोदी लहर में यहां पहली बार कमल खिला और अब इस बार के चुनाव में चंद्रशेखर के ही बेटे नीरज शेखर भाजपा को लगातार तीसरी जीत दिलाने के लिए दिन-रात एक किए हैं। पूर्वांचल इलाके में बिहार की सीमा से लगने वाली बलिया लोकसभा सीट पर राजनीतिक बदलाव के चलते इस बार समीकरण काफी दिलचस्प और मतदाता असमंजस में दिखाई पड़ते हैं। अपना गढ़ वापस पाने के लिए बेचैन सपा फिर से ब्राह्मण नेता सनातन पांडेय को उतारकर भाजपा की जीत की हैट्रिक रोकना चाहती है, तो बसपा के लल्लन यादव चुनावी लड़ाई त्रिकोणीय बनाकर सपा का खेल बिगाड़ने में लगे नजर आ रहे हैं।

2019 का चुनाव परिणाम

भाजपा	वीरेंद्र सिंह मस्त	4,69,114	47.40 प्रतिशत
सपा	सनातन पांडेय	4,53,595	45.83 प्रतिशत
सुभसपा	विनोद	35,900	3.63 प्रतिशत

2014 का जनादेश

दल	उम्मीदवार	वोट	%
भाजपा	भरत सिंह	3,59,760	38.18
सपा	नीरज शेखर	2,20,324	23.38
कौमी एकता	अफजाल अंसारी	1,63,943	17.40
बसपा	वीरेंद्र कुमार पाठक	1,41,684	15.04
कांग्रेस	सुधा राय	13,501	1.43

- 2014 की मोदी लहर में सपा का किला ध्वस्त करने वाली भाजपा इस बार जीत की हैट्रिक लगाने को तत्पर
- 2019 के लोकसभा चुनाव में हुआ था कांटे का संघर्ष, 15,559 मतों से भाजपा से हार गई थी सपा मुकाबला

नीरज शेखर के पाला बदल की परीक्षा

- वर्तमान में राज्यसभा सांसद रहते हुए ही भाजपा ने उन्हें बलिया लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतारा है। नीरज शेखर के खिलाफ सपा ने दूसरी बार सनातन पांडेय पर अपना भरोसा जताया है। 2019 का चुनाव वह भाजपा के वीरेंद्र सिंह मस्त से कांटे के मुकाबले में 15 हजार से कुछ अधिक मतों से हार गए थे। सपा ने ब्राह्मण, यादव और मुस्लिम मतों के सहारे इस बार भाजपा की जीत की हैट्रिक रोकने की व्यूह रचना की है। लेकिन सपा की इस कोशिश में बसपा के प्रत्याशी गाजीपुर निवासी पूर्व सैनिक लल्लन सिंह यादव रोड़ा अटकाते नजर आ रहे हैं। वह बसपा के कॉडर वोट को लामबंद करने के साथ सपा के परंपरागत यादव मतदाताओं का बड़ा हिस्सा अपने पाले में करने की कोशिश कर रहे हैं।

जातीय समीकरण अनुमानित



2014 की मोदी लहर में टूटा था समाजवादी तिलिस्म और पहली बार बागी बलिया की धरती पर खिला था कमल

आठ बार पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने दर्ज की जीत

- ब्राह्मण और राजपूत बहुल मानी जाने वाली बलिया लोकसभा सीट पर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के परिवार का दबदबा रहा है। चंद्रशेखर आठ बार इस सीट से सांसद चुने गए। इसमें छह बार लगातार जीतने का रिकार्ड भी उनके नाम पर है। चंद्रशेखर के निधन के बाद उनके बेटे नीरज शेखर समाजवादी पार्टी से दो बार सांसद चुने गए। नीरज शेखर पहली बार पिता के निधन के बाद साल 2007 में हुए उपचुनाव में जीते फिर 2009 के चुनाव में भी सपा से ही सांसद चुने गए। लेकिन 2014 के चुनाव में मोदी लहर के आगे नीरज शेखर भाजपा के प्रत्याशी भरत सिंह मस्त से 1.39 लाख वोटों से हार गए और सपा का किला ध्वस्त कर भाजपा ने इस सीट पर अपनी पहली जीत दर्ज की। हालांकि सपा की हार का कारण कौमी एकता दल से चुनाव लड़े अफजाल अंसारी को माना गया, जिन्हें 1.63 लाख वोट मिले थे। 2014 का लोकसभा चुनाव हारने के बाद सपा ने नीरज शेखर को राज्यसभा में भेज दिया। लेकिन साल 2019 में नीरज सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ने उन्हें दूसरी बार राज्य सभा के लिए नामित किया और वह राज्यसभा के सांसद चुन लिए गए।

बलिया सीट पर मतदाता

कुल वोटर	19,12,864
पुरुष मतदाता	10,26,474
महिला मतदाता	8,86,316
थर्ड जेंडर मतदाता	74

तीन विधानसभा सीटें सपा के पास, भाजपा व सुभासपा का एक-एक पर कब्जा

बलिया लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा की पांच सीटें बलिया सदर, फेफना, बैरिया, जहूराबाद और मोहम्मदाबाद आती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में बलिया सदर में भाजपा विजयी रही थी। तीन सीटों बैरिया, फेफना और मोहम्मदाबाद में सपा ने जीत हासिल की थी। जहूराबाद सीट सुभासपा के खाते में गई थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पांच विधानसभा क्षेत्रों में बैरिया, बलिया सदर और फेफना में भाजपा आगे रही थी, जबकि मोहम्मदाबाद और जहूराबाद में सपा ने बढ़त बनाई थी।

02 जिलों गाजीपुर और बलिया में फैला है यह लोकसभा क्षेत्र, गाजीपुर की दो और बलिया जिले की तीन विधानसभा सीटें यहां पर हैं

सातवें चरण में 11-2 के स्कोर से आगे बढ़ पाएगा इंडिया गठबंधन

चुनाव डेस्क

अमत विचार। उत्तर प्रदेश में सातवें और अंतिम चरण में 13 लोकसभा सीटों महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज में पहली जून को मतदान होगा। इसमें गाजीपुर और घोसी लोकसभा सीट 2019 में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन में जीती थी। इस बार दोनों दल एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। सपा का कांग्रेस के साथ गठबंधन है। सपा के समर्थन से देवरिया और महराजगंज सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी ताल ठोंक रहे हैं । इस तरह सपा 11 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसके मुकाबले भाजपा अंतिम चरण की 10 सीटों पर ही चुनाव मैदान में है। मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज सीट पर भाजपा का सहयोगी अपना दल (एस) चुनाव लड़ रहा है, तो घोसी सीट पर सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर भाजपा की मदद से अपने बेटे अरविंद राजभर को संसद में पहुंचाने के लिए दिन-रात एक किए हैं।

अंतिम चरण की मतदान वाली 13 सीटों में से 11 पर पिछली बार एनडीए ने जीत दर्ज की थी। इस बार मिशन-80 का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा ने सभी 13 सीटें जीतने के लिए जोर लगा रखा है। रविवार को भीषण गर्मी के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिर्जापुर, मऊ और देवरिया में चुनावी रैलियां करके सात लोकसभा सीटों पर जीत के समीकरण साधे। इस दौरान मोदी ने जनता से इंडिया गठबंधन पर पूर्वांचल का प्रहार करने, साजिश के तहत पूर्वांचल को पिछड़ा बनाए रखने और सपा-कांग्रेस पर अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए संविधान बदलने का आरोप लगाकर एनडीए के लिए 400 पार की हुंकार भरी। एनडीए गठबंधन को मात देकर पिछली बार से ज्यादा सीटें झटकने के लिए इस बार सपा-कांग्रेस गठबंधन ने जातीय समीकरणों पर भरोसा करते हुए न सिर्फ प्रत्याशी उतारे हैं।

बलिया, चंदौली और राबर्ट्सगंज सीटें कड़े मुकाबले वाली

- पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को सातवें चरण में औसतन 52 प्रतिशत वोट जबकि विपक्ष को 38 प्रतिशत वोट ही मिले थे। 2019 के चुनाव परिणाम के लिहाज से बलिया और चंदौली सर्वाधिक कड़े मुकाबले वाली सीटें हैं। यहां दो प्रतिशत से कम वोटों के अंतर से भाजपा को जीत मिली थी। चंदौली में भाजपा को 47.07 और सपा-बसपा को 45.79 फीसद जबकि बलिया में भाजपा को 47.40 और सपा-बसपा को 45.43 फीसद वोट मिले थे। इसी तरह राबर्ट्सगंज लोकसभा सीट भी नजदीकी मुकाबले में छह प्रतिशत वोटों के अंतर से भाजपा के हाथ लगी थी। यहां भाजपा को 45.32 और सपा-बसपा को 39.82 प्रतिशत वोट मिले थे।

- 10 सीटों पर 2019 में सपा-बसपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ने पर भी 10 फीसदी से ज्यादा था वोटों का अंतर
- इस बार सपा 11 और भाजपा 10 सीटों पर लड़ रही है चुनाव, कांग्रेस-दो, अपना दल (एस) दो सीटों पर मैदान में

2019 में 13 सीटों पर यह था मत प्रतिशत

सीट	भाजपा	सपा-बसपा
गाजीपुर	40.40%	51.20%
घोसी	39.56%	50.30%
बलिया	47.40%	45.83%
चंदौली	47.07%	45.80%
राबर्ट्सगंज	45.32%	39.82%
सलेमपुर	50.72%	38.52%
महराजगंज	59.2.%	31.45%
गोरखपुर	60.54%	35.07%
कुशीनगर	56.69%	24.64%
देवरिया	57.19%	32.57%
बासगांव	56.14%	40.57%
मिर्जापुर	53.34%	32.42%
वाराणसी	63.62%	18.40%

घोसी में सपा और बसपा ने घेर रखी एनडीए की चुनौती

पिछले चुनाव में घोसी लोकसभा सीट पर बसपा के अतुल राय ने 1,22,568 मतों के अंतर से चुनाव जीता था। इस बार यहां सपा और बसपा दोनों ने मजबूत उम्मीदवार उतारे हैं। सपा से राजीव राय तो बसपा से बालकृष्ण चौहान मैदान में हैं। बालकृष्ण यहां से एक बार सांसद रह चुके हैं। एनडीए ने इस सीट पर सुभासपा के अनिल राजभर को उम्मीदवार बनाया है। वह सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के बेटे हैं। भाजपा सपा विधायक दारा सिंह चौहान को पार्टी में लेकर चुनाव हारने के बाद भी मंत्री बना चुकी है, ताकि चौहान (नोनिया) वोटों का फायदा हो सके। लेकिन बसपा उम्मीदवार भी नोनिया जाति से होने के कारण यह फायदा भाजपा को मिलता नहीं नजर आ रहा है। इसी तरह भाजपा को मिलने वाला भूमिहार वोट भी बंट रहा है, क्योंकि समाजावादी पार्टी के प्रत्याशी राजीव राय भूमिहार समुदाय से ही आते हैं। घोसी लोकसभा सीट पर अब तक 17 चुनाव हुए हैं। यहां 14 मौके पर राय, राजभर अथवा चौहान प्रत्याशी ही जीतते रहे हैं। यही वजह है कि सभी राजनीतिक दल इन्हीं जातियों पर भरोसा जताते रहे हैं। इस बार भी त्रिकोणीय मुकाबले में इन्हीं जातियों के बीच संघर्ष है। घोसी सीट पर भाजपा एक बार सिर्फ मोदी लहर में 2014 में यहां चुनाव जीत सकी है।

जालंधर में बहुकोणीय मुकाबले में साख पर प्रतिष्ठा

चुनाव डेस्क

चरणजीत सिंह चन्नी।

सुशील रिंकू।

पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर चारों प्रमुख दलों आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल और भाजपा के बीच सियासी घमासान छिड़ा है। इसके चलते आधी से ज्यादा सीटों पर त्रिकोणात्मक और बाकी सीटों पर चतुष्कोणीय के साथ एक-दो स्थानों पर बहुकोणीय मुकाबले की तस्वीर देखने में नजर आ रही है। ऐसी ही एक सीट जालंधर की भी है, जहां आम आदमी पार्टी के सांसद सुशील रिंकू भाजपा से और शिरोमणि अकाली दल के पूर्व विधायक पवन टीनू भाजपा से चुनाव लड़ रहे हैं। इस सीट पर कांग्रेस से पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी तो शिरोमणि अकाली दल से वरिष्ठ नेता मोहिंदर सिंह केपी के साथ बसपा की चुनौती भी कमजोर नहीं आंकी जा रही है।

आप ने जालंधर सीट पर पूरी ताकत झोंक रखी है। पिछले साल उपचुनाव में पार्टी ने इस सीट को जीतकर लोकसभा में फिर से अपनी जगह बनाई थी। यहां से जीते सुशील रिंकू आम आदमी पार्टी के एकमात्र सांसद थे।

इस बार भी आप ने उनको टिकट दिया था, लेकिन टिकट की घोषणा होने के बाद रिंकू भाजपा में शामिल हो गए। रिंकू अब भाजपा प्रत्याशी के रूप में जालंधर से ताल ठोंक रहे हैं। यहां उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी से हो रहा है। इस लड़ाई में आम आदमी पार्टी से उतरे अकाली दल के दो बार के विधायक पवन टीनू भी हैं, तो बसपा से बलविंदर कुमार मैदान में हैं।

बलविंदर कुमार की चुनौती को हल्के में इसलिए नहीं लिया जा रहा है, क्योंकि 2019 में भी उन्होंने बसपा से चुनाव लड़ा था और दो लाख से अधिक मत हासिल करके सबको चौंका दिया था। अकाली दल ने यहां से पूर्व सांसद मोहिंदर सिंह केपी पर दांव लगा रखा है। मजे की बात यह है कि मोहिंदर सिंह और कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सीएम चरणजीत चन्नी के बीच आपस में समधी का रिश्ता है। मोहिंदर सिंह की बेटी की शादी चन्नी के भतीजे के साथ हुई है। दोनों दलित नेता के रूप में पहचान रखते हैं और कई चुनाव जीत चुके हैं।

भाजपा प्रत्याशी रिंकू आप में शामिल होने से पहले कांग्रेस के टिकट पर जालंधर पश्चिमी से विधायक रहे चुके हैं। जानकार उन्हें मजबूत मान रहे हैं, लेकिन कांग्रेस और अकाली दल के अनुभवी प्रत्याशियों ने उनके लिए कड़ी टक्कर का मैदान तैयार कर दिया है। उधर आम आदमी पार्टी से उतरे पवन कुमार टीनू 2012 से 2022 तक आदमपुर सीट से शिअद के विधायक रहे हैं, अप्रैल 2024 में शिअद का दामन छोड़कर वह आप में शामिल हुए थे।

मुख्तार अंसारी की मौत के बाद अब माफिया को मिलेगी चुनावी मात?

- भाजपा ने पिछली हार का बदला लेने के लिए अफजाल अंसारी के खिलाफ झोंक रखी है पूरी ताकत
- आज हाईकोर्ट का फैसला आने के बाद साफ होगी सपा से प्रत्याशिता की तस्वीर, बेटी भी मैदान में

गाजीपुर लोकसभा सीट

चुनाव डेस्क

अमृत विचार: माफिया डॉन की छवि वाले मुख्तार अंसारी की मौत के दो माह बाद गाजीपुर में पहली जून को लोकसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। मुख्तार अंसारी की बांदा जेल में 28 मार्च को मौत हो गई थी। सपा ने इस बार गाजीपुर लोकसभा सीट पर मुख्तार के बड़े भाई अफजाल अंसारी को चुनाव मैदान में उतार रखा है। वह 2019 में सपा के साथ हुए गठबंधन में बसपा से यहां से चुनाव जीते थे और फिलहाल गैंगस्टर एक्ट में चार साल की सजा सुनाए जाने के बाद हाईकोर्ट से सोमवार को आने वाले फैसले का इंतजार कर रहे हैं। पिता की प्रत्याशिता पर संकट होने की संभावना के मद्दे नजर उनकी बेटी नुसरत अंसारी कवर प्रत्याशी के रूप में निर्दलीय मैदान में हैं। भाजपा से यहां पारसनाथ राय ताल ठोंक रहे हैं। उन्हें इस सीट के पूर्व सांसद और लोकसभा क्षेत्र में खासा प्रबाव रखने वाले जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का करीबी माना जाता है। मनोज सिन्हा के चुनावों की जिम्मेदारी उठाने वाले पारसनाथ इलाके के भूगोल और मतदताओं के गणित से अच्छी तरह वाकिफ हैं। भाजपा और सपा के बीच सीधे संघर्ष के मैदान में बसपा तीसरा कोण बनाने की कोशिश में है, लेकिन उसके प्रत्याशी डॉ. उमेश कुमार सिंह की चुनौती बहुत मजबूत नहीं मानी जा रही है। भाजपा ने पिछले चुनाव की हार का बदला लेने और माफिया का वर्चस्व समाप्त करने के लिए गाजीपुर में पूरी ताकत झोंक रखी है। रविवार को यहां चुनावी सभा करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अफजाल अंसारी की प्रत्याशिता को लेकर सपा पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि सपा के 'शहजादे' ने कभी कहा था कि माफिया की 'इंट्री' पर रोक लगाएंगे लेकिन वह तो माफिया के ही चरणों में जाकर बैठ गए। सपा ने माफिया को पाला पोसा और टिकट दिया। सपा के राज में प्रदेश में माफिया लालबत्ती में घूमते थे, खुली जीप में कानून को चेतावनी देते थे। विरोधियों को खुलेआम गोलियों से भून दिया जाता था। दरइसल, अंसारी परिवार का गाजीपुर के साथ पड़ोस के बलिया, मऊ, और वाराणसी जिलें तक में प्रभाव माना जाता है।

मनोज सिन्हा को 1.20 लाख वोटों से दी थी मात

- अफजाल अंसारी ने 2019 के चुनाव में भाजपा के मनोज सिन्हा को मात दी थी। अफजाल को पांच लाख 66 हजार 82 वोट और मनोज सिन्हा को चार लाख 46 हजार 690 वोट मिले थे। सुभासपा के रामजी को 33 हजार 877 और कांग्रेस के अजीत प्रताप कुशवाहा को 19 हजार 834 वोट मिले थे। इस बार सुभासपा भाजपा तो कांग्रेस सपा के साथ है।

एक विधान सभा सीट पर सुभासपा बाकी में समाजवादी पार्टी का कब्जा

मुख्तार की मौत के बाद परिवार सहानुभूति वोट बटोरने की कोशिश में लगा है। गाजीपुर लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र जखनिया (सुरक्षित), सैदपुर (सुरक्षित), गाजीपुर सदर, जंगीपुर और जामनिया आते हैं। इनमें से जखनिया को छोड़कर बाकी सभी सीटों पर सपा का कब्जा है। जखनिया में सुभासपा के त्रिवेणी राम विधायक हैं। 2022 का विधानसभा चुनाव सपा और सुभासपा ने मिलकर लड़ा था। अब सुभासपा ने सपा से रिश्ता तोड़ लिया है, भाजपा के साथ एनडीए गठबंधन का हिस्सा है।

बाप और बेटी प्रचार में एक दूसरे के लिए मांगते घूम रहे हैं वोट

गाजीपुर से सांसद अफजाल अंसारी सपा से तो उनकी बेटी नुसरत अंसारी निर्दलीय मैदान में हैं। अफजाल अंसारी को एमपी एमएलए स्पेशल कोर्ट ने 29 अप्रैल 2023 को गैंगस्टर एक्ट में दोषी करार देकर चार साल की सजा सुनाई थी। हालांकि बाद में उनकी सजा पर हाईकोर्ट ने रोक लगाते हुए जमानत दे दी थी। अब मामले में हाईकोर्ट में फैसला आना है। 27 मई को सुनवाई है। अगर फैसला हक में आता है तो अफजाल मैदान में होंगे अन्यथा नुसरत ही सपा-कांग्रेस के समर्थन से बतौर निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में होंगी, क्योंकि सजायाफ्ता व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ सकता है। चूंकि नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई है। ऐसे में अफजाल की उम्मीदवारी तो रद नहीं हो पाएगी लेकिन वे चुनाव जीत जाते हैं तो पद छोड़ना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में अफजाल खुद के बजाय बेटी के लिए ही वोट मांगेंगे। इस परिस्थिति से सपा-कांग्रेस के मतदाता असमंजस में हैं, तो भाजपा और समर्थक वोटरों की निगाह भी हाईकोर्ट के निर्णय पर टिकी है। अभी तो अफजाल लोगों से खुद की जीत के लिए वोट मांग रहे हैं, साथ में बेटी नुसरत अंसारी का प्रचार भी चल रहा है। । यही काम उनकी बेटी भी कर रही हैं, ताकि राहत नहीं मिलने की स्थिति में बेटी का चुनाव निशान हर किसी को याद रहे और समर्थकों के वोट उसे मिल सकें।

मैच जीतेंगे जादवपुर सीट से टीएमसी प्रत्याशी सयानी घोष के लिए सभा करने पहुंची सीएम ममता बनर्जी ने मंत्री अरूप विश्वास के साथ जनता की तरफ फुटबाल फेंकी।

ओवैसी ने काराकाट में दिलचस्प बना दिया चुनावी मुकाबला

चुनाव डेस्क। काराकाट लोकसभा सीट पर 2019 में मिली हार का बदला लेने को आतुर रालोसपा चीफ उपेंद्र कुशवाहा इस बार त्रिकोणीय मुकाबले में फंसे हुए हैं। यहां से भाजपा नेता एवं फिल्म अभिनेता पवन सिंह ने भी उनकी मुश्किल बढ़ा रखी है। पवन यहां से निर्दलीय मैदान में हैं। ऐसे में भाजपा के कोर मतदाता भी असमंजस में हैं कि वे पवन के साथ जाएं या गठबंधन धर्म निभाते हुए उपेंद्र कुशवाहा को वोट दें। इन सबके बीच एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी के एक दांव ने यहां की लड़ाई को दिलचस्प बना दिया है। ओवैसी की पार्टी की उम्मीदवार प्रियंका चौधरी के पक्ष में अतिपिछड़ा और मुस्लिम समुदाय के मतदाताओं के जुटान ने पवन सिंह के साथ ही सीपीआईएमएल के उम्मीदवार राजाराम कुशवाहा को भी परेशान कर दिया है। ऐसे में उपेंद्र कुशवाहा को अपनी जीत आसान दिख रही है पर वे भाजपा के कोर मतदाताओं को समझाने की कोशिश में कितना सफल होते हैं या समय बताएगा। भाजपा के मतदाता उनके साथ जाएं इसके लिए पार्टी नेता भी रात दिन एक कर रहे हैं।

एक नजर

अमित शाह आज कुशीनगर बलिया और वाराणसी में

अमृत विचार, लखनऊ : गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सोमवार 27 मई को कुशीनगर, बलिया और वाराणसी में जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे। इस दौरान अमित शाह के साथ तमाम जनसभाओं में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी की भी भागीदारी रहेगी।

मासिक धर्म स्वच्छता दिवस दिवस कल

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डा. पिंकी जोवल ने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को पत्र जारी कर मासिक धर्म दिवस 28 मई को जागरूकता सम्बन्धी विभिन्न गतिविधियों को आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। जहां पर मासिक धर्म स्वच्छता पर खुल कर बात की जाएगी।

तकनीकी विशेषज्ञ एवं बैंक कर्मी के बिना कैसे होगी साइबर सुरक्षा

पुलिस कार्मिकों की होने वाली भर्ती में इन दोनों पदों का नहीं किया गया जिक्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ बिना बैंक कर्मी समय से कैसे होगी फ्रॉड की विवेचना

अमृत विचार: साइबर अपराधों से प्रदेश को मुक्ति दिलाने की तैयारी तो शुरू कर दी गई है, लेकिन आधारभूत संरचना में कई बिंदुओं पर गौर ही नहीं किया गया है। प्रदेश के थानों में होने वाली 1,425 कार्मिकों की भर्ती में कार्मिकों की तकनीकी विशेषज्ञता का जिक्र ही नहीं किया गया है। यही नहीं फ्राड का बैंक डिटेल मिलने में महीनों लग जाते हैं, ऐसे में बिना बैंकर्स को साथ लिए समय से विवेचना कैसे संभव होगी। हालांकि उक्त दोनों चुनौतियों के प्रति पुलिस विभाग अवगत तो है, लेकिन कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं।

सरकार ने प्रदेश को साइबर अपराध से मुक्ति दिलाने के लिए ठोस कदम उठाएं हैं। इसी क्रम में प्रत्येक जिले में थाने खुल रहे हैं और आधारभूत संसाधन थानों में भेजे जा रहे हैं। विभाग को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए अलग से कार्मिकों की भर्ती भी होने जा रही हैं। इन सबके बीच साइबर अपराध रोकने के सबसे महत्वपूर्ण घटक पर अभी चर्चा तक नहीं हुई है। वह है तकनीकि विशेषज्ञ एवं बैंक कर्मी। जिन कार्मिकों की भर्ती होने जा रही है उनके लिए तकनीकी से जुड़ी किसी भी अर्हता का जिक्र नहीं है। साइबर अपराध का खुलासा बिना तकनीकी विशेषज्ञ के संभव नहीं हो पाता।

वहीं बिना बैंक कर्मी के साइबर थाने चलाने में भी दिक्कत आएगी। लगभग सभी तरह के साइबर अपराध रुपयों के लिए ही होते हैं। फ्राड की शिकायत होने के बाद बैंक डिटेल आने में ही कई-कई महीने लग जाते हैं। बैंक पूरी जानकारी भी नहीं देते। ऐसे में बिना बैंक कर्मी के ससमय विवेचना भी नहीं हो पाएगी। साइबर अपराध रोकने से जुड़ी पूरी संरचना में दोनों का जिक्र न होना चर्चा का विषय है।

दंडात्मक नहीं मानी जाएगी पोस्टिंग

एसएचओ के पद से साइबर सेल में तबादले को दंडात्मक पोस्टिंग के तौर पर गिना जाता था। लेकिन अब यह पोस्टिंग महत्वपूर्ण पोस्टिंग मानी जाएगी। जिले का पुलिस अधीक्षक ही साइबर थानों को नियंत्रित करेगा। थानों में पोस्टिंग के बाद अब दंडात्मक पोस्टिंग का भ्रम भी दूर हो जाएगा।

प्रबंधकों को किया जा रहा है प्रताड़ित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय प्रबन्धक सभा की बैठक संपन्न

▸▸ अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय प्रबंधक 10 जून को देंगे धरना

अमृत विचार: अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय प्रबन्धक सभा उत्तर प्रदेश की कोर कमेटी की बैठक डीएवी डिग्री कॉलेज में हुई।

बैठक में प्रबंधक सभा के पूर्वांचल प्रभारी गजेन्द्र सिंह ने बताया कि जनपदो में तैनात डीआईओएस एवं मण्डल स्तर पर तैनात ज्वाइंट डायरेक्टर्स द्वारा प्रबन्धकों एवं प्रबन्धतंत्रो को अपमानित एवं प्रताड़ित करते हुए धन उगाही व जबरदस्त लूट खसोट की जा रही है। अधिनियम के प्रावधानों, विनियमों एवं शासनादेशों के अनुपालन में हीला-हवाली करते हुए धन उगाही का तंत्र चलाया जा रहा है। सरकार द्वारा विद्यालयो की संचालक प्रबन्ध समितियों को ट्रस्ट में परिवर्तित किये जाने को अनुमन्यता प्रदान की है लेकिन मण्डलीय स्तर पर ज्वाइंट डायरेक्टर्स एवं जनपदो के डीआईओएस अपनी अनियमित लूटखसोट के कारण प्रबन्धसमितियों को उत्पीड़ित करते हुए अनुमन्यता प्रदान नहीं कर रहे है।

आक्रोशित प्रबन्धकों की कोर कमेटी ने निर्णय पारित किया है कि अब प्रबन्धको के उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और माध्यमिक शिक्षा विभाग में चल रहे लूट तंत्र को पर्त दर पर्त समाज के समक्ष उजागर कर मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा। इस कम में 10 जून को निदेशक माध्यमिक शिक्षा उप्र के शिविर कार्यालय पार्क रोड प्रातः 11 बजे से प्रबन्धको के उत्पीड़न और विभागीय भ्रष्टाचार पर विशाल धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद कुमार, मध्यांचल प्रभारी प्रभाकर श्रीवास्तव, पश्चिमांचल प्रभारी दीपक द्विवेदी, अयोध्या मण्डल अध्यक्ष अरूण सिंह, झांसी मण्डल अध्यक्ष वीरेन्द्र पाण्डे, मेरठ मण्डल अध्यक्ष सुनील चौधरी, प्रयागराज से इन्दुभाल त्रिपाठी, कानपुर से ललित कुमार शुक्ला, आगरा मण्डल महामंत्री हरिओम चौधरी, बलिया से नरेन्द्र श्रीवास्तव, गाजीपुर से अवधेश राय आदि बैठक में उपस्थित रहे।

आखिरी चरण के चुनाव प्रचार में सत्तापक्ष और विपक्ष में तेज हुई जंग

मुख्यमंत्री योगी ने इंडी गठबंधन के नेताओं पर साधा निशाना

गोरखपुर में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी को स्मृति चिन्ह भेंट करता भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मुख्यमंत्री ने मीरजापुर, रॉबर्ट्सगंज, चंदौली, गाजीपुर और गोरखपुर लोकसभा सीट में जनसभा को किया संबोधित

▸▸ बोले, काले कारनामों को छिपाने के लिए खुद को ब्रिगेडियर उस्मान का परिवार बताता है माफिया

अमृत विचार: हम रामभक्त हैं, तबतक चैन की सांस नहीं लेंगे, जबतक पापियों का अंत नहीं कर देते। आज बेटी और व्यापारी की सुरक्षा से कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता और अगर ये दुःसाहस करने की किसी ने कोशिश की तो अगले ही चौराहे पर यमराज उसका इंतजार करते हुए मिलेंगे। जो मफिया कभी कानून की धज्जियां उड़ाया करते थे आज बुलडोजर उनकी छाती को रौंद रहा है। गाजीपुर का एक माफिया अपने काले कारनामों को छिपाने के लिए खुद को ब्रिगेडियर उस्मान के परिवार का बताता है। जबकि ये कोरा झूठ है और उसका ब्रिगेडियर उस्मान के परिवार से कोई नाता नहीं है।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गाजीपुर में रखने के साथ मीरजापुर, रॉबर्ट्सगंज, चंदौली और गोरखपुर लोकसभा सीट के लिए भी प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने पांचों लोकसभा प्रत्याशियों के पक्ष में वोट की अपील की। इस दौरान योगी ने कहा कि सपा और कांग्रेस समस्या हैं। इनके गठबंधन का मतलब आतंकवाद को आमंत्रित करना। जिन्होंने एक-एक बूंद पानी के लिए तरसाया, अब उन्हें एक-एक वोट के लिए तरसा दीजिये।

पिछली सरकारों की सोच संकुचित थी

मुख्यमंत्री ने मीरजापुर और रॉबर्ट्सगंज लोस. में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सोनभद्र में मेडिकल कॉलेज बन कर तैयार हो गया है। कमिश्नरी में जल्द ही विश्वविद्यालय बनकर तैयार हो जाएगा। पिछली सरकारों की सोच संकुचित थी, इसलिए वे विकास के बारे में नहीं सोचती थीं।

पुश्तैनी प्रॉपर्टी जबर्दस्ती ले लेंगे

मुख्यमंत्री ने चंदौली की जनसभा में कहा, कांग्रेस व सपा गठबंधन विरासत टैक्स लगाने की बात करती है। यह टैक्स औरंगजेब का जजिया कर है। संपत्ति का सर्वे कराकर यह लोग पुश्तैनी प्रॉपर्टी जबर्दस्ती ले लेंगे, फिर उसे घुसपैठियों और रोहिंग्या मुसलमानों को दे देंगे। इनके अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस गई है।

पहले पैसा कब्रिस्तान में खर्च होता था

योगी ने रविवार को गोरखपुर पहुंचकर कहा कि पहले पैसा कब्रिस्तान में खर्च होता था, अब मठ-मंदिरों के जीर्णोद्धार में खर्च होता है। एक तरफ भाजपा आपको सुरक्षा-सम्मान देती है तो दूसरी तरफ बसपा को मौलाना के अलावा कोई उम्मीदवार ही नहीं मिल पाया। सपा और कांग्रेस तालिबानी शासन लागू करना चाहते हैं।

सपा प्रमुख अखिलेश ने भाजपा सरकार पर बोला तीखा हमला

जनसभा के दौरान इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के साथ सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ अखिलेश ने सलेमपुर और बलिया के प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी जनसभाओं को किया सम्बोधित

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को सलेमपुर से पार्टी प्रत्याशी रमाशंकर राजभर और बलिया के प्रत्याशी सनातन पाण्डेय के पक्ष में चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित किया। इस दौरान भीषण गर्मी और तपती दोपहरी में आयी भारी भीड़ को देखकर उत्साहित अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में बलिया का बल समाजवादी पार्टी को जिताने जा रहा है। अखिलेश ने कहा, उप्र. में सपा इस बार जीत के अपने पुराने रिकार्ड को तोड़ देगी।

सपा प्रमुख के मुताबिक, पश्चिम से पहले चरण के चुनाव में जो जीत की शुरूआत हुई है पूर्वांचल में सातवें चरण में उससे ज्यादा उत्साह और जोश है। उन्होंने दावा किया कि छठवें चरण में इंडिया गठबंधन के पक्ष में हुई बम्पर वोटिंग से भाजपा का सफाया हो गया है। भाजपा के लोग चार सौ पार का नारा दे रहे थे, वे सातवें चरण में चार सौ सीट हार कर जाएंगे।

सपा मुख्यालय से साझा की गई जानकारी के मुताबिक, अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा बुरी तरह हारने जा रही है। इसीलिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की जुबान लड़खड़ाने लगी है। जुबान उसी की लड़खड़ाती है जिसका आत्मविश्वास लड़खड़ा जाता है। इनको हार का एहसास हो गया है। इनकी भाषा बदल गयी है। अब जनता इनको बदलने जा रही है।

किसानों का कर्ज माफ करेगी हमारी सरकार

अखिलेश यादव ने दावा किया कि इंडिया गठबंधन की सरकार किसानों का कर्ज माफ करेगी। किसानों को फसलों के एमएसपी का कानूनी अधिकार देगी। इंडिया गठबंधन की सरकार अग्निवीर योजना खत्म कर नौजवानों को पक्की नौकरी देगी।

अखिलेश आज गाजीपुर और चंदौली में

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव सोमवार 27 मई को लोकसभा क्षेत्र गाजीपुर एवं चंदौली में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे।

प्रश्नपत्र लीक मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ नोएडा एसटीएफ ने की कार्रवाई, दोनों पर था 25-25 हजार का इनाम

अमृत विचार: 17 एवं 18 फरवरी को उप्र. आरक्षी पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक कराने के आरोप में एसटीएफ नोएडा की टीम ने हाथरस से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों पर 25-25 हजार रुपए का इनाम भी रखा गया था।

गिरफ्त में आया पहला आरोपी बिट्टू उर्फ विनोद कुमार शर्मा लोधा अलीगढ़ का निवासी है। बिट्टू एम्स ऋषिकेश में विद्युतकर्मी की नौकरी करता है। पेपर लीक कांड में बिट्टू की संलिप्तता का पहले ही खुलासा हो चुका था। जबकि दूसरे आरोपी कुशलपाल उर्फ राजा को भी गिरफ्तार किया गया है। राजा पांचवीं पास है और टैक्सी चलाने का काम करता है। राजा पर भी पुलिस ने 25 हजार का इनाम रखा था। एसटीएफ के अधिकारियों ने बताया कि दोनों की गिरफ्तारी हाथरस के रोडवेज वर्कशाप के पास से हुई है।

अवैध शस्त्रों की तस्करी करने वाला गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : एसटीएफ ने रविवार को अवैध शस्त्रों की तस्करी करने वाले व्यक्ति को एमिटी विश्वविद्यालय के पास से गिरफ्तार किया है। इस दौरान आरोपी के पास से पांच पिस्टल भी बरामद हुआ है। एसटीएफ के डीएसपी धर्मेश कुमार शाही ने बताया कि आरोपी नितेश भारती बलिया का रहने वाला है। सूचना मिली कि नितेश बिहार व मध्यप्रदेश से अवैध असलहा लेकर राजधानी पहुंचा है और इस समय मल्हौर क्षेत्र में एमिटी विश्वविद्यालय के पास मौजूद है। इस दौरान उपनिरीक्षक अतुल चतुर्वेदी, की टीम ने नितेश भारती को गिरफ्तार कर लिया।

वर्ग पहेली-82

बाएं से दाएं

2. 1. अवनति, गिरावट 2. क्षय 3. अपमान 4. अपयश 5. हीनता।

4. 1. दैनिक जीवन की परेशानियां 2. व्यर्थ के झगड़े 3. झंझट या बखेड़ा 4. इधर-उधर फैला हुआ कबाड़ या कूड़ा-करकट।

6. 1. घड़ा 2. अंधविश्वास के कारण प्रेतक्रिया में पीपल से लटकाया जाने वाला घड़ा।

7. 1. समाप्त न होना, कम न पड़ना 2. लड़खड़ाना।

8. 1. निशाना लगाने का कार्य या कौशल 2. निशाना लगाने का अभ्यास।

ऊपर से नीचे

1. चैत्र के बाद पड़ने वाला माह।

3. परिगणन, अनुसूची, (शेड्यूल)।

5. वह स्थान या गृह जहां नाटक का मंचन किया जाता है, नाट्यशाला।

7. आकाश में सहसा क्षण भर के लिए दिखाई देने वाला वह प्रकाश जो बादलों में वातावरण की विद्युत शक्ति के संचार के कारण होता है, विद्युत, तड़ित, जोखना।



वर्ग पहेली -81 का हल

	1 भो			2 च		
	ज		3 छ	पा	का	
	4 क	चो	ट	ना		
			क		5 शा	ना
	6 सा	7 नु	ना	सि	क	
		जू			भा	
	8 कॉ	ल	म		जी	

सुडोकू-161

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	2							
			4		5			
		6						
5								
			1		7			
	5						8	
					9			
2								

सुडोकू -160 का हल

8	4	5	1	3	9	2	6	7
7	3	2	6	4	8	5	9	1
9	6	1	2	7	5	8	3	4
5	7	6	9	2	4	1	8	3
1	8	4	3	5	7	6	2	9
2	9	3	8	1	6	4	7	5
6	5	9	4	8	3	7	1	2
3	2	7	5	6	1	9	4	8
4	1	8	7	9	2	3	5	6

प्रशिक्षकों की कमी से बिगड़ा खेल, खिलाड़ी हो रहे मायूस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ कहीं बैडमिंटन तो कहीं स्क्वैश के कोच नहीं, प्रशिक्षक न होने से लौट रहे खिलाड़ी

अमृत विचार : गर्मी की छुट्टियों में सभी खेलों में प्रशिक्षण लेने को खिलाड़ियों की भीड़ उमड़ रही है। मनचाहे खेल में दाखिला लेने को खिलाड़ी स्टेडियम तक पहुंच रहे हैं। लेकिन कई खेलों में प्रशिक्षक ना होने से खिलाड़ी मायूस होकर लौट रहे हैं।

बैडमिंटन, स्क्वैश के साथ ही फुटबॉल जैसे खेल में प्रशिक्षकों की कमी से खेल की दुनिया में नाम रोशन करने वालों के सपने प्रशिक्षण से पहले ही टूट रहे हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, जहां इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध है, वहां पर प्रशिक्षकों की तैनाती के प्रयास किए जा रहे हैं।

शहर के वीआईपी इलाके गोमती नगर में दो सरकारी स्टेडियम मौजूद हैं। इनमें एक विनय खंड तो दूसरा विजयंत खंड में स्थित है। विनय खंड में बैडमिंटन खिलाड़ियों के अभ्यास को वूडेन कोर्ट बनाया गया है। यहां पर कोई प्रशिक्षक नहीं है।

ऐसे में यहां बैडमिंटन की ट्रेनिंग लेने के लिए आने वाले खिलाड़ी मायूस होकर लौटने को मजबूर हैं। इसी तरह से यहां पर फुटबॉल का मैदान तैयार किया गया है। लेकिन प्रशिक्षकों के अभाव में यहां पर फुटबॉल का प्रशिक्षण आज तक शुरू नहीं हो सका है। छुट्टियों में यहां फुटबॉल में दाखिले की लंबी लाइन लगती हैं। लेकिन प्रशिक्षक ना होने से वापस चले जाते हैं। कुछ ऐसा ही हाल विजयंत खंड स्टेडियम का है। यहां पर स्क्वैश के लिए शानदार हॉल मौजूद है। प्रशिक्षक न होने से इस खेल के खिलाड़ियों को वापस लौटना पड़ रहा है।

प्रशिक्षक हैं लेकिन प्रशिक्षण नहीं

क्षेत्रीय खेल कार्यालय की देखरेख में नौकायन के प्रशिक्षक की तैनाती की गई। गोमती नदी के किनारे नौकायन के प्रशिक्षण की तैयारी पिछले वर्ष शुरू की गई। लेकिन आज तक प्रशिक्षण शुरू नहीं हो सका। ऐसे में नौकायन के प्रशिक्षक केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बाल तरणताल में बच्चों को तैराकी का प्रशिक्षण देने को मजबूर हैं।

प्रशिक्षण को बेहतर बनाए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशिक्षकों की कमी जल्द ही दूर की जाएगी। जहां इंफ्रास्ट्रक्चर है, वहां पर हर हाल में प्रशिक्षक तैनात किए जाएंगे।

-अजय कुमार सेठी, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी, खेल विभाग, उत्तर प्रदेश

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 मई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 16.53 तक तत्पश्चात पंचमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 10.13 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

मेष — आज प्रतिष्ठित लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। आप भविष्य को लेकर काफी आशान्वित रहेंगे। बुद्धिजीवी लोगों से आपका संपर्क बढ़ेगा। शाम के समय आपको धन लाभ भी हो सकता है। दिन ठीक रहेगा। आप अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर पाएंगे।

वृष — आज क्रोध में आकर किसी से बात न करें। शाम के समय आप कई समस्याओं को सुलझाने में सफल होंगे। आपको बहुत से अनुत्तरित प्रश्नों का उत्तर मिल जाएगा। दिन की शुरुआत ज्यादा ठीक नहीं रहेगी, किंतु आप समस्याओं का समाधान ढूंढ़ने में सफल होंगे।

मिथुन — आज यात्रा का विचार बना सकते हैं। कारोबार में मित्रों का सहयोग मिलेगा। विवाह संबंधी विषयों को लेकर घर में चर्चा हो सकती है। आंखों में जलन और दर्द की शिकायत होने की आशंका है। बिजली के यंत्रों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें।

कर्क — आज कारोबार में अपेक्षा से अधिक लाभ हो सकता है। नौकरी में उच्च अधिकारी आपके ऊपर प्रसन्न रहेंगे। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी। आपसे पड़ोसी भी आपकी प्रशंसा करेंगे और आपसे वार्तालाप करना चाहेंगे।

सिंह — आज काम का दबाव आपके ऊपर देखने को मिल सकता है। यदि आप व्यवसायी हैं तो आप अपने उत्पाद की बहुत अच्छी ब्रान्डिंग कर सकते हैं। मनोरंजन के कार्यों में आप काफी रुचि ले सकते हैं। अनावश्यक कार्यों में आपको व्यस्त नहीं होना चाहिए।

कन्या — आज आप कुछ पुराने मामलों को लेकर तनाव में आ सकते हैं। घर का समस्याओं को बाहर के लोगों से व्यक्त न करें। माता-पिता की सेहत का विशेष ध्यान रखें। प्रेम विवाह को लेकर परिवार की सहमति मिल सकती है।

तुला — आज आप नई जॉब के लिए प्रयास कर रहे हैं तो उसमें अचानक ही सफलता मिल सकती है। आप अपनी अभियोग्यता को बढ़ाने को लेकर प्रतिबद्ध रहेंगे। कुछ गुप्त बातों को जानने में लगे रहेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

वृश्चिक — आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा। कारोबार में सहयोगियों के साथ नोंक-झोंक हो सकती है। अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें। हालांकि आप अपनी गलती सुधार भी लेंगे और स्थितियां अपने पक्ष में भी कर सकते हैं।

धनु — आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ रहेगी। विरोधी आपके सामने कमजोर दिखेंगे। आप अपनी संकल्प शक्ति के बूते कई लोगों के अपने अनुकूल काम भी करवा सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में वर्चस्व बढ़ेगा।

मकर — आज वैवाहिक जीवन में सामंजस्य अच्छा रहेगा। कोई नया काम शुरू न करें। बिना मन के किए गए कार्य गड़बड़ हो सकते हैं। कला क्षेत्र से जुड़े लोग अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। शाम के समय बीमार लोग स्वस्थ महसूस कर सकते हैं।

कुंभ — आज ऐसे विषयों पर चर्चा न करें जिन पर झगड़ा होने की संभावना हो। संपत्ति से जुड़े मामलों को लेकर कुछ परेशानियां हो सकती हैं। यदि किसी मीटिंग आदि का आयोजन कर रहे हैं तो उसे दिन के दूसरे प्रहर से पहले कर लें।

मीन — आज कारोबार में विस्तार के अवसर मिलेंगे। यदि आप निवेशक हैं तो आपको उत्तम धन लाभ हो सकता है। अधीनस्थ कर्मचारियों की शिकायतों का निवारण कर सकते हैं। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
15 अगस्त — सुबह : 09.52
मेला — रात : 07.00

&pictures
सीक्रेट सुपरस्टार — सुबह : 10.47
हीरोपंती 2 — शाम : 04.56

SONY PIX
स्पाइडर-मैन — सुबह : 10.45
द मैकेनिक — रात : 09.00

ZEE CINEMA
मैं तेरा हीरो — सुबह : 10.35
पहेली — रात : 07.45

colors CINEPLEX
बेटिंग राजा — दोपहर : 12.34
रुध्रन — रात : 08.02

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर शाम : 04.56 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पापा- बेटा, आज तेरी मम्मी चुप-चाप क्यों बैठी है?
बेटा- मेरी गलती है इसमें
पापा- ऐसा क्या किया तूने
बेटा- मम्मी को लिपस्टिक की जगह फेविस्टिक दे दी?
पापा- जुग-जुग जियो मेरे लाल, भगवान ऐसा बेटा सबको दे।

मौलवी- किसी को इस शादी से ऐतराज?
तभी आवाज आई हां मुझे है।
मौलवी- अरे तुमसे किसने पूछा?
तुम तो दूल्हे हो तुम्हें तो जिंदगी भर रहेगा।

वर्क फ्रॉम होम के बारे में सुना है, वर्क फ्रॉम जेल के बारे में पहली बार सुना: राजनाथ

चंडीगढ़ की चुनावी रैली में रक्षा मंत्री ने अरविंद केजरीवाल के काम पर कसा तंज

चंडीगढ़, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तंज कसते हुए रविवार को कहा कि उन्होंने वर्क फ्रॉम होम (घर से काम करने) के बारे में तो सुना है लेकिन वर्क फ्रॉम जेल (जेल से काम करने) के बारे में वह पहली बार सुन रहे हैं। फतेहगढ़ साहिब से भाजपा के उम्मीदवार गेजा राम वाल्मीकि के समर्थन में खन्ना में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा-यहां आम आदमी पार्टी सत्तारूढ़ है। आपको इस बारे में ज्यादा बताने की जरूरत नहीं है कि वह किस तरह का काम कर रही है। सिंह ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए कहा-दिल्ली में भी 'आप' सरकार है, लेकिन आप नेता को शराब घोटाले को लेकर जेल में डाल दिया गया था। रक्षा मंत्री ने कहा कि अगर किसी भी नेता पर कोई आरोप लगता है तो उसमें तब तक के लिए अपने पद से इस्तीफा देने का नैतिक साहस होना चाहिए जब तक वह आरोपों से मुक्त न हो जाए।

भाजपा सरकार के तहत लोगों के जीवन में कोई प्रगति नहीं हो रही: प्रियंका गांधी

फतेहगढ़ साहिब/पटियाला। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए पूछा कि अगर देश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है तो लोगों के जीवन में प्रगति क्यों नहीं हो रही। फतेहगढ़ साहिब सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अमर सिंह के समर्थन में पंजाब में अपनी पहली जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सिर्फ सत्ता हासिल करने के लिए झूठ बोलने और जनता से खोखले वादे करने का आरोप लगाया। प्रियंका ने मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश में 70 करोड़ युवा बेरोजगार हैं और बेरोजगारी 45 साल में सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तहत सरकारी क्षेत्र में 30 लाख पद रिक्त हैं।

केरल: रेस्तरां में खाना खाने के बाद करीब 70 लोग बीमार

त्रिशूर (केरल)। मध्य केरल के त्रिशूर जिले में एक दिन पहले एक रेस्तरां में खाना खाने वाले लगभग 70 लोगों को कथित तौर पर विषाक्त भोजन के चलते बीमार पड़ने पर विभिन्न अस्पतालों में भर्ती होना पड़ा। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जिला स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि मूननुपीडिका क्षेत्र में एक रेस्तरां में खाना खाने वाले 60 से 70 लोगों ने विभिन्न अस्पतालों में इलाज कराया।

अधिकारी ने कहा-उनमें से किसी की भी हालत गंभीर नहीं है। स्वास्थ्य अधिकारियों को संदेह है कि संबंधित लोग कुझिमंथी नामक व्यंजन के साथ दी जाने वाली मेयोनीज खाकर बीमार पड़े। कैपमंगलम थाने के एक अधिकारी ने कहा कि घटना के बाद अधिकारियों ने पूरे होटल को सील कर दिया है।

नई दिल्ली में पड़ रही भीषण गर्मी के दौरान एक आदमी कबूतरों और कौवों को खाना और पानी पिलाता हुआ। ● एजेंसी

एक नजर

मप्र में शराब पीने से एसएएफ के दो जवानों की हुई मौत

छिंदवाड़ा (मध्य प्रदेश)। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में शराब पीने के बाद राज्य पुलिस के विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) के दो जवानों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकरी दी। कोतवाली थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि एसएएफ की आठवीं बटालियन के दानीराम उइके (55) और प्रेमलाल काकोड़िया (50) ने शनिवार रात शराब पी थी। गोल्हानी ने बताया कि दोनों को उल्टी होने लगी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उइके की तुरंत मौत हो गई और काकोडिया ने रविवार सुबह इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

जम्मू में मालगाड़ी का डिब्बा पटरी से उतरा

जम्मू। रविवार को जम्मू के पास एक मालगाड़ी का डिब्बा पटरी से उतर गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जब मालगाड़ी जम्मू से उधमपुर की ओर जा रही थी उस दौरान दोपहर करीब साढ़े तीन बजे जम्मू शहर के बाहरी इलाके मनवाल के पास संगर में यह दुर्घटना हुई। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना से रेल यातायात की सेवाओं में कोई बड़ा व्यवधान उत्पन्न नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि प्रभावित ट्रैक को बहाल करने के लिए एक क्रेन भेजी गई।

22 लोगों का 16 लाख करोड़ कर्ज माफ हिमाचल को नहीं दिए 9,000 करोड़

शिमला, एजेंसी

● राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी पर लगाया आरोप

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 10 साल में 22 लोगों का 16 लाख करोड़ रुपये कर्ज माफ कर दिया, लेकिन वह पिछले साल मॉनसून में बारिश के कारण आई आपदा से निपटने के लिए हिमाचल प्रदेश को 9,000 करोड़ रुपये नहीं दे सके।

गांधी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की मदद करने के बजाय मोदी ने राज्य की चुनी हुई सरकार को चुराने का प्रयास किया। उन्होंने यह बयान ऐसे समय में दिया है जब कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य में बाढ़ से निपटने के लिए केंद्र द्वारा मुहैया कराई गई सहायता का कांग्रेस सरकार द्वारा अनुचित वितरण किए जाने का आरोप लगाया था और इसके खिलाफ कार्रवाई करने का वादा किया था। शिमला (सुरक्षित) संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी के समर्थन में हिमाचल प्रदेश में सिरमौर जिले के नाहन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि मोदी ने सेब की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सभी भंडारण सुविधाओं को एक व्यक्ति को सौंप दिया। उन्होंने दावा किया कि जब भी नरेन्द्र मोदी शपथ लेते हैं, अडाणी के स्वामित्व वाली कंपनियों के शेयर की कीमतें अपने आप ही बढ़ जाती हैं।

चांदी के चम्मच के साथ पैदा होने वाले गरीबों का दुख दर्द क्या जानें : शाह



औरंगाबाद/भभुआ। केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा नेता अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी प्रसाद यादव पर कटाक्ष करते हुए आज कहा कि चांदी के चम्मच के साथ पैदा होने वाले गरीबों का दुख दर्द क्या जानेंगे। शाह ने रविवार को काराकाट लोकसभा क्षेत्र के तहत औरंगाबाद जिले के दाउदनगर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए श्री राहुल गांधी और तेजस्वी प्रसाद यादव पर जमकर तंज कसा और कहा कि चांदी के चम्मच के साथ पैदा होने वाले गरीबों का दुख दर्द क्या जानेंगे।

विज्ञापनों पर उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ याचिका पर सुनवाई आज

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा को चुनावी विज्ञापन जारी करने से रोकने संबंधी कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ पार्टी की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। एकल पीठ ने 20 मई को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को चार जून तक आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले विज्ञापन प्रकाशित करने से रोक दिया था। इस फैसले के खिलाफ भाजपा ने खंडपीठ का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन खंडपीठ ने 22 मई को कहा था कि वह एकल पीठ के अंतरिम आदेश के खिलाफ अपील पर विचार करने की इच्छुक नहीं है।

नमूने एकत्र और पीड़ितों की पहचान करना बना चुनौती

ठाणे, एजेंसी

महाराष्ट्र में डोंबिवली केमिकल फैक्टरी में हुए विस्फोट के बाद पुलिस को मृतकों की सटीक संख्या का पता लगाने और उनकी पहचान सुनिश्चित करने के कठिन कार्य से जूझना पड़ रहा है क्योंकि कई शव इस कदर जल गए हैं कि उनकी पहचान करना मुमकिन नहीं है।

डोंबिवली कारखाना विस्फोट मामला

इस विस्फोट में 10 लोगों की जान चली गई जबकि 60 से अधिक लोग घायल हुए थे। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि अहम सबूत, जिसमें जले हुए अवशेष और शवों के हिस्से के नमूने शामिल हैं, सावधानी पूर्वक एकत्र करके फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी में डीएनए जांच के लिए भेजे गए हैं ताकि उनके रिश्तेदारों से इसका मिलान किया जा सके। ठाणे जिले के डोंबिवली एमआईडीसी के फेज- 2 में स्थित अमुदान केमिकल्स में बॉयलर के फटने और इसके कारण लगी आग में 10 लोगों की मौत हो गई और 60 से अधिक लोग घायल हो गए थे।

देश में 80,455 करोड़ रुपये के 10.46 लाख सड़क दुर्घटना दावे लंबित

नोएडा, एजेंसी

● आरटीआई अधिनियम के तहत दायर आवेदन के माध्यम से हुआ खुलासा

देश में सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े 80,455 करोड़ रुपये के लगभग 10,46,163 दावे लंबित हैं और 2018-19 से 2022-23 के बीच इनकी संख्या में लगातार वृद्धि हुई। सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत दायर आवेदन के माध्यम से यह जानकारी मिली है।

अप्रैल में उच्चतम न्यायालय के वकील के. सी. जैन के आवेदन के जवाब में भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने यह विवरण प्रदान किया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से पूछे गए प्रश्न में जैन ने राज्य और जिलेवार विवरण

के साथ-साथ देश में लंबित मोटर दुर्घटना दावों की कुल संख्या बताने का अनुरोध किया था। उन्होंने पिछले पांच वर्षों के दौरान शुरू किए गए, निपटाए गए व शेष दावों का वार्षिक विवरण और मोटर दुर्घटना दावों के शीघ्र निपटान के लिए केंद्र द्वारा की गई पहल, यदि कोई हो, के बारे में पूछा था। आईआरडीएआई की जानकारी के मुताबिक वित्त वर्ष 2018-19 में 52,713 करोड़ रुपये के 9,09,166 दावे, 2019-20 में 61,051 करोड़ रुपये के 9,39,160 दावे, 2020-21 में 70,722 करोड़ रुपये के 10,08,332 दावे, 2021-22 में 74,718 करोड़ रुपये के 10,39,323 दावे, 2022-23 में 80,455 करोड़ रुपये के 10,46,163 दावे थे। क्षेत्रीय स्तर की जानकारी के बारे में आईआरडीएआई ने कहा, मोटर थर्ड पार्टी दावों का जिला-वार और राज्य-वार विवरण आईआरडीएआई के पास उपलब्ध नहीं है, क्योंकि आईआरडीएआई ऐसी विस्तृत जानकारी एकत्र या बरकरार नहीं रखता है।

पासपोर्ट रद करने के अनुरोध पर केंद्र से कोई जवाब नहीं: जी परमेश्वर

बेंगलुरु, एजेंसी

● महिलाओं के यौन शोषण मामले में बोले कर्नाटक के गृहमंत्री

कर्नाटक के गृहमंत्री जी. परमेश्वर ने रविवार को कहा कि महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद करने के अनुरोध पर राज्य को केंद्र से अभी तक कोई आधिकारिक जवाब नहीं मिला है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर के उस कथित बयान पर निशाना साधते हुए जिसमें कहा गया था कि प्रज्ज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद करने का राज्य सरकार का अनुरोध 21 मई को ही प्राप्त हुआ था, परमेश्वर ने जानना चाहा कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक मई लिखे गए पत्र का क्या हुआ।

परमेश्वर ने कहा-जहां तक मुझे पता है, हमें अब तक (केंद्र से) कोई सूचना या पत्र नहीं मिला है। मैंने देखा है कि विदेश मंत्री ने मीडिया से कहा है कि वे कार्रवाई कर रहे हैं और एक दो दिनों में वे इसे (राजनयिक पासपोर्ट) रद्द कर देंगे, लेकिन हमें इस पर कोई लिखित सूचना नहीं मिली है। उन्होंने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने एक मई को प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर प्रज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने की मांग की थी और उसके बाद आरोपों की जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल ने भी केंद्र को इसी अनुरोध के साथ पत्र लिखा था।

कारोबार/कृषि

एक नजर

भारतपे, फोनपे ने पे पर लंबे समय से चल रहे विवादों को निपटाया

नई दिल्ली। वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों... भारतपे ग्रुप और फोनपे समूह ने प्रत्यय 'पे' के साथ ट्रेडमार्क के उपयोग से संबंधित लंबे समय से चले आ रहे सभी कानूनी विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया है। दोनों कंपनियों ने संयुक्त बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, भारतपे और फोनपे पिछले पांच वर्षों के दौरान कई अदालतों में लंबे समय से चले आ रहे कानूनी विवादों में रही हैं। यह समझौता सभी खुली न्यायिक कार्यवाही को समाप्त कर देगा। बयान में कहा गया कि भारतपे और फोनपे ने लंबे समय से चले आ रहे सभी ट्रेडमार्क विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया। बयान के अनुसार, अगले कदम के रूप में पार्टियों ने ट्रेडमार्क रजिस्ट्री में एक-दूसरे के खिलाफ सभी विरोधों को वापस लेने के लिए पहले ही कदम उठा लिया है, जिससे उन्हें अपने संबंधित ट्रेडमार्क के पंजीकरण के साथ बढ़ने में मदद मिलेगी।

गड़बड़ी से स्पाइसजेट का विमान वापस लौटा

नई दिल्ली। लेह जा रहा स्पाइसजेट का एक विमान रविवार सुबह कुछ गड़बड़ी की वजह से दिल्ली वापस लौट आया। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि करीब 135 लोगों को लेकर लेह जा रहा यह विमान दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया। हवाई अड्डे पर पूर्ण आपातकालीन स्थिति घोषित कर दी गई। यह उड़ान एसजी 123 10:30 बजे रवाना हुई थी और करीब 11 बजे वापस लौट आई। सूत्र ने कहा कि इंजन में कंपन के कारण विमान वापस लौटा। उड़ान निगरानी वेबसाइट फ्लाइटरडार-24 पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, बोइंग 737-7 विमान उड़ान भरने के कुछ समय बाद राजधानी लौट आया।

चौथी तिमाही में 6.1-6.7% रहेगी आर्थिक वृद्धि दर

विभिन्न अर्थशास्त्रियों ने जताई उम्मीद, 31 को जारी होगा वृद्धि दर का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

बीते वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.1 से 6.7 प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है। यह इससे पिछली तिमाहियों में दर्ज आठ प्रतिशत की वृद्धि दर से कम है। विभिन्न अर्थशास्त्रियों ने यह अनुमान लगाया है। सरकार चौथी तिमाही के जीडीपी आंकड़े और पूरे वित्त वर्ष के लिए अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर का अनुमान 31 मई को जारी करेगी।

अर्थशास्त्रियों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 में वृद्धि दर 7.6-7.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023-24 की जून तिमाही में 8.2 प्रतिशत, सितंबर तिमाही में 8.1 प्रतिशत और दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। कोटक महिंद्रा बैंक की मुख्य अर्थशास्त्री उपासना भारद्वाज ने कहा कि मुख्य आंकड़े व्यापक रूप से मजबूत वृद्धि का संकेत देते हैं। उन्होंने कहा-विनिर्माण गतिविधियां भी अच्छी रही हैं, और निर्माण से जुड़े और निवेश क्षेत्रों का प्रदर्शन भी बेहतर रहना चाहिए। हालांकि, कृषि क्षेत्र की वृद्धि धीमी पड़ सकती है। हमारा अनुमान है कि चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रहेगी और पूरे वित्त वर्ष के लिए यह आंकड़ा 7.6 प्रतिशत के करीब रहेगा। 31 मई, 2023 को जारी अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 की मार्च तिमाही में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रही थी। पूरे वित्त वर्ष 2022-23 के लिए यह आंकड़ा सात प्रतिशत था। भारद्वाज ने कहा-हम सेवा क्षेत्र और औद्योगिक क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों में कुछ नरमी देख रहे हैं। यही कारण है कि चौथी तिमाही में सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 5.7 प्रतिशत और जीडीपी वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। जीडीपी एक निश्चित अवधि में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं का कुल मूल्य होता है।

घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय संस्थान जता रहे सात प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान

ईवाई इंडिया के मुख्य नीति सलाहकार डी के श्रीवास्तव ने कहा कि घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय संस्थान दोनों 2024-25 में भारत के लिए सात प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान जता रहे हैं। श्रीवास्तव ने कहा-बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर संभवत: 6.5 प्रतिशत से अधिक रहेगी। ऐसे में पूरे वित्त वर्ष के लिए यह आंकड़ा 7.8 प्रतिशत रहेगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) का अनुमान भी यही है। एक अन्य रेटिंग एजेंसी इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च का अनुमान है कि 2023-24 की चौथी तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत रहेगी। घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को कहा था कि बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में भारत की जीडीपी की वृद्धि दर चार तिमाहियों के निचले स्तर 6.7 प्रतिशत पर आ जाएगी।

वाहनों की तरह फसलों का बीमा करेंगे एजेंट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

नई व्यवस्था

● प्रदेश में खरीफ से होगी शुरुआत एआईडीई एप से होगा बीमा

● कंपनियां बनाएंगी ब्लॉकों पर एजेंट, किसानों को मिलेगी सुविधा

अमृत विचार : प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसलों का बीमा गांव-गांव जाकर एजेंट करेंगे। नई व्यवस्था के तहत बीमा कंपनियां ब्लॉकों पर अपने एजेंट बनाएंगी। जो गैरऋणी किसानों से संपर्क कर एडवांस्ड इंटूजन डिटेक्शन एनवायरनमेंट (एआईडीई) एप पर वाहनों की तरह फसलों का बीमा करेंगे। एजेंटों को 30 से 32 रुपये कमीशन कंपनियां देंगी।

केंद्र सरकार ने 2023 में एआईडीई एप लांच किया था और शुरुआत मध्य प्रदेश व राजस्थान ने की थी लेकिन, पूरी तरह से एप का संचालन नहीं हो पाया था। नतीजा पुरानी व्यवस्था के तहत फसलें बीमित हुईं। लेकिन, इस वर्ष केंद्र सरकार ने सभी राज्यों में एजेंट बनाकर बीमा कराने पर जोर दिया है। इससे की ज्यादा से ज्यादा फसलें बीमित की जा सके। उत्तर प्रदेश में इस खरीफ सीजन में यह प्रक्रिया शुरू होगी। इसके लिए केंद्र ने अनुबंधित कंपनियों के प्रतिनिधियों को वर्चअुल प्रशिक्षण दिया है।

कॉमन सर्विस सेंटर लेते ज्यादा शुल्क: गैरऋणी किसान यानी जो किसान क्रेडिट कार्ड धारक नहीं है वह कॉमन सर्विस सेंटर से सीधे फसलों का बीमा कराते हैं। इसमें किसानों को भागदौड़ करना होता है। कभी पोर्टल नहीं चला तो कहीं ओटीपी की समस्या भी झेलते हैं। बीमा करने पर संचालक सुविधा शुल्क लेते हैं। जबकि प्रक्रिया निशुल्क है और बीमा कंपनी पॉलिसी होने पर खुद शुल्क अदा करती है। हालांकि सेंटरों पर पहले की तरह बीमा किए जाएंगे। इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड धारकों की फसलों का बीमा बैंकें ही करेंगी।

> खरीफ में एजेंटों के माध्यम से फसलों का बीमा कंपनियां करेंगी। जबकि पुरानी प्रक्रिया भी चलेगी। किसान सुविधानुसार बीमा करा सकते हैं। कॉमन सर्विस सेंटरों पर सुविधा शुल्क लेने पर कार्रवाई करेंगे।
>
> **-उमा शंकर सिंह,** उपनिदेशक फसल बीमा एवं सांख्यिकी, कृषि निदेशालय।

आरबीआई को संभवत: हुआ है तीन लाख करोड़ का लाभ : सुभाष चंद्र गर्ग

नई दिल्ली, एजेंसी

● पूर्व वित्त सचिव बोले-सरकार को रिकॉर्ड लाभांश देने का है कारण

पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का सरकार को रिकॉर्ड 2.11 लाख करोड़ करोड़ रुपये का लाभांश देने का कारण संभवतः अधिक लाभ का होना है। हालांकि, इसका अर्थव्यवस्था पर प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि सरकार इसका उपयोग किस सीमा तक उधारी कम करने या व्यय बढ़ाने के लिए करती है।

उल्लेखनीय है कि आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की पिछले सप्ताह 608वीं बैठक में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश भुगतान को मंजूरी दी है। यह केंद्रीय बैंक की ओर से अबतक का सर्वाधिक लाभांश भुगतान होगा। यह चालू वित्त वर्ष के बजट अनुमान की तुलना में दोगुना से भी अधिक है। अंतरिम बजट में सरकार ने आरबीआई और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों से कुल 1.02 लाख करोड़ रुपये की लाभांश आय का अनुमान जताया था। केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 87,416 करोड़ रुपये का लाभांश सरकार को दिया था। गर्ग ने कहा-आरबीआई के अत्यधिक लाभांश का सबसे स्पष्ट कारण बड़ा मुनाफा हो सकता है। हालांकि, अभी आरबीआई की बैलेंस शीट प्रकाशित नहीं हुई है, लेकिन इसके लगभग तीन लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

एफपीआई ने अब तक शेयरों से 22,000 करोड़ रुपये निकाले

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता और बाजारों के बेहतर प्रदर्शन के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अब तक भारतीय शेयरों से 22,000 करोड़ रुपये की भारी निकासी की है। इससे पहले मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में निरंतर वृद्धि को लेकर चिंता के बीच एफपीआई ने अप्रैल में शेयरों से 8,700 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की थी। वहीं एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ और फरवरी में 1,539 करोड़ का निवेश किया था।

भारत के शीर्ष 10 साझेदारों में से नौ के साथ हुआ व्यापार घाटा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत को वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान चीन, रूस, सिंगापुर और दक्षिण कोरिया समेत शीर्ष 10 व्यापारिक साझेदारों में नौ के साथ व्यापार घाटे का सामना करना पड़ा है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है।

व्यापार घाटा, आयात और निर्यात के बीच का अंतर है। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि बीते वित्त वर्ष में 2022-23 की तुलना में चीन, रूस, दक्षिण कोरिया और हांगकांग के साथ घाटा बढ़ गया। दूसरी ओर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, रूस, इंडोनेशिया और इराक के साथ व्यापार घाटे में कमी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में चीन के साथ व्यापार घाटा बढ़कर 85 अरब डॉलर, रूस के साथ 57.2 अरब डॉलर, दक्षिण कोरिया के साथ 14.71 अरब डॉलर और हांगकांग के साथ 12.2 अरब डॉलर हो गया। चीन के साथ दोतरफा व्यापार 2023-24 में 118.4 अरब डॉलर रहा, और वह अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया। भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2023-24 में 118.28 अरब डॉलर रहा।

नियुक्ति में विफल रहने पर आईओसी, गेल व ओएनजीसी पर जुर्माना

नई दिल्ली। इंडियन ऑयल, ओएनजीसी और गेल (इंडिया) लिमिटेड सहित सार्वजनिक क्षेत्र की कई तेल एवं गैस कंपनियों पर सूचीबद्धता अनिवार्यता को पूरा करने के लिए निदेशक मंडल में जरूरी संख्या में निदेशकों की नियुक्ति में विफल रहने को लेकर 34 लाख का जुर्माना लगाया गया है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), हिंदुस्तान पे. कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल), भारत पे. कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी), ऑयल इंडिया लि. आदि पर जुर्माना लगाया है।

10 साल बाद केकेआर ने जीता खिताब

कोलकाता नाइट राइडर्स ने तीसरी बार हासिल की आईपीएल ट्रॉफी, हैदराबाद को सस्ते में समेट कर आठ विकेट से हराया



चेन्नई, एजेंसी

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद वेंकटेश अय्यर के नाबाद अर्धशतक से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के एकतरफा फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर तीसरा खिताब अपनी झोली में डाला। केकेआर ने गौतम गंभीर की कप्तानी में 2012 और 2014 में आईपीएल ट्राफी जीती थी। अब गुरू गंभीर ने कुशल रणनीतिकार के तौर पर केकेआर को तीसरी ट्राफी दिलाई। केकेआर इस तरह चेन्नई सुपर किंग्स (पांच) और मुंबई इंडियंस (पांच) के बाद तीन आईपीएल खिताब जीतने वाली तीसरी टीम बनी।

गंभीर के अलावा मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित ने इस खिताब को दिलाने में अहम भूमिका निभाई जो जानते हैं कि रणजी ट्रॉफियां

कैसे जीती जाती हैं। इस सत्र का सबसे बड़ा स्कोर (तीन विकेट पर 287 रन) बनाने वाली सनराइजर्स हैदराबाद फाइनल में लड़खड़ा गई और टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने के बाद 18.3 ओवर में महज 113 रन पर ढेर हो गई। यह आईपीएल फाइनल का सबसे कम स्कोर भी रहा। इस सत्र में शुरू से दबदबा बनाने वाले केकेआर के लिए यह लक्ष्य बनाना महज औपचारिकता थी, उसने वेंकटेश अय्यर (नाबाद 52 रन) और रहमनुल्लाह गुरबाज (39 रन) की मदद से यह स्कोर 10.3 ओवर में दो विकेट पर 114 रन बनाकर हासिल कर लिया। वेंकटेश अय्यर ने 26 गेंद में चार चौके और तीन छक्के लगाये जबकि गुरबाज ने 32 गेंद में पांच चौके और दो छक्के जड़े। गुरबाज ने स्टंप के पीछे तीन शानदार कैच भी लपके। कप्तान के तौर पर यह श्रेयस अय्यर का दूसरा फाइनल था, उन्होंने तीन गेंद में नाबाद 6 रन बनाए। केकेआर की जीत के नायक रहे उसके गेंदबाज जिसमें मिचेल स्टार्क नीलामी में मिली रिकॉर्ड राशि को सही साबित करते हुए तीन ओवर में 14 रन देकर दो विकेट चटकाए। आंद्रे रसेल ने मध्य के ओवरों में शिकंजा कसा और 2.3 ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट झटके। हर्षित राणा ने चार ओवर में एक मेडन से 24 रन देकर दो विकेट हासिल किए। केकेआर की शानदार गेंदबाजी के सामने सनराइजर्स हैदराबाद का कोई भी बल्लेबाज टिककर नहीं खेल सका।

हैदराबाद 113/10 — 18.3 ओवर, अतिरिक्त : 13

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
अभिषेक शर्मा बोल्ड स्टार्क	2	5	0/0
ट्रेविस हेड कैच गुरबाज बो वैभव	0	1	0/0
राहुल त्रिपाठी कैच रमनदीप बो स्टार्क	9	13	1/0
एडेन मारक्रम कैच स्टार्क बो रसल	20	23	3/0
नीतिश रेड्डी कैच गुरबाज बो हर्षित राणा	13	10	1/1
हेनरिच क्लासेन बोल्ड हर्षित राणा	16	17	1/0
शहबाज अहमद कैच नरेन बो वरूण	8	7	0/1
अब्दुल शमद कैच गुरबाज बो रसल	4	4	0/0
पैट कमिंस कैच स्टार्क बो रसल	24	19	2/1
जयदेव उनादकट पगबाधा नारायण	4	11	0/0
भुवनेश्वर कुमार नाबाद	0	1	0/0

गेंदबाजी : स्टार्क 3-0-14-2, वैभव अरोरा 3-0-24-1, हर्षित राणा 4-0-24-2, नारायण 4-0-16-1, आंद्रे रसल 2.3-0-20-3, वरूण चक्रवर्ती 2-0-9-1

कोलकाता 114/2 — 10.3 ओवर, अतिरिक्त : 11

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
रहमानउल्लाह गुरबाज पगबाधा शाहबाज	39	32	5/2
नारायण कैच शाहबाज बोल्ड कमिंस	6	2	0/1
वेंकटेश अय्यर नाबाद	52	26	4/3
श्रेयस अय्यर नाबाद	6	3	1/0

गेंदबाजी : भुवनेश्वर कुमार 2-0-25-0, पैट कमिंस 2-0-18-1, थंगारसु नटराजन 2-0-29-0, शाहबाज अहमद 2.3-0-22-1 जयदेव उनादकट 1-0-9-0, एडन मारक्रम 1-0-5-0

खेल डायरी

एशियाई चैंपियनशिप में दीपा ने स्वर्ण जीत रचा इतिहास

ताशकंद। शीर्ष भारतीय जिमनास्ट दीपा करमाकर रविवार को यहां महिला वॉल्ट स्पर्धा में पीला तमगा हासिल कर एशियाई सीनियर चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली देश की पहली जिमनास्ट बन गईं। दीपा (30 वर्ष) ने प्रतियोगिता के आखिरी दिन वॉल्ट फाइनल में 13.566 का औसत स्कोर बनाया। उत्तर कोरिया की किम सोन हयांग (13.466) और जो क्योंग ब्योल (12.966) ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते। रियो ओलंपिक 2016 में वॉल्ट फाइनल में चौथे स्थान पर रही दीपा ने 2015 चरण में इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। आशीष कुमार ने 2015 एशियाई चैम्पियनशिप में व्यक्तिगत फ्लोर एक्सरसाइज में कांस्य पदक जीता था। प्रणति नायक ने भी 2019 और 2022 चरण में वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया था। डोपिंग उल्लघंन के कारण 21 महीने के निलंबन के बाद पिछले साल वापसी करने वाली दीपा आगामी पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर हैं।

फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में पहुंची ओसाका

पेरिस। जापान की नाओमी ओसाका ने फ्रेंच ओपन 2024 के शुरुआती दिन रविवार को यहां लूसिया ब्रोंजेटी के खिलाफ महिला एकल के शुरुआती दौर में संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की। फ्रेंच ओपन टेनिस में सातवीं बार खेल रही ओसाका ने शुरुआती सेट की निराशा से उबरते हुए विश्व रैंकिंग में 48वें पायदान पर काबिज ब्रोंजेटी पर 1-6, 6-4, 7-5 की जीत दर्ज की। रोलां गैरां में ब्रोंजेटी की तीन प्रयास में यह तीसरी हार है। दयान यास्त्रेमस्का ने अजला टोमलजानोविक को शिकस्त दी तो वहीं डोना वेकिच के खिलाफ पीठ दर्द की समस्या के कारण लेसिया त्सुरेंको पहले सेट के बीच में ही मैच से हट गईं। पुरुषों के ड्रा में विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज आंद्रे रुबलेव ने टारो डेनियल को हराया।

श्रीहरि ने मेयर नोस्ट्रम तैराकी में रजत जीता

नई दिल्ली। भारत के अनुभवी तैराक श्रीहरि नटराज ने फ्रांस में चल रहे 30वें मेयर नोस्ट्रम तैराकी टूर्नामेंटमें 50 मीटर बैकस्ट्रोक में रजत पदक जीता। तोक्यो ओलंपिक खेल चुके नटराज ने 25.50 सेकंड का समय निकालकर हंगरी के एडम जारस्जो के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। ब्रिटेन के स्कॉट गिब्सन को कांस्य पदक मिला। नटराज का इस वर्ग में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 25.11 सेकंड का है। 50 मीटर बैकस्ट्रोक ओलंपिक स्पर्धा नहीं है। पेरिस ओलंपिक के लिए अभी तक कोई भारतीय तैराक क्वालीफाई नहीं कर सका है। तोक्यो ओलंपिक में साजन प्रकाश और नटराज ने क्वालीफाई किया था।

भारतीय महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना से हारी

एंटवर्प (बेल्जियम)। भारतीय महिला हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग के बेल्जियम चरण में हार का सिलसिला जारी रहा और उसे रविवार को अर्जेंटीना से 0-3 से पराजय मिली। भारत के बेल्जियम चरण के अंतिम मैच में अर्जेंटीना के लिए सेलिना डि सैंटो (पहले मिनट), मारिया कैंपॉय (39वें) और मारिया ग्रेनाटो (47वें मिनट) ने गोल किए। अर्जेंटीना ने पहले ही मिनट में बढ़त बना ली जब डि सैंटो ने ग्रेनाटो के शॉट पर गोल दागा। दीपिका भारतीय टीम को मिले एक पेनल्टी कॉर्नर का फायदा नहीं उठा सकीं। भारत को तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन कोई गोल नहीं हुआ।

लिम से हारी दीपिका, विश्व कप से लौटेंगी खाली हाथ

येचियोन (दक्षिण कोरिया)। मां बनने के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वापसी कर रही दीपिका कुमारी तीरंदाजी विश्व कप में लगातार दूसरे पदक से चूककर दुनिया की दूसरे नंबर की तीरंदाज लिम सिहियोन और तीसरे नंबर की अलेजांद्रा वालेंशिया से हार गई। भारतीय तीरंदाजों को विश्व कप के दूसरे चरण से रिकर्व वर्ग से खाली हाथ लौटना पड़ेगा जबकि कंपाउंड वर्ग में एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता है। रिकर्व स्पर्धाएं ओलंपिक का हिस्सा हैं। भारत ने कंपाउंड वर्ग में महिला टीम स्पर्धा का स्वर्ण और मिश्रित टीम स्पर्धा का रजत पदक जीता है लेकिन दीपिका को छोड़कर रिकर्व वर्ग में कोई तीरंदाज पदक दौर में नहीं पहुंचा। दक्षिण कोरिया की 20 वर्ष की लिम ने सेमीफाइनल में जीत दर्ज की।

फाइनल में फिर नरम पड़ी सिंधू की कलाई

कुआलालंपुर, एजेंसी

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू का पिछले दो साल से चला आ रहा खिताब का इंतजार और लंबा हो गया क्योंकि उन्हें मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में रविवार को यहां विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज चीन की वांग झी यी से हार का सामना करना पड़ा। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता सिंधू तीन गेम तक चले 79 मिनट के मुकाबले के निर्णायक गेम में 11-3 की बड़ी बढ़त के बावजूद 21-16 5-21 16-21 से हार गई। वांग ने वापसी करते हुए आखिरी 23 में से 18 अंक जीत कर खिताब अपने नाम किया।

विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सिंधू इससे पहले 2022 सिंगापुर ओपन खिताब अपने नाम करने में सफल रही थी और पिछले साल मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में उपविजेता रही थी। पांचवी वरीयता प्राप्त सिंधू अगर चैंपियन बनती तो

● मलेशिया मास्टर्स के खिताबी मुकाबले में वांग से हारीं सिंधू

सोने पर सुहागा होता लेकिन फाइनल तक के सफर में इस प्रभावशाली प्रदर्शन से पेरिस ओलंपिक से पहले उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। सिंधू मैच के अधिकांश मौजूदा एशियाई चैंपियन वांग के खिलाफ दबदबा बनाने में सफल रही लेकिन निर्णायक गेम में ब्रेक के बाद उन्होंने लय गंवा दी और वांग ने शानदार वापसी कर जीत दर्ज की।

दिलचस्प बात यह है कि सिंधू ने अपना पिछला फाइनल सिंगापुर ओपन में वांग के खिलाफ ही जीता था। वह हालांकि पिछले साल आर्कटिक ओपन में वांग से हार गई थीं, लेकिन उन्होंने इससे पहले तीन मुकाबलों में चीन की खिलाड़ी को दो बार हराया था।

सिंधू ने पिछले काफी समय से कैरोलिना मारिन, ताई त्जु यिंग, चेन यू फेई और अकाने यामागुची जैसी बड़ी खिलाड़ियों को हराने में विफल रही है और पेरिस ओलंपिक में उन्हें इन खिलाड़ियों के कड़ी चुनौती मिल सकती है। घुटने की चोट से उबर कर खेलों में वापसी कर रही सिंधू का फाइनल में पहुंचने से आत्मविश्वास जरूर बढ़ेगा। सिंधू अब मंगलवार से शुरू होने वाले सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगी। यह खिलाड़ी बेंगलुरु के प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी में अभ्यास करती हैं। वह वांग के खिलाफ जीतने की स्थिति में होने के बावजूद मैच गंवाने की खामी को दूर करना चाहेंगी।

टी20 में वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका को 16 रन से हराया

किंगस्टन। रॉस्टन चेज नाबाद (67) और कप्तान ब्रैंडन किंग (36) की शानदार बल्लेबाजी और उसके बाद गुडाकेश मोती की 22 रन पर तीन विकेट की घातक गेदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने दूसरे टी-20 में मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 16 रन से हरा दिया है। इसी के साथ वेस्टइंडीज तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है।

शनिवार देर रात सबाइना पार्क में 208 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 81 रन जोड़े। डिकॉक 17 गेंदों में 41 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, हेंड्रिक्स 18 गेंदों में 34 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका का कोई भी बल्लेबाज गेंदबाजों के आगे नहीं टिक सका। दक्षिण अफ्रीका सात विकेट पर 191 रन ही बना सकी और 16 रन से मुकाबला हार गई।

प्रशासक की नियुक्ति के बाद विकल्प तलाश रहा है ईएफआई

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) अपने कामकाज के संचालन के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा तदर्थ समिति के गठन के बाद कानूनी विकल्पों पर विचार कर रहा है। ईएफआई ने कहा कि अदालत के इस फैसले से इस गरीब खेल महासंघ पर भारी वित्तीय बोझ पड़ जाएगा जो या तो समिति को फीस दे सकता है या खेल के विकास के लिए काम कर सकता है। अदालत ने राजस्थान घुड़सवारी संघ की याचिका पर यह फैसला सुनाया था।

आरईए ने ईएफआई कार्यकारी समिति के सदस्यों के कार्यकाल में विस्तार को चुनौती देते हुए कहा था कि यह खेल कोड के खिलाफ है। एक अलग याचिका में आरईए ने आरोप लगाया था कि ईएफआई ने क्लबों और संस्थानों को मताधिकार देकर खेल कोड का उल्लंघन किया

है क्योंकि प्रदेश संघों को ही मतदान का अधिकार है। ईएफआई के एक सूत्र ने कहा हमारा सालाना राजस्व दो करोड़ रूपये हैं और कम से कम एक करोड़ तदर्थ समिति की फीस में चला जाएगा अगर वह एक साल तक काम करती है। आदेश के तहत ईएफआई को समिति के अध्यक्ष को प्रतिमाह पांच लाख रूपये और दो सदस्यों को एक एक लाख रूपये देने होंगे। ईएफआई गरीब महासंघ है और इतना पैसा एक समिति को नहीं दे सकता। ईएफआई के चयनित सदस्यों ने अपने काम के लिये एक रूपया तक नहीं लिया है। वे निस्वार्थ काम करते आये हैं। अगर समिति को भुगतान करना पड़ा तो कोचिंग शिविर बंद करने पड़ेंगे तथा टूर्नामेंटों की संख्या में कटौती करनी होगी।

अमेरिका में ऐतिहासिक होगा टी-20 विश्व कप : प्रधान

न्यूयॉर्क, एजेंसी

न्यूयॉर्क में भारत के महा वाणिज्यदूत बिनय श्रीकांत प्रधान ने कहा है कि अमेरिका में टी20 विश्व कप ऐतिहासिक टूर्नामेंट होगा जिसे लेकर भारतवंशियों के साथ अमेरिकी लोगों में भी इसे लेकर काफी उत्साह है और क्रिकेट को देश में मुख्यधारा में लाने में यह अहम भूमिका निभाएगा।

प्रधान ने कहा पहली बार अमेरिकी धरती पर क्रिकेट का विश्व कप खेला जा रहा है। इसे लेकर भारतवंशियों में ही नहीं बल्कि अमेरिका के लोगों में भी भारी उत्साह है।अमेरिकी कांग्रेस सदस्य, सीनेटर, जन प्रतिनिधि सभी इसके बारे में बात कर रहे हैं। टी20 विश्व कप अमेरिका और वेस्टइंडीज में दो से 29 जून तक खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट टीम पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ यहां नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में अपने अभियान का आगाज करेगी। भारत और पाकिस्तान का मैच यहां नौ जून को होना है। प्रधान ने कहा मुझे यकीन है कि यह ऐतिहासिक आयोजन होगा। टीम इंडिया कई तरह से भारत का प्रतिनिधित्व करती है। हम उनका स्वागत करने को बेताब हैं और उनकी हौसलाअफजाई भी करेंगे। भारतीय टीम पहली बार अमेरिका की टीम से खेलेगी, यह बड़ा पल होगा। भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर उन्होंने कहा इसे लेकर काफी उत्साह है। कई जानी-मानी हस्तियां इसे देखने पहुंचेंगी। बाकी मैच भी महत्वपूर्ण हैं लेकिन भारत-पाकिस्तान मैच हमेशा चर्चा का केंद्रबिंदु रहता है।

बॉलीवुड हलचल

मनोरंजन से भरपूर होगी मिस्टर एंड मिसेज माही

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही, मनोरंजन से भरपूर फिल्म है और उसमें दर्शकों को रोमांस, इमोशन,फाइट सब कुछ देखने को मिलने वाला है। राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। राजकुमार राव ने बताया है कि फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में दर्शकों को रोमांस, इमोशन,फाइट सब कुछ देखने को मिलने वाला है। उन्होंने बताया, मिस्टर एंड मिसेज माही यह आप सभी की कहानी है। इस फिल्म में मेरे किरदार का नाम है महेंद्र, जो एक असफल क्रिकेटर है। महेंद्र अपना सपना पत्नी के जरिए जीते हैं। पहले महिमा क्रिकेट खेलती थीं और महेंद्र उन्हें सपोर्ट करेंगे। शरण शर्मा द्वारा निर्देशित और जी स्टूडियो और धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, मिस्टर एंड मिसेज माही 31 मई को रिलीज होगी।

मिस्टर इंडिया का सीक्वल बनाने के लिए बेताब बोनी

मुंबई। बॉलीवुड के जाने-माने फिल्मकार बोनी कपूर अपनी सुपरहिट फिल्म मिस्टर इंडिया का सीक्वल बनाने के लिए बेताब हैं। बोनी कपूर ने वर्ष 1987 में अनिल कपूर, श्रीदेवी और अमरीशपुरी को लेकर सुपरहिट फिल्म मिस्टर इंडिया बनाई थी। शेखर कपूर के निर्देशन में बनी फिल्म मिस्टर इंडिया, 25 मई 1987 को प्रदर्शित हुई थी। मिस्टर इंडिया के सीक्वल पर बोनी कपूर ने एक अपडेट दिया है। इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें 'मिस्टर इंडिया' के सेट से पर्दे के पीछे की कई फोटोज हैं। बोनी ने कैप्शन में लिखा, दिखाई नहीं देने वाली घड़ी अभी भी ऑर्बिट में है। इसने 37 साल पूरे कर लिए हैं। इस जादू को फिर से चलाने के लिए रिचार्ज हो रहा हूं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

अब कतर एयरवेज टर्बुलेंस में फंसा, 12 लोग घायल

लंदन, एजेंसी

- दोहा से डबलिन जा रहा था विमान तुर्की में झेला टर्बुलेंस

दोहा से डबलिन जा रहा कतर एयरवेज का एक विमान एयर टर्बुलेंस (वायुमंडलीय विक्षोभ) में फंस गया। फ्लाइट क्यूआर017 का टर्बुलेंस से सामना तुर्किये के ऊपर से उड़ान भरते वक्त हुआ। इस घटना में 6 क्रू मेंबर समेत 12 लोग घायल हो गए। कतर एयरवेज के मुताबिक विमान सुरक्षित रूप से डबलिन में उतरा गया। कुछ यात्रियों को चोटें आई हैं। उनका इलाज किया जा रहा है।

इससे पहले 21 मई को सिंगापुर की फ्लाइट टर्बुलेंस में फंस गई थी। उस हादसे में एक शख्स की मौत हो गई थी जबकि 30 से ज्यादा पैसेंजर घायल हो गए थे। डबलिन एयरपोर्ट अथॉरिटी के रिलेशन मैनेजर ग्रीम मैक्वीन ने कहा बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर रविवार दोपहर एक बजे (1200 जीएमटी) से कुछ पहले डबलिन हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतर गया। आपातकालीन सेवाएं पहले से ही हवाई अड्डे पर पहुंच चुकी थी।

क्या होता है टर्बुलेंस

विमान में टर्बुलेंस या हलचल का मतलब होता है- हवा के उस बहाव में बाधा पहुंचना, जो विमान को उड़ने में मदद करती है। ऐसा होने पर विमान हिलने लगता है और अनियमित वर्टिकल मोशन में चला जाता है यानी अपने नियमित रास्ते से हट जाता है। इसी को टर्बुलेंस कहते हैं। टर्बुलेंस की वजह से विमान में यात्रियों को ऐसा लगता है, जैसे विमान गिरने वाला है।

अमेरिका के कई प्रांतों में शक्तिशाली तूफान से 11 लोगों की मौत

वैली व्यू (अमेरिका)। अमेरिकी प्रांत टेक्सास, ओक्लाहोमा और अरकंसास में शक्तिशाली तूफान के कारण दो बच्चों समेत कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

पूरे क्षेत्र में रात भर खराब मौसम रहने के बाद आपातकालीन टीम गंभीर रूप से प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की मदद के लिए रवाना हुई। तूफान की वजह से हजारों घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में बिजली गुल हो गई।

अधिकारियों ने कहा कि कई लोग घायल हुए हैं। टेक्सास में, कुक काउंटी के शेरिफ ने कहा कि मारे गए सात लोगों में 2 और 5 साल के दो बच्चे भी शामिल हैं। तूफान से ट्रकों का एक ठहरावस्थल भी क्षतिग्रस्त हो गया जहां दर्जनों लोग शरण लेने के लिए पहुंचे थे।

सस्ते में मिले कार पॉलिसी तो सावधान इंश्योरेंस लेने से पहले चेक करें ये चीजें

एक मिडिल क्लास व्यक्ति के लिए कार खरीदना एक बड़ी उपलब्धि है। जब भी हम कोई कार खरीदते हैं तो अगला कदम उसका इंश्योरेंस करवाना होता है। इंश्योरेंस आपको कार के क्षतिग्रस्त होने, चोरी होने, एक्सीडेंट होने या किसी अन्य तरह के नुकसान पर आर्थिक सुरक्षा देता है। इंश्योरेंस सेक्टर इन दिनों बूम पर है। इसमें कई छोटी और मंझोली कंपनियों ने भी इंवेस्ट किया है। इस भीड़ का फायदा उठाकर कुछ सेल (खरीदने-बेचने वाली) कंपनियां भी इस सेक्टर में घुस गई हैं। यही वजह है कि इंश्योरेंस स्कैम का खतरा भी काफी बढ़ गया है। कार इंश्योरेंस स्कैम के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। हर साल सैकड़ों की संख्या में लोग इस स्कैम का शिकार हो रहे हैं। लोग सस्ता इंश्योरेंस लेने के चक्कर में इन स्कैमर्स के जाल में फंस जाते हैं। जब उस इंश्योरेंस के जरिए गाड़ी ठीक कराने की बारी आती है, तब पता चलता है कि उनके साथ फ्रॉड हो गया है। लोग कार खरीदते समय मॉडल से लेकर कलर तक खूब जांच-पड़ताल करते हैं, लेकिन कार इंश्योरेंस पर इतना ध्यान नहीं देते क्योंकि ज्यादातर लोगों लगता है कि वाहन का इंश्योरेंस एक अनावश्यक खर्च है।

इस तरह चैक करें इंश्योरेंस असली है या नकली

ज्यादातर कार इंश्योरेंस स्कैम ऑनलाइन किए जाते हैं, जिसमें लोगों को हैवी डिस्काउंट का लालच दिया जाता है। लोगों को लगता है कि शॉपिंग वेबसाइट्स की तरह यहां भी कोई डिस्काउंट सेल चल रही है। ध्यान रहे कि सही इंश्योरेंस कंपनी द्वारा ऑनलाइन या ऑफलाइन ऑफर वाली प्रीमियम प्राइसिंग में कोई अंतर नहीं आता है। ऑनलाइन बस आप यह आसानी से देख सकते हैं कि आपको यह पर्टिकुलर सर्विस चाहिए या नहीं। इसलिए प्राइसिंग में अंतर होने पर सतर्क हो जाएं।

इस तरह बचें स्कैम से, बरतें यह सावधानियां

बीमा कंपनी और एजेंट के बारे में रिसर्च जरूर करें। इंश्योरेंस से जुड़ी सभी शर्तों को बहुत ध्यान से पढ़ें। इसके अलावा पॉलिसी से जुड़ी जानकारी को कंपनी की वेबसाइट पर ऑनलाइन जरूर चेक करें। बीमा कंपनी द्वारा दी जा रही कार पॉलिसी का नंबर जरूर चेक करें। जिस कंपनी से आप बीमा करा रहे हैं, उस नाम की कोई कंपनी है या नहीं, यह जानने के लिए इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (आईआरडीएआई) के पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन चेक जरूर करें। हर बीमा कंपनी को एक यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर दिया जाता है। यह नंबर इंश्योरेंस पॉलिसी में भी रहता है। अगर आपकी इंश्योरेंस पॉलिसी में यूआईडी नंबर नहीं है तो पॉलिसी नकली है।

कार इंश्योरेंस स्कैम क्या है

कार इंश्योरेंस स्कैम फर्जी बीमा कंपनियों, धोखाधड़ी करने वाले एजेंट या बिचौलियों के द्वारा किया जाता है। स्कैमर मार्केट रेट से काफी कम रूपये में कार का इंश्योरेंस करने का लालच देते हैं। इसलिए लोग आसानी से उनके झांसे में आ जाते हैं और इंश्योरेंस करवा लेते हैं। इस स्कैम को इतनी सफाई से अंजाम दिया जाता है कि धोखाधड़ी का शिकार लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगती। वे लगातार अपने इंश्योरेंस की सालाना किस्त भरते रहते हैं। धोखे का पता तब चलता है, जब कभी गाड़ी चोरी हो जाए या एक्सीडेंट हो जाए और मुआवजा लेने की नौबत आए।

कार इंश्योरेंस के प्रकार

कार इंश्योरेंस मुख्य रूप से तीन तरह के होते हैं। थर्ड पार्टी इंश्योरेंस- मोटर व्हीकल एक्ट ऑफ इंडिया, 1988 के मुताबिक सभी वाहनों के लिए थर्ड पार्टी इंश्योरेंस लेना अनिवार्य है। यानी अगर आपकी कार से किसी को कोई चोट या नुकसान पहुंचता है तो इंश्योरेंस कंपनी उसके लिए मुआवजे का भुगतान करेगी। ऑन डैमेज इंश्योरेंस- इसमें सड़क दुर्घटना होने पर वाहन को होने वाले नुकसान को कवर किया जाता है। यह इंश्योरेंस शारीरिक चोट या मृत्यु के लिए भी कवरेज देता है। कॉम्प्रेहेंसिव इंश्योरेंस- इस पॉलिसी में हादसा होने, वाहन चोरी होने और प्राकृतिक आपदा होने पर भी क्लेम मिलता है।

एक नजर

पाकिस्तान में बस को जलाया यात्रियों को किया प्रताड़ित

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों ने एक बस को जला दिया और उसके यात्रियों को प्रताड़ित किया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। यह घटना शनिवार को उस समय हुई जब द्राजिंदा से डेरा इस्माइल खान जा रही बस को दराबान तहसील में टीटीपी आतंकवादियों ने रोक लिया और यात्रियों को जबरन उतार दिया। पुलिस अधिकारी ने कहा घटना के दौरान आतंकवादियों ने यात्रियों को उतारने के बाद बस को जला दिया।

सूडान में संघर्ष में 100 से अधिक लोगों की मौत

काहिरा। सूडान के पश्चिम में स्थित दारफुर क्षेत्र में सेना और एक विद्रोही अर्धसैनिक बल के बीच पिछले दो सप्ताह से जारी संघर्ष में कम से कम 123 लोग मारे गए हैं। एक अंतरराष्ट्रीय सहायता समूह ने रविवार को यह जानकारी दी। डॉक्टर्स विदआउट बॉर्डर्स ने कहा कि अल-फसर शहर में हुए इस संघर्ष के दौरान 930 से अधिक लोग घायल हुए हैं। समूह ने कहा कि यह संख्या संघर्ष की भयावहता को दर्शाती है।

ब्रिटेन में विमान दुर्घटना आरएएफ पायलट की मौत

लंदन। ब्रिटेन के लिंकनशायर में ब्रिटिश रॉयल एयर फोर्स (आरएएफ) बेस के पास स्पिटफायर के दुर्घटनाग्रस्त होने से आरएएफ के एक पायलट की मौत हो गयी। आरएएफ के एक प्रवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी। ब्रिटिश मीडिया ने बताया कि विमान अंतरराष्ट्रीय समय के मुताबिक 12 .20 बजे से कुछ समय पहले दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटनाग्रस्त स्पिटफ़ायर ब्रिटेन के युद्ध स्मारक कार्यक्रम में भाग ले रहा था।

जम्मू-कश्मीर के रियासी में पुलिस कांस्टेबल बर्खास्त

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। पिछले साल उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि अनधिकृत रूप से लंबे समय तक बिना बताए अनुपस्थिति रहने और मादक पदार्थों की तस्करी में कथित संलिप्तता के आरोप में यहां के एसएसपी ने कांस्टेबल तारिक हुसैन शाह को बर्खास्त किया है।

अफगानिस्तान में अचानक आई बाढ़ से 15 लोगों की मौत

इस्लामाबाद। अफगानिस्तान के उत्तर-पूर्व क्षेत्र में भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ से एक ही परिवार के 10 सदस्यों समेत कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। असामान्य रूप से भारी मौसमी बारिश देश के कई हिस्सों में कहर बरपा रही है। शनिवार रात आई बाढ़ के कारण उत्तर-पूर्व स्थित बदख्शां और उत्तरी बगलान प्रांत प्रभावित हुए हैं। इस महीने की शुरुआत में भारी बारिश के कारण बगलान प्रांत में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ था।

पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन से 670 की मौत का अनुमान

मेलबर्न। अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने रविवार को अनुमान जताया कि पापुआ न्यू गिनी में बड़े पैमाने पर हुए भूस्खलन से 670 लोगों की मौत होने की आशंका है। दक्षिण प्रशांत द्वीप राष्ट्र में संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी के मिशन के प्रमुख सेरहान एक्टोप्राक ने कहा कि मौत का संशोधित आंकड़ा यमबली गांव और एंगा प्रांतीय अधिकारियों की इस गणना पर आधारित है कि शुक्रवार को भूस्खलन के कारण 150 से अधिक मकान दब गए हैं, जबकि पहले 60 मकान दबने का अनुमान जताया गया था।

इजराइल में नेतन्याहू का विरोध

प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प, गाजा में बंधक बनाए गए लोगों की वापसी की मांग

यरूशलम, एजेंसी

गाजा में हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजराइल के लोगों को वापस लाने की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ तेल अवीव में प्रदर्शन कर रहे लोगों और इजराइली पुलिस के बीच झड़प हुई। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने नेतन्याहू के इस्तीफे की मांग की और उनका विरोध जताया। प्रदर्शनकारी हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजराइलियों को छुड़ाने की मांग कर रहे थे। हमास ने इजराइल पर पिछले साल सात अक्टूबर को हमला कर 1,200 लोगों की हत्या की थी और 250 को बंधक बना लिया था।

प्रदर्शनकारियों ने अब भी बंधक बनाकर रखे गए दर्जनों लोगों को वापस लाने के लिए सरकार से कोई समझौता करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के इस्तीफे और चुनाव कराए जाने की भी मांग की। सभी बंधकों की वापसी के लिए महिला विरोध प्रदर्शन समूह की सदस्य हिलिट सागी ने कहा सरकार द्वारा बंधकों को अपने हाल पर छोड़ दिए जाने के बाद हम चुप नहीं बैठ सकते। इजराइल के हमले के कारण गाजा मानवीय संकट से जूझ रहा है और वहां सहायता सामग्री पहुंचाने के प्रयास जारी हैं। इजराइल ने कहा कि सहायता सामग्री उत्तरी गाजा और अमेरिका द्वारा निर्मित पोतघाट के माध्यम से फलस्तीनी क्षेत्र में पहुंचाई जा रही है।

तेल अवीव में प्रदर्शन करते लोग।

नार्वे ने फिलिस्तीन को देश की मान्यता के सौंपे कागज

ब्रसेल्स। नॉर्वे ने फिलिस्तीनी राष्ट्र को मान्यता देने के लिए राजनयिक कागजात सौंपे। यह एक ऐसा ऐतिहासिक कदम है, जिससे गाजा में पिछले सात महीने से हमास के खिलाफ युद्ध लड़ रहा इजराइल अलग-थलग पड़ सकता है। नॉर्वे के विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ इदे ने प्रधानमंत्री मोहम्मद मुस्तफा को ब्रसेल्स में राजनयिक कागजात सौंपे। नॉर्वे के साथ ही आयरलैंड और स्पेन ने फिलिस्तीनी राष्ट्र को मान्यता देने की प्रतिबद्धता जताई है। नॉर्वे यूरोपीय संघ का हिस्सा नहीं है।

गाजा से हमास ने फिर दागे रॉकेट, तेल अवीव में बजे सायरन

गाजा पट्टी। हमास ने पिछले कुछ महीनों में पहली बार रविवार को गाजा से रॉकेट दागे जिसके बाद इजराइल के तेल अवीव में हमले के सायरन बज उठे। जनवरी के बाद गाजा से किए गए पहले लंबी दूरी के रॉकेट हमले में किसी के हताहत होने या क्षति की तत्काल कोई सूचना नहीं है। फिलिस्तीनी चरमपंथियों ने तब से गाजा सीमा के पास समुदायों को निशाना बनाकर छिटपुट तरीके से रॉकेट और मोर्टार दागना जारी रखा है। हमले का दावा हमास की सैन्य शाखा ने किया। इजराइली सेना ने कहा कि दक्षिणी गाजा शहर रफह के क्षेत्र से दागे गए आठ रॉकेट इजराइल में गिरे। उसने कहा गया कि कई रॉकेट को बीच में ही रोक दिया गया। इससे पहले रविवार को राहत सहायता के साथ ट्रकों ने दक्षिणी इजराइल से गाजा में प्रवेश किया, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि क्या मानवीय सहायता समूह इलाके में जारी लड़ाई के कारण सहायता पहुंचा सकेंगे। मिस्र ने रफह क्रॉसिंग के अपनी ओर के हिस्से को फिर से खोलने से इनकार कर दिया है, जब तक कि गाजा की ओर के हिस्से का नियंत्रण फिलिस्तीनियों को वापस नहीं सौंप दिया जाता। हमास ने उत्तरी गाजा में लड़ाई के दौरान एक इजराइली सैनिक को पकड़ने का दावा किया और शनिवार देर रात एक वीडियो जारी किया जिसमें एक घायल व्यक्ति को सुरंग के माध्यम से घसीटते हुए दिखाया गया है।

1.75 लाख रुपये की साइबर धोखाधड़ी पर मामला दर्ज

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के 33 वर्षीय व्यक्ति से एक जालसाज ने कथित तौर पर 1.75 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। अंबरनाथ पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि व्यक्ति की शिकायत के आधार पर शनिवार को संबंधित प्रावधानों के तहत एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

पीड़ित को 21 मई को एक व्यक्ति का फोन आया जिसने उसे सूचित किया कि जो पार्सल उसने ईरान भेजा था उसे सीमा शुल्क अधिकारियों ने जब्त कर लिया है क्योंकि इसमें लैपटॉप, पेन ड्राइव, कपड़े और चार ईरानी पासपोर्ट के अलावा मादक पदार्थ भी था। पुलिस ने शिकायत के हवाले से बताया कि फोन करने वाले ने उस व्यक्ति को यह भी बताया कि इसके लिए 96,000 रुपये का भुगतान पहले ही किया जा चुका है और पार्सल कुरियर कंपनी को वापस कर दिया गया है।

जब उस व्यक्ति ने कॉल करने वाले को बताया कि उसने ऐसा कोई पार्सल नहीं भेजा है तो उसने उसे मुंबई साइबर पुलिस से संपर्क करने और अपनी आईडी के दुरुपयोग की शिकायत दर्ज करने के लिए कहा। फोन करने वाले ने उस व्यक्ति से यह भी कहा कि अगर वह उनके पास आने में देर करेगा तो पुलिस उसे गिरफ्तार कर लेगी।

रूस का खार्किव पर हवाई हमला, 14 लोगों की मौत

कीव, एजेंसी

- यूक्रेन की उत्तरी सीमा पर आक्रमण तेज कर सकता है रूस: जेलेंस्की
- खार्किव में हुए हमले में 43 लोग घायल, 16 लापता

रूसी सेना के खार्किव में एक बड़े निर्माण आपूर्ति स्टोर पर हवाई हमला किया। हमले में 14 लोगों की मौत हो गई। खार्किव के गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि शनिवार दोपहर को खार्किव हमले में 43 लोग घायल भी हुए और 16 लापता हैं। जेलेंस्की ने खार्किव से एक वीडियो जारी कर कहा कि यूक्रेन की उत्तरी सीमा पर रूस अपना आक्रमण तेज करने की तैयारी कर रहा है। रूस हमारी सीमा के पास सैनिकों का एक और समूह इकट्ठा कर रहा है। उन्होंने यह नहीं बताया कि सैनिकों को कहां इकट्ठा किया जा रहा है, लेकिन यूक्रेन के अधिकारियों ने सुमी क्षेत्र के बारे में कड़ी चिंता व्यक्त की है।

खार्किव शहर और लगभग 250,000 आबादी वाला सुमी, दोनों रूसी सीमा से लगभग 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं। मॉस्को की सेना ने हाल के सप्ताहों में एक व्यापक अभियान के तहत खार्किव क्षेत्र के गांवों पर कब्जा कर लिया है। 10 मई को आक्रमण शुरू होने के बाद से क्षेत्र से 11,000 से अधिक लोगों को निकाला है। यूक्रेन के जनरल स्टाफ के अनुसार, रूसी सेनाएं अग्रिम मोर्चे पर आक्रामक हमले कर रही हैं, जिसमें दोनेत्स्क क्षेत्र की चासिव यार दिशा में भीषण लड़ाई हो रही है।

14 मिसाइल और तीन दर्जन से अधिक ड्रोन दागे

यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा कि वायु रक्षा इकाइयों ने मायकोलाइव, ओडेसा, निप्रॉपेट्रोस, पोल्टावा, जापोरिजिया, खमेलनित्सकी, किरोवोह्रद, विनित्सिया और चेर्निहाइव क्षेत्रों में रूस द्वारा दागे गए 31 ड्रोन और 12 क्रूज मिसाइलों को रोक दिया। यूक्रेन की वायुसेना के एक बयान के अनुसार, कुल मिलाकर रूस ने 14 मिसाइल और तीन दर्जन से अधिक ड्रोन दागे। यह स्पष्ट नहीं है कि जो मिसाइल और ड्रोन मार गिराये गए, उनसे कितना नुकसान हुआ होगा।

सीमा निगरानी पर अमेरिका और द. कोरिया को चेतावनी

सोल, एजेंसी

- उ. कोरिया ने कहा- देश की संप्रभुता व सुरक्षा का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं

उत्तरी कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया पर उसकी देश की सीमा की निगरानी का आरोप लगाया है। इसी के साथ उत्तर कोरिया ने चेतावनी भी दी है कि यदि देश की संप्रभुता और सुरक्षा का उल्लंघन हुआ तो वह इसके खिलाफ जवाबी कार्रवाई जरूर करेगा।

उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्री किम गैंग ने कहा कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया की कठपुतली वायुसेना पूरे दिन बहुत ही कम समय के अंतराल पर हवाई जासूसी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने दक्षिण कोरिया की नौसेना और तट रक्षक पर समुद्री सीमा का उल्लंघन करने और सैन्य तनाव बढ़ाने का भी आरोप लगाया है।

दक्षिण कोरिया ने विकसित की मिसाइल

दक्षिण कोरिया ने लंबी दूरी तक सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एल-एसएएम) प्रणाली का विकास पूरा कर लिया है, जो 50 से 60 किलोमीटर की ऊंचाई पर लक्ष्य को मार गिराने में सक्षम है। योनहाप समाचार एजेंसी ने डीएपीए के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया कि एल-एसएएम का उत्पादन अगले साल शुरू होने की उम्मीद है।

बाइक रैली

रूस के मास्को स्थित विदेश मंत्रालय की प्रसिद्ध इमारत के पास पारंपरिक स्प्रिंग्स मोटरसाइकिल उत्सव पर मोटरसाइकिल रैली में भाग लेते युवा।

युवाओं को देंगे अनिवार्य राष्ट्रीय सेवा

लंदन, एजेंसी

- ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने पहली बड़ी चुनावी घोषणा की

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपनी पहली बड़ी चुनावी घोषणा करते हुए कहा कि यदि कंजर्वेटिव पार्टी 4 जुलाई के चुनाव में जीत दर्ज करती है तो वह युवाओं के लिए अनिवार्य राष्ट्रीय सेवा का एक साहसिक नया रूप पेश करेंगे।

भारतीय मूल के नेता सुनक ने कहा कि उनकी योजना में 18 साल के युवाओं को 12 महीने के लिए पूर्णकालिक सैन्य नियुक्ति का विकल्प दिया जाएगा या एक साल के लिए महीने में एक सप्ताहांत के वास्ते स्वैच्छिक सेवा की योजना दी जाएगी। सैन्य नियुक्ति चयनात्मक होगी, जिसमें पात्रता तय करने के लिए परीक्षा ली जाएगी और इसमें सशस्त्र बल या साइबर रक्षा में काम करना शामिल होगा।

सुनक ने अपनी पार्टी की यह घोषणा करने के लिए एक प्रचार वीडियो में कहा ब्रिटेन में हमारे पास गर्व करने के लिए बहुत कुछ है लेकिन हमारे समाज में एक समस्या यह है कि हमारे पास युवाओं की ऐसी पीढ़ियां हैं जिनके पास वे अवसर नहीं हैं जिनके वे हकदार हैं।

अब तक 122 नेताओं का चुनाव लड़ने से इनकार

लंदन। ब्रिटेन में आम चुनाव की घोषणा के साथ ही पीएम ऋषि सुनक को एक नई समस्या से जूझना पड़ रहा है। सत्ताधारी कंजर्वेटिव पार्टी में लगातार सासंदों का इस्तीफा जारी है। हाल ही में टोरी पार्टी के पुराने नेता माइकल गोव और आंड्रे लिडसम ने राजनीति को अलविदा कह दिया है। इसके साथ ही सुनक की पार्टी में राजनीति से संन्यास लेने वाले कुल सांसदों की संख्या 122 हो गई है। माइकल गोव से पहले रक्षा मंत्री बेन वालेस, पूर्व पीएम थेरेसा मे, साजिद जाविद, डोमिनिक राब, मैट हैनकॉक, नदीम जहावी जैसे दिग्गजों ने भी अगला आम चुनाव लड़ने से मना कर चुके हैं।

गर्व के पल | भारतीय फिल्मकारों के लिए शानदार रहा यह साल

कॉन्स महोत्सव में भारत के नाम तीन पुरस्कार

कान, एजेंसी

भारत के लिए इस साल का कॉन्स फिल्म महोत्सव शानदार रहा और पायल कपाड़िया की ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट, एफटीआईआई के छात्र चिदानंद एस. नाइक की सनफ्लावर वेयर द फर्स्ट वन्स टू नो और द शेमलेस की अनसूया सेनगुप्ता को अलग-अलग श्रेणी में प्रमुख पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

शनिवार को संपन्न हुआ 77वां संस्करण निस्संदेह देश के लिए सबसे अच्छा रहा, इस दौरान आठ भारतीय या भारत पर आधारित फिल्मों को पुरस्कार प्रतिस्पर्धाओं में जगह मिली। भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) की पूर्व छात्रा कपाड़िया ने ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट के लिए ग्रां प्री पुरस्कार जीतने वाली पहले भारतीय फिल्म निर्माता बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा हमारी फिल्म को यहां तक लाने के लिए कॉन्स फिल्म महोत्सव का शुक्रिया।

एक और भारतीय फिल्म के लिए कृपया 30 साल तक इंतजार न करें। फिल्म को पाम डि ओर के बाद महोत्सव के दूसरे सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार ग्रां प्री से सम्मानित किया गया है। अमेरिकी निर्देशक सीन बेकर को अनोरा के लिए सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार पाम डि ओर से सम्मानित किया गया। कनी कुसरुति, दिव्या प्रभा और छाया कदम अभिनीत मलयाली-हिंदी फिल्म ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट मुंबई में सड़क यात्रा पर निकलीं तीन महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमती है। कपाड़िया की फिल्म मुख्य प्रतियोगिता में दिखाई गई पहली भारतीय फिल्म और किसी भारतीय महिला निर्देशक की पहली फिल्म है। इससे पहले आखिरी बार शाजी एन करुण की फिल्म स्वाहम (1994) प्रदर्शित की गई थी।

बुल्गारियन निर्देशक कॉन्स्टेंटिन बोजानोव की द शेमलेस में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली प्रोडक्शन डिजाइनर सेनगुप्ता अन सर्टेन रिगार्ड श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय बनीं। इससे पहले, कॉन्स महोत्सव के लिए चुनी गईं भारतीय फिल्मों में मृणाल सेन की खारिज (1983), एम एस सथ्यू की गर्म हवा (1974), सत्यजीत रे की पारस पत्थर (1958), राज कपूर की आवारा" (1953) वी शांताराम की अमर भूपाली (1952) और चेतन आनंद की नीचा नगर (1946) शामिल हैं।

पुरस्कार के साथ पायल कपाड़िया व अन्य। ● एजेंसी

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में ईसाइयों पर हमले में 25 गिरफ्तार

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में कुरान की बेअदबी के मुद्दे पर अल्पसंख्यक ईसाई समुदाय के सदस्यों और पुलिसकर्मियों पर हमला करने के आरोप में रविवार को 450 से अधिक लोगों पर मामला दर्ज किया गया। मामले में 25 लोगों को आतंकवाद और अन्य आरोपों के तहत गिरफ्तार किया गया।

कट्टरपंथी तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान के कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में गुस्साई भीड़ ने शनिवार को लाहौर से लगभग 200 किमी दूर पंजाब प्रांत के सरगोधा जिले के मुजाहिद कॉलोनी में ईसाई समुदाय के सदस्यों पर हमला कर दिया था। इस हमले में ईसाई समुदाय के दो सदस्य और 10 पुलिसकर्मी घायल हो गए। दर्ज मामले के अनुसार नजीर मसीह पर कुरान के अपमान का आरोप लगाते हुए उनके आवास व फैक्टरी को घेर लिया था।

पुणे कार हादसा

निंदा के लिए दुर्घटनास्थल पर 100 लोगों ने लिखा निबंध

पुणे, एजेंसी

- निबंध प्रतियोगिता का विषय था मेरी पसंदीदा कार, यदि मेरे पिता एक बिल्डर हों और शराब के दुष्प्रभाव

पुणे में कांग्रेस की युवा शाखा ने विरोध प्रकट करने व हादसे की निंदा के लिए रविवार को उस स्थान पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जहां 19 मई को पोर्श कार दुर्घटना में दो इंजीनियरों की मौत हो गई थी।

निबंध प्रतियोगिता में लगभग 100 लोगों ने भाग लिया, जिनमें अधिकतर युवा थे। उन्हें मेरी पसंदीदा कार, यदि मेरे पिता एक बिल्डर हों और शराब के दुष्प्रभाव जैसे विषय पर निबंध लिखने को कहा गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के कांग्रेस विधायक रवींद्र धांगेकर ने भी भाग लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था। यह प्रतियोगिता कल्याणी नगर इलाके में दुर्घटना स्थल पर आयोजित की गई। इस कार को कथित तौर पर एक नाबालिग चला रहा था। पुलिस का दावा है कि जब यह हादसा हुआ उस समय किशोर शराब के नशे में था। किशोर को शुरू में किशोर न्याय बोर्ड ने जमानत दे दी थी और उसे सड़क दुर्घटनाओं पर एक निबंध लिखने के लिए भी कहा था।